सूर्योदय 7:02 सूर्यास्त 5:24

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.8 न्यू | 12.2 अधि |
| धर्मशाला | 4.9 न्यू | 18.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81709.12 |
| निफ्टी | 24677.80 |
| सोना 77,620 | चांदी 95,623 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




गुकेश ने 11वीं बाजी जीतकर बनाई बढ़त

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 9 दिसंबर 2024 | 24 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 353, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# किसानों ने फिर टाला दिल्ली कूच, शंभू बॉर्डर से वापस लौटे

## सुरक्षाकर्मियों ने दागे आंसू गैस के गोले, अब बैठक कर बनाएंगे रणनीति

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**शंभू** बॉर्डर पर 101 किसानों के जत्थे ने रविवार को शंभू विरोध स्थल से दिल्ली के लिए कूच किया, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बॉर्डर पर रोक दिया। दिल्ली कूच पर अड़े किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे गए, जिससे कई किसान घायल हो गए। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा।

प्रदर्शनकारी किसानों ने दिल्ली की ओर अपना पैदल मार्च स्थगित कर दिया। पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि कम से आठ किसान घायल हो गए और उनमें से एक को चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआई) ले जाया गया है।

उन्होंने कहा कि हमने जत्थे (101 किसानों का समूह) को वापस बुला लिया है। पंधेर ने कहा कि किसान अपने मंचों संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की सोमवार को बैठक के बाद अपनी अगली कार्रवाई का फैसला करेंगे। जत्थे ने दोपहर में किसानों के शंभू धरना स्थल से अपना पैदल मार्च फिर शुरू किया, लेकिन हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों की ओर से लगाई बहुस्तरीय बैरिकेडिंग के कारण उन्हें रुकना पड़ा। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए मार्च कर रहे थे, लेकिन कुछ मीटर की दूरी पर ही उन्हें रोक दिया गया।



**8 किसानों के घायल होने पर वापस लौटने का फैसला लिया**

### हरियाणा को क्या आपत्ति है : तेजवीर

**किसान** नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि जब किसान शांतिपूर्वक पैदल जा रहे थे, तो उन्हें आगे बढ़ने से क्यों रोका गया। हरियाणा को इसमें क्या आपत्ति है? पहले केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने किसानों के ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों के साथ दिल्ली जाने पर आपत्ति जताई थी, लेकिन अब जब वे पैदल मार्च कर रहे हैं, तब क्या मसला है। इससे पहले हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा था कि मीडियाकर्मियों की सुरक्षा के लिए उन्हें प्रदर्शन स्थल से कुछ दूरी पर रोका जाए, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी आसानी होगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री गिरफ्तार



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले अभियोजकों ने पिछले हफ्ते मार्शल लॉ लगाने के राष्ट्रपति यून सुक-योल के फैसले में उनकी भूमिका की जांच की। यून के इस फैसले से दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई। राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने का प्रयास और विरोध-प्रदर्शन शामिल हैं। यून के राजनीतिक विरोधियों के आरोपों की जांच शुरू करने के बाद किम गिरफ्तार होने वाले पहले व्यक्ति हैं।

### महाकुंभ में 13,000 ट्रेनें चलाएगा रेलवे : अश्वनी



**प्रयागराज।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को महाकुंभ 2025 के लिए रेलवे की तैयारियों का जायजा लिया। वाराणसी से रेल मार्ग से प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे 3,000 विशेष और 10,000 नियमित ट्रेनों सहित करीब 13,000 ट्रेनें चलाएगा और करीब डेढ़ से दो करोड़ यात्रियों को ट्रेन यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के तहत प्रयागराज में स्थित विभिन्न स्टेशनों व गंगा नदी पर बने नए पुल का निरीक्षण किया।

### महाराष्ट्र में 103 किसानों को वक्फ बोर्ड का नोटिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 103 किसानों को वक्फ बोर्ड का नोटिस भेजा है। किसानों ने शनिवार को आरोप लगाया था कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, करीब 300 एकड़ जमीन पर दावे का मामला महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रहा है। इस संबंध में बोर्ड ने लातूर के 103 किसानों को नोटिस भेजा है। मामलें में दो सुनवाई हो चुकी हैं। अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है। किसानों ने दावा किया है कि यह वक्फ की संपत्ति नहीं है, उनकी पुश्तैनी जमीन है। वे पीढ़ियों से इस पर खेती करते आ रहे हैं।

# मौसम ने बदली करवट, लाहौल कुल्लू की चोटियों पर बर्फबारी

- निचले क्षेत्रों में बूंदाबांदी तापमान में आई गिरावट
- लाहौल घाटी में फंसे पर्यटक सुरक्षित निकाले
- जिंगजिंगबार से अटल टनल तक कई वाहन स्किड होने से टकराए



लाहौल-स्पीति में सड़क पर गिरी बर्फ का नजारा।

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिले में रविवार को बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।

लाहौल-स्पीति में 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, कुंजुम दर्रे सहित कुल्लू जिले की ऊंचाई वाली चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है।

वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह से ही मनाली-लाहौल घाटी में बादल छा गए। दोपहर बाद रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में बर्फ के फाहे गिरने का दौरा शुरू हुआ। लाहौल के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरे। लाहौल में दारचा से आगे गए सभी पर्यटक बर्फ में फंस गए। लाहौल-स्पीति पुलिस ने मोर्चा संभाला और पर्यटकों को वापस भेजना शुरू किया। बर्फ गिरने से सड़क फिसलन भरी हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में पर्यटक किए रेस्क्यू

**जिंगजिंगबार** से अटल टनल तक पांच जगह वाहन स्किड हुए। कुछ वाहन एक-दूसरे से भी टकराए। दारचा सहित अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में पर्यटकों को रेस्क्यू किया। लाहौल घाटी में जगह-जगह फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू करने का अभियान देर शाम तक जारी रहा। 30 पर्यटकों को लाहौल के जिस्पा में ठहराया गया है। सिस्सू से सौ से अधिक पर्यटक वाहनों को रेस्क्यू कर मनाली भेजा गया है।

> **सभी** पर्यटकों का रेस्क्यू कर लिया है। अधिकतर पर्यटक लाहौल घाटी से मनाली भेज दिए हैं, जबकि कुछ एक पर्यटकों को सुरक्षित जिस्पा के होम स्टे में ठहराया गया है। पर्यटकों से आग्रह है कि मौसम के हालात देखकर ही सफर करें।
>
> **-मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति।**

### संभल हिंसा : दो और आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र)।** संभल जिले में जमा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की घटना में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। इस दौरान पुलिस की मोटरसाइकिल जला दी गई थी और पुलिस की पिस्टल की मैगजीन और कारतूस भी लूट लिए गए थे। इस मामले में अनस और मोहम्मद सूफियान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संभल में 19 नवंबर को कोर्ट के मुगल कालीन शाही जामा मस्जिद का सर्वे कराए जाने का आदेश दिए जाने के बाद 24 नवंबर को मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी।

# शिमला में नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** जिले के जुब्बल थाना क्षेत्र के तहत नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब युवती के गर्भवती होने का पता चला।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता 11वीं कक्षा की छात्रा है और नेपाली मूल की है। पीड़िता के पिता ने शिकायत में कहा कि 7 दिसंबर की शाम को जब घर आया तो देखा कि उसकी 15 वर्षीय बेटी दर्द से करहा रही थी। अस्पताल ले जाने पर पता चला कि वह पांच



महीने की गर्भवती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक पिछले एक साल से उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा है। आरोपी अभी 19 साल का है। पुलिस ने जुब्बल पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की है। रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सीरिया में तख्तापलट, असद परिवार का शासन खत्म

## देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति असद; विद्रोहियों का राजधानी दमिश्क पर कब्जा, लोगों ने मनाया जश्न

**एजेंसी, दमिश्क**

**सीरिया** में रविवार सुबह विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क में घुसकर तख्तापलट कर दिया। सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घूसने के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग गए। वहीं, सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत हो गया।

लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। लोगों ने राष्ट्रपति भवन में लूटपाट भी की। सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा



शामिल हैं। सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिन से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा कि वह देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम जलाली ने कहा कि वह देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे।

### अब तक 3.70 लाख लोग हुए विस्थापित

**संघर्ष** की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि, लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांग्रेस राज में विकास परमानेंटली बंद : सुरेश कश्यप -पेज 3
- धर्मपुर के डेढ़ दर्जन परिवार सड़क की सुविधा से महरूम -पेज 9
- राजस्थान के जयपुर से किया पहला आरोपी गिरफ्तार -पेज 10
- यातना देने के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव बरी -पेज 13
- अंडर-19 : एशियाई खिताब से चूकी भारतीय 'युवा ब्रिगेड' -पेज 14


# कठुआ के हीरागनर में दिखे चार संदिग्ध, सर्च ऑपरेशन चलाया



**अशोक ठाकुर, कठुआ**

**जम्मू**-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर में 3 से 4 संदिग्ध देखे जाने के बाद सेना के जवानों ने सर्च अभियान शुरू किया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना बताया कि हीरानगर सेक्टर के कई गांवों में पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की ओर से संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। हमें संदिग्ध लोगों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। इलाके में हवाई निगरानी भी की जा रही है। अभियान जारी है, लेकिन अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। (अनंत ज्ञान)

### चर्चा में आया 'आप' का नया पोस्टर

# 'केजरीवाल झुकेगा नहीं' : पुष्पा स्टाइल में झाड़ू लेकर दिखे अरविंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच में पोस्टर वार शुरू हो चुका है। एक तरफ भाजपा अपने पोस्टरों में दिल्ली सरकार के घोटलों को लेकर घेरने में लगी है, तो वहीं, आम आदमी पार्टी भी इसके पलटवार में पोस्टर जारी करने लगी है।




इस बार आम आदमी पार्टी का पुष्पा फिल्म वाला पोस्टर चर्चा में है, जिसमें अरविंद केजरीवाल को अभी हाल ही में रिलीज हुई मूवी पुष्पा के स्टाइल में खड़े हुए हैं। पोस्टर में केजरीवाल को हाथ में झाड़ू को पकड़े हुए दिखाया है। साथ ही लिखा है कि केजरीवाल झुकेगा नहीं, केजरीवाल का चार टर्म कमिंग सून भी लिखा है।

# पीएम मोदी आज करेंगे 'बीमा सखी योजना' लांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा यात्रा के दौरान 'बीमा सखी योजना' को लांच करेंगे। यह एलआईसी की एक पहल है। इस योजना को पानीपत में लांच किया जाएगा। 'बीमा सखी योजना' के जरिए 10वीं पास कर चुकी 18 से 70 वर्ष की आयु की महिलाओं के सशक्तीकरण को बल मिलेगा। इस योजना के तहत वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं।

# सीमा सुरक्षा के लिए एंटी-ड्रोन यूनिट बनाएगा भारत: शाह

## बोले- बॉर्डर की चिंता हमें नहीं, हमारे जवान निपट लेंगे


**एजेंसी, जोधपुर**

**गृहमंत्री** अमित शाह ने कहा कि भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जल्द व्यापक ड्रोन रोधी इकाई बनाएगा, क्योंकि आने वाले दिनों में मानव रहित हवाई वाहनों का खतरा गंभीर होने वाला है। शाह ने कहा कि लेजर युक्त ड्रोन रोधी गन-माउंटेड तंत्र के शुरुआती परिणाम उत्साहजनक रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने रविवार को जोधपुर में आयोजित सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना पर कहा कि हमें बॉर्डर पर चिंता नहीं है, हमारे जवान दुश्मनों से निपट लेंगे। 140



करोड़ भारतीयों के दिलों में अजेय भारत का विश्वास जगाने का श्रेय इन्हें जाता है। शाह ने कहा कि भारत हमेशा अजेय है और अजेय ही रहेगा। इसे कोई पराजय नहीं कर सकता। सीमा को और मजबूत बनाने के लिए और संवेदनशील क्षेत्र के निगरानी के लिए व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली लेकर हम आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें असम के धुबरी (भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा) में नदी सीमा पर स्थापित सीआईबीएमएस के प्रभावशाली परिणाम देखने को मिल रहे हैं, लेकिन कुछ सुधार की जरूरत है। उत्तरी सीमाओं पर बसी आबादी के विकास और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' को देश के सभी सीमावर्ती गांवों के लिए लागू किया जाएगा।




## न्यूज ब्रीफ

### 4 केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी से खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा मीडिया संयोजक एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश के लिए 4 केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी दी है। यह हिमाचल प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। इस सौगात को लेकर हिमाचल प्रदेश में खुशी की लहर है। प्रदेश के रीड़ी कुठेड़ा जसवां प्रागपुर विधानसभा, जिला कांगड़ा, अपर भंजाल गगरेट विधानसभा व नंदपुर चिंतपूर्णी ऊना में भारत सरकार ने केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी दे दी है और इसके अतिरिक्त मंडी जिले के थुनाग में एक और केंद्रीय विद्यालय को मंजूरी मिली है। इन केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी से हमारे छात्रों को उनके घर के समीप केंद्रीय विद्यालय में पढ़कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार होगा। रणधीर ने कहा कि केंद्र सरकार के असीम सहयोग हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में नलेटी, नादौन, घुमारवीं, बंगाणा, सलोह, धर्मपुर व संधोल को लेकर हमीरपुर में कुल 6 केंद्रीय विद्यालय पहले ही हो चुके हैं। इसी साल फरवरी महीने में प्रधानमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा के नादौन और स्लोह में दो केंद्रीय विद्यालयों के भवनों की सौगात दी थी जिनमें पांच पांच सौ बच्चे पढ़ सकेंगे। ये 85 नए केंद्रीय विद्यलाय देश के 19 राज्यों में खोले जाएंगे। नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से इनमें 82 हजार से अधिक छात्रों को शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही पांच हजार से अधिक लोगों को शिक्षक सहित दूसरे पदों पर नौकरी मिलेगी।

### वरदान साबित होगी एचपी शिवा परियोजना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कृषि-बागवानी प्रधान राज्य हिमाचल प्रदेश ने उच्च तकनीक को अपनाकर किसानों-बागवानों की आजीविका के साधन एवं उनकी आय में बढ़ोतरी करने में सफलता हासिल की है। आज प्रदेश के किसानों द्वारा उत्पादित फल, फूल, सब्जियों तथा उच्च मूल्य की नकदी फसलों का प्रदेश की आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना प्रदेश के किसानों और बागवानों के लिए एक वरदान साबित होगी, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जनवरी 2023 से दिसंबर 2028 तक एचपी शिवा मुख्य परियोजना एशियन विकास बैंक के संसाधनों के साथ कुल लागत 1292 करोड़ रुपये के साथ अनुमोदित की गई है। परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश के सात जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन, एवं ऊना के 28 विकास खंडों में 6000 हेक्टेयर क्षेत्रफल को बागवानी के तहत लाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे 15 हजार से अधिक बागवान परिवार लाभान्वित होंगे। परियोजना में अभी तक कुल 122 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं तथा इसमें से 106 करोड़ रुपए की अदायगी एशियन विकास बैंक द्वारा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 114 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3,687 बागवानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बागवानी क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। बागवानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

### लोअर बाजार में तहबाजारियों का सामान जब्त

**शिमला।** राजधानी के लोअर बाजार से अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम की टीम ने रविवार को बाजार का निरीक्षण कर अवैध तरीके से बैठे तहबाजारियों पर कार्रवाई की। संडे मार्कीट लगाने के लिए लोअर बाजार में काफी संख्या में बाहरी क्षेत्रों से तहबाजारी शिमला पहुंचते हैं। लोअर बाजार में संडे को जगह-जगह पर तहबाजारी सड़कों पर अपनी दुकान लगाकर बैठे रहे। इस दौरान नगर निगम ने मॉकड्रिल भी की। इसके लिए सीटीओ से शेरे-ए-पंजाब तक फायर ब्रिगेड को निकलने में 9 मिनट से ज्यादा का समय लग गया, हालांकि निगम की टीम ने सड़क को पहले खाली करवा दिया था, लेकिन तहबाजारियों के अतिक्रमण के चलते 2 से 3 जगहों पर फायर ब्रिगेड फंसी। इस दौरान सड़कों पर अतिक्रमण करने पर नगर निगम की टीम ने 5 तहबाजारियों का सामान जब्त कर कार्रवाई की तथा चेतावनी दी कि तहबाजारी नियमों को दरकिनार कर सड़कों पर दुकानें सजा रहे हैं। मॉकड्रिल खत्म होने के बाद लोअर बाजार में हालात पहले जैसे ही हो गए। दुकानदारों व तहबाजारियों ने सड़कों पर अपना सामान लगाना शुरू कर दिया। तहबाजारी इंस्पैक्टर ज्योति प्रकाश की अगुवाई में निरीक्षण किया गया। इस दौरान तहबाजारियों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

### 20 बच्चों ने उत्तीर्ण की कलर बेल्ट परीक्षा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** व्यास ज्योति कराटे बिलासपुर के सौजन्य से कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय बिलासपुर में किया गया। इसमें लगभग 20 बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा गोजू रियू कराटे डू सौफ इंडिया के प्रशिक्षक व परीक्षक मनोज पटियाल ने ली। इसमें बच्चों की शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, अनुशासन व कराटे में आत्मरक्षा के अलग अलग कलाओं की तकनीकों को मुख्य रूप से परखा गया। अकादमी की कोच अनन्या पटियाल ने परीक्षा में अपनी मुख्य भूमिका निभाई। परीक्षा में अद्विक इलियाना, अनाया, कोमल, श्रेणीका, विहान, कनिष्क, अरशव, रुद्राक्ष, अथर्व, रुद्राक्ष, उर्वी, श्रुति ने येलो बेल्ट, मृगांक, आराध्या व आर्य ने ऑरेंज बेल्ट, आर्यन व हनी ने ग्रीन बेल्ट की परिक्षा पास की। मनोज पटियाल ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी जरूर भाग लेना चाहिए, जिससे कि उनका मानसिक व शारीरिक विकास व आत्मविश्वास बना रहे तथा नशे व अन्य कई तरह की बुरी संगति से भी दूर रहे। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक व अन्य गणमान्य व्यक्ति डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. स्वाति ठाकुर, डॉ. प्रशांत, एक्साइज इंस्पेक्टर हंस राज वर्मा, एडवोकेट अंकू गौतम, अंशुल पंवर, विपिन सह्नमार, कंचन, वाशु देव शर्मा तथा शशि ठाकुर उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी बिलासपुर ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी बिलासपुर जिला की बैठक चांदपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में नवनियुक्त हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक कुलवंत राणा मौजूद रहे। बैठक में हमीरपुर लोकसभा के प्रदेश अध्यक्ष राज ठाकुर और प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपने विचार साझा किए। जिला बिलासपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार और उनके साथ जिला सचिव आशीष गौतम भी शामिल रहे व आगामी पार्टी की रणनीतियों पर अपने विचार रखे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार पर चर्चा करना और जिले में संगठन की स्थिति की समीक्षा करना था।

# चीफ जस्टिस एकादश को हराकर गवर्नर एकादश ने जीता सद्भावना क्रिकेट कप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**32 रनों से जीता खिताबी मुकाबला**

**99 रनों की नाबाद पारी विवेक भाटिया ने खेली**

हिम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोशिएसन द्वारा बीसीएस शिमला में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित सद्भावना क्रिकेट कप के फाइनल में गवर्नर एकादश ने चीफ जस्टिस एकादश को 32 रनों से हराकर खिताब जीता।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गवर्नर एकादश ने 20 ओवर में दो विकेट पर 232 रन बनाए। विवेक भाटिया ( नाबाद 99 रन) ने शानदार पारी खेली जबकि आबिद हुसैन ने 82 रनों का योगदान दिया। चीफ जस्टिस एकादश की ओर से सुभाष रतन और विकास भारद्वाज ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चीफ जस्टिस एकादश की टीम 20 ओवर में 200 रन ही बना सकी। चीफ जस्टिस एकादश के लिए राकेश चैहान ने सर्वाधिक 86 रन बनाए, जबकि सौरभ रतन ने 43, पंकज नेगी ने 22 और अनुज बाली ने 18 रन बनाए। विवेक भाटिया और आबिद हुसैन सादिक को संयुक्त रूप से 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया।



गवर्नर एकादश की टीम को विजयी ट्रॉफी प्रदान करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सीएम सुक्खू ने किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिलाड़ियों को सम्मानित

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज के 'प्लेयर ऑफ द मैच' विवेक भाटिया तथा पिछले कल गवर्नर एवं प्रेस के बीच खेले गए मैच के 'प्लेयर ऑफ द मैच' आबिद हुसैन सादिक तथा चीफ जस्टिस एकादश एवं सीएम एकादश के बीच खेले गए 'प्लेयर ऑफ द मैच' विकास को सम्मानित किया।

# बारिश व बर्फबारी न होने से शुष्क ठंड से लोग बेहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में बारिश व बर्फबारी न होने से शुष्क ठंड से लोगों के हाल बेहाल हो गए है। रविवार को राजधानी शिमला सहित अन्य कुछ जिलों में दिनभर बादल छाएं रहे। बता दें कि पहाड़ों से लेकर मैदानों तक भयंकर सर्दी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे गिर गया है। हिमाचल के उच्च पर्वतीय इलाकों में रात का तापमान माइनस में बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौल-स्पीति, किन्नौर और शिमला जिलों में न्यूनतम तापमान माइनस में रिकार्ड किया गया। शिमला शहर का पारा इस सीजन में पहली बार 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया।

लाहौल-स्पीति के ताबो में शनिवार की रात सीजन की सबसे सर्द रात रही, जहां पारा-13.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी जिला के कुकुमसेरी में-6.9 डिग्री, किन्नौर के रिकांगपिओ में 1 डिग्री और शिमला के नारकंडा में-0.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। एक दर्जन शहरों का पारा शून्य व इसके करीब पहुंच गया है। भुंतर व सियोबाग में शून्य डिग्री, बजुआरा में 0.1 डिग्री, मनाली में 0.2 डिग्री कुफरी में 0.4 डिग्री, सोलन व बरठीं में 0.5 डिग्री, भरमौर में 0.8 डिग्री, ऊना में 1 डिग्री, सुंदरनगर में 1.9 डिग्री, हमीरपुर में 2.1 डिग्री, शिमला में 2.8 डिग्री, बिलासपुर में 3.1 डिग्री, मंडी में 3.2 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 3.8 डिग्री, कांगड़ा में 4.5 डिग्री और धर्मशाला में 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे रिकार्ड हुआ। मौसम विभाग द्वारा 9 दिसंबर यानी आज को भी बारिश व बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

10 दिसंबर को मध्यपर्वतीय व उच्च पर्वतीय इलाकों में मौसम खराब रहेगा, जबकि मैदानी भागों में मौसम साफ रहेगा। 11 से 14 दिसंबर तक पूरे राज्य में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। विभाग ने 10 व 11 दिसंबर को मंडी और बिलासपुर जिलों के मैदानी इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी है। बारिश-बर्फबारी से तापमान में और ज्यादा गिरावट आने से सर्दी का असर तेज होगा।

## 15 दिन में 52,231 वाहनों की जांच की और 1,840 उल्लंघन किए दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

डॉ. अतुल वर्मा, आईपीएस के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने ओवरलोडिंग और यातायात उल्लंघनों के खिलाफ 15-दिवसीय विशेष अभियान 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाया गया। इस दौरान 52,231 वाहनों की जांच की गई और 1,840 उल्लंघन दर्ज किए गए। वहीं 4,90,500 का जुर्माना वसूला गया। उल्लंघनों में ओवरलोडिंग, असुरक्षित परिवहन और अवैध प्रथाएं शामिल है।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में जीआरपी शिमला यात्री ओवरलोडिंग के 325 चालान, कांगड़ा व्यावसायिक वाहनों में ओवरलोडिंग के 132 चालान, ऊना मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन के 31 मामलों का पता लगाने में हिमाचल पुलिस अग्रणी रही है। इसके अलावा बिना बीमा 34 मामले, ओवरलोडिंग 173 मामले, सामग्री के 92 मामले, यात्री ओवरलोडिंग 1,490 मामले, मालवाहक वाहनों में यात्री 85 मामले और जुर्माना 4.9 लाख लगाया गया।

डॉ. अतुल वर्मा आईपीएस ने राजकीय रेलवे पुलिस थाना शिमला, रुकांगड़ा, रुऊना और रुमंडी की टीमों को 15-दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई। 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश पुलिस ने ओवरलोडिंग और असुरक्षित परिवहन के खिलाफ सफल अभियान चलाया।

## स्कूलों में खाली प्रधानाचार्य के पदों को भरे सरकार : लोकेंद्र

**दशमी रावत, रोहड़ू**



**हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर्स एसो. जिला शिमला ने की बैठक**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन जिला की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा रोहडू में जिला अध्यक्ष अजय नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी, ऑल इंडिया टीचर फेडरेशन आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार राजेंद्र खशिया को बैठक में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। राजेंद्र खशिया ने संगठन के महत्व पर अपना वक्तव्य रखा संगठन का होना कितना जरूरी और इस पर अपने विचार रखें।

उन्होंने कहा कि संगठन के बिना कोई भी काडर अपनी आवाज को सरकार तक नहीं पहुंचा सकता है। प्रवक्ता संघ के अस्तित्व 1986 से आज तक के संघर्षों को उन्होंने प्रवक्ताओं के सामने रखा। राज्य अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी ने पिछले वर्षों में संगठन की उपलब्धियों, सरकार व उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में प्रवक्ता संघ के मामलों के संदर्भ में बात रखी।

जिला अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि उनका संगठन सरकार द्वारा शिक्षा के सुधार के सभी निर्णयों का स्वागत किया है। प्रवक्ताओं की मांगों को भी पूरा करें जिसमें प्रधानाचार्य पद के लिए प्रवक्ता कोटे में संख्या बल के आधार पर 95 फीसदी वृद्धि करके स्कूलों में खाली चल रहे प्रधानाचार्य के पदों को तुरंत भरे।

यूजीसी के मापदंड पूरा करने वाले प्रवक्ताओं को जिन्होंने नेट , सेट,पीएचडी की है उन्हें कॉलेज काडर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दे दी जाए। भौगोलिक दृष्टि को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के बच्चों के भविष्य को देखते हुए जहां पर विद्यार्थियों की संख्या कम है वहां पर सरकार स्कूलों को बंद न करें, जहां ज्यादा ही आवश्यक हो वहीं पर सरकार बंद करें। प्रदेश के दूरदराज क्षेत्र में एसएमसी पर नियुक्त सभी शिक्षकों को रेगुलर करें।

### मुख्यमंत्री ने विद्या स्टोक्स से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्या स्टोक्स से उनके 98वें जन्मदिन के अवसर पर भेंट कर जन्म दिवस की शुभ कामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना भी की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, सुदर्शन बबलू एवं विनोद सुल्तानपुरी भी उपस्थित थे।

# सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक : जम्वाल

## सदर मंडल भाजपा ने आज होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सदर मंडल भाजपा ने सुक्खू सरकार के खिलाफ 9 दिसंबर को प्रस्तावित जन आक्रोश रैली के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। रविवार को शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित भाजपा कार्यालय में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने मेन मार्केट में सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले विरोध-प्रदर्शन के लिए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही रैली के सफल आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई।

समीक्षा बैठक में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से निराशाजनक रहा है। इस अवधि में बिलासपुर जिला में विकास का ऐसा एक भी काम नहीं हुआ है, जिसे इसी सरकार ने शुरू करके पूरा भी किया हो। उसने केवल भाजपा कार्यकाल में शुरू हुए कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करके झूठा श्रेय बटोरने का प्रयास किया है। इसके अलावा इस सरकार की उपलब्धि यह है कि उसने भाजपा सरकार के समय जनहित में खोले गए कई संस्थान बंद कर दिए।

इनमें कोठीपुरा में एम्स के मद्देनजर खोला गया जल शक्ति विभाग का डिविजन ऑफिस और हरलोग उप तहसील भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री एक-दो बार बिलासपुर जरूर आए, लेकिन इस जिला को कोई तोहफा देने के बजाए गोबिंदसागर में क्रूज और स्पीड बोट की सैर का लुत्फ उठाकर तथा नयनादेवी मंदिर न्यास से करोड़ों रुपए लेकर चले गए। ऐसे में पता नहीं बिलासपुर में 11 दिसंबर को सरकार किस उपलब्धि का जश्न मनाना चाहती है।



भाजपा की कल होने वाले जन आक्रोश रैली की तैयारियां करते विधायक व कार्यकर्ता।

### बिलासपुर में कानून व्यवस्था चरमराई

**त्रिलोक** जम्वाल ने कहा कि बिलासपुर में कानून व्यवस्था भी बुरी तरह से चरमरा गई है। दो वर्षों में चार एसपी बदल दिए गए। चिट्टा माफिया पर नकेल कसने के लिए कड़े कदम उठा रही एसआईयू टीम भी बदल दी गई। यह टीम कांग्रेस के पूर्व विधायक की सिफारिश पर बदली गई है। इससे पूर्व विधायक द्वारा नशा माफिया के खिलाफ बयानबाजी करने के ढोंग की पोल भी खुल गई है। वह प्रदेश के ऐसे पहले नेता हैं, जिन्होंने अपने बेटे के माध्यम से एक शूटर को सुपारी देकर बिलासपुर में गोलीकांड जैसी घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बेटे को बचाने के लिए कई हथकंडे अपनाए, लेकिन भाजपा के दबाव के चलते उसे दो माह तक जेल में रहना पड़ा। आलम यह है कि लोगों को पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुचारु तरीके से नहीं मिल पा रही हैं।

## थुराण-ज्वार-धराड़सानी सड़क लोगों को समर्पित



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत थुराण-ज्वार, समलेटा से धराड़सानी सड़क लोगों को रविवार को समर्पित कर दी गई। इस सड़क के शुरू होने के उपलक्ष्य पर डमली पंचायत के गांव समलेटा में आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान विवेक कुमार ने कहा कि इस सड़क पर करीब चार करोड़ की राशि खर्च हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सडक़ सुविधा न होने के चलते कई समस्याएं झेलनी पड़ती थी, लेकिन अब लोगों को सड़क सुविधा मिली है। विवेक कुमार ने कहा कि इस सडक़ का कुछ कार्य शेष भी बचा हुआ है। इस पर करीब 50 लाख की राशि खर्च होगी। इस कार्य को भी जून माह तक पूरा कर दिया जाएगा। ताकि जनता को और अधिक लाभ मिल सके।

इस सड़क के शुरू होने के चलते डमली पंचायत, बडोलदेवी पंचायत सहित अन्य गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। करीब एक दर्जन से अधिक गांव के लोग अब सड़क सुविधा से जुड़े हैं। विवेक ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्य करवाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों को प्रदेश सरकार के 11 दिसंबर के बिलासपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी निमंत्रण दिया। साथ ही आग्रह किया कि लोग इस जश्न कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में रतन लाल, पूर्व प्रधान बैहनाजट्टां श्यामलाल, नेगी शर्मा, देवराज, राजकुमार, सीताराम, रतन लाल, कुलदीप, जसवंत सिंह, सुनीता, चमन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुरुष हैंडबॉल टीम के लिए 47 ने दिया ट्रायल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** केरल में 26 से 29 दिसंबर तक हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में पुरुष वर्ग की वरिष्ठ राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की हेढोक कमेटी के तत्वावधान में रविवार को कहलूर खेल परिसर में स्थित हैंडबॉल मैदान में पुरुष वर्ग राष्ट्रीय टीम का चयन किया गया। हैंडबॉल कोच चंदन सिंह ठाकुर ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में 47 खिलाड़ियों ने अपने चयन प्रक्रिया में टीम में शामिल होने के लिए खूब पसीना बहाया। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से हैंडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## ऊंचाइयों को छूने के लिए सकारात्मक सोच होना जरूरी : अमरनाथ धीमान



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**सरस्वती विद्या मंदिर कपाहड़ा में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह**

सरस्वती विद्या मंदिर कपाहड़ा में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ शांति सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कोटधार नलवाड़ मेला के संस्थापक व भाजपा नेता अमरनाथ धीमान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पंचायत उपप्रधान विनय शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में जिला सहशैक्षिक प्रमुख सुनील शर्मा उपस्थित रहे। समारोह मे मुख्यातिथि ने शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों के मेधावी बच्चों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल मुख्याध्यापक प्रदीप शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच से ही ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है नकारात्मक सोच हमेशा नीचे की ओर ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर जीवन में आने वाली मुसीबत का सामना करते हुए अपने लक्ष्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से न करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की संगत पर जरूर नजर रखें। माता-पिता व बच्चों के अध्यापक बच्चों के सच्चे हितैसी हैं। उन्होंने बच्चों से मैत्री पूर्वक व्यवहार करने का आह्वान किया। धीमान ने अपनी ओर से 5100 रुपए की राशि भेंट की। प्रधानाचार्य ने सभी का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार प्रकट किया।

**समारोह** शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिक पारितोषिक उत्सव

# कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने नवाजे होनहार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए पूर्ण प्रयास करें। जीवन मे कई कठिनाइयां आती हैं, लेकिन कठिनाइयों का सामना वही करते हैं, जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटे होते हैं। यह बात संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं में दूसरे दिन आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने द्वीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या डॉक्टर शिल्पा गोयल ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्यातिथि ने शिक्षा, कला, संगीत, विज्ञान खेलों व साहित्य आदि में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, बच्चों ने सांस्कृतिक, देशभक्ति और हिंदी पंजाबी तथा पहाड़ी भाषा में कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भोरंज एसडीएम शशि पाल शर्मा, डीएसपी सरकाघाट संजीव शर्मा, प्रेसिडेंट ऑफ कूडो एसोसिएशन अजय कुमार, प्रेसिडेंट ऑफ कूडो एसोसिएशन बिलासपुर सतीश कुमार पंचायत प्रधान बाड़ी मझेडवां पंकज, पंचायत प्रधान सुदेश कुमार, डॉक्टर हर्षा एनएम शिवा बीएएमएस कॉलेज एंड हॉस्पिटल डायरेक्टर कम प्रिंसिपल प्रधानाचार्या शिव शक्ति कान्वेंट स्कूल निर्मला देवी व स्कूल प्रबंधक निदेशक इंजिनियर पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव मधु शर्मा कार्यकारी निर्देशक आयुष शर्मा और कुमारी अदिति मौजूद रहे।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए शिवा इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन व शिक्षक।



# प्रदेश के लोग पूछ रहे, कांग्रेस सरकार किस बात का जश्न मना रही : जयराम

## अपनी गाड़ी में बैठाकर खनन माफिया को कार्यालय क्यों लाते हैं मुख्यमंत्री

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन कांग्रेस के लोगों के दिमाग में सत्ता चढ़ गई है और इसका खमियाजा पूरा प्रदेश उठा रहा है। यह बात उन्होंने रविवार को कुल्लू के ढालपुर में कही। सुक्खू सरकार के नाकामियों के 2 साल के कार्यकाल पर आयोजित किए जा रहे जश्न के विरोध में रविवार को कुल्लू में आक्रोश रैली का आयोजन किया गया।



इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल में सरकार और सरकार के सहयोगी भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। उआपदा के दौरान प्रदेश भर के क्रशर बंद कर दिए गए और सिर्फ अपने मित्रों के ही क्रेशर चलने दिए। उन्हीं क्रशर से पूरे प्रदेश को सप्लाई हुई और करोड़ों रुपए के वारे-न्यारे हुए। जब आपदा के समय पूरे प्रदेश में भवन निर्माण सामग्री की सख्त आवश्यकता थी, उस समय सरकार के इस निर्णय की वजह से प्रदेश के लोगों को भवन निर्माण की सभी चीज 5-5 गुना महंगे दामों पर खरीदनी पड़ी। लोगों ने शिकायत की और जांच हुई तो मामले से जुड़े लोग पकड़े गए। पकड़े गए खनन माफिया के साथ मुख्यमंत्री की वीडियो भी खूब वायरल हुई। खनन माफिया को मुख्यमंत्री अपनी गाड़ी में बैठाकर मुख्यमंत्री कार्यालय लाते हैं। आज प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री खनन माफिया को अपनी गाड़ी में बैठाकर क्यों घुमाते हैं?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार 2 साल के कार्यकाल के पूरे होने का जश्न मनाने जा रही है और उस जश्न में करोड़ों रुपए खर्च करने की योजना बना रही है, लेकिन प्रदेश के लोग सरकार से पूछ रहे हैं कि वह किस बात का जश्न मना रही है? क्या सरकार हिमाचल ऑन सेल का जश्न मना रही है?

क्या लोन लेने की लिमिट खत्म करने का जश्न मना रही है। प्रदेश की देश भर में किरकिरी करवाने का जश्न मना रही हैं? क्या बिजली, पानी राशन सब महंगा करने का जश्न मना रही है? लोगों को इलाज के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर करने का जश्न बना रही है? क्या डेढ़ लाख नौकरियां समाप्त करने का जश्न मना रही है? (अनंत ज्ञान)

### भ्रष्टाचार का बोलबाला

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश भर में हर जगह मुख्यमंत्री के मित्रों के द्वारा प्रायोजित भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रदेश सरकार ने आपदा से त्रस्त लोगों को राहत पहुंचाने में भी हद दर्जे का भ्रष्टाचार किया है। लोगों से आपदा के नाम पर चंदा वसूलने से लेकर आपदा राहत बांटने के नाम पर दर्जे का भ्रष्टाचार एवं पक्षपात हुआ। प्रभावित परिवारों को पहुंचाने के बजाय प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई गई।

### लोकसभा चुनाव में सुक्खू सरकार को जनता ने दिया जवाब

प्रदेश के लोगों ने लोकसभा के चुनाव में सुक्खू सरकार की नाकामियों को लेकर अपना मत जाहिर कर दिया है। सरकार की इसी नाकामी के कारण प्रदेश के लोगों ने हिमाचल प्रदेश की 68 में से 61 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस हराया। हारने वालों में मुख्यमंत्री सुखविंदद्र सिंह सुक्खू समेत कई बड़े मंत्री और सीपीएस के हलके भी शामिल हैं। आने वाले वक्त में कांग्रेस के नेताओं मंत्रियों और विधायकों को और भी बुरे दिन देखने हैं।

## भारतीय पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी महासंघ दो दिन करेगा हड़ताल

**शिमला।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के हजारों अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी महासंघ ने 26 और 27 दिसंबर को दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। हड़ताल का उद्देश्य कार्य-जीवन संतुलन, स्टाफ की कमी और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), अनुलाभ पर टैक्स, संगठनों के बीच भेदभाव खत्म करवाना आदि नीतियों से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने पीएनबी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर इन मुद्दों के बारे में बार-बार किए गए संवाद को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है।

## जाहू में उपतहसील कार्यालय से दो कंप्यूटर-प्रिंटर चोरी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल में जाहू उपतहसील के उद्घाटन से एक दिन पहले ही चोरी होने का मामला सामने आया है।



जाहू उपतहसील के कार्यालय में दो कंप्यूटर और दो प्रिंटर लगाए गए थे, परंतु शनिवार रात को उपतहसील के कार्यालय से दो कंप्यूटर और दो प्रिंटर चोरी हो गए। चोरी का मामला जाहू पुलिस चौकी में दर्ज कर लिया गया है। जाहू उपतहसील का लोकार्पण भोरंज विधायक सुरेश कुमार के द्वारा सोमवार को करना है परंतु इससे पहले ही जाहू उपतहसील के कार्यालय में चोरी होने से दहशत का माहौल बन गया है। शनिवार को अधिकारियों के द्वारा कार्यालय में कंप्यूटर और प्रिंटर लगाए गए थे और शनिवार रात को ही चोरी हो गए इस बात की हर जगह चर्चा हो रही है।

एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया जाहू उपतहसील कार्यालय से दो कंप्यूटर और प्रिंटर की चोरी होने का मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ली जा रही है, अतिशीघ्रचोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# भाजपा के अब 74 से बढ़कर 171 संगठनात्मक मंडल होंगे : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि जैसे कि विदित है हिमाचल प्रदेश में चुनाव अधिकारी के रूप में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज कार्य कर रहे हैं और एक डिलिमिटेशन समिति का गठन किया गया था, जिसके अंतर्गत प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कूपर की अध्यक्षता में यह कार्य संपन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि केंद्र नेतृत्व की स्वीकृति के उपरांत भाजपा हिमाचल प्रदेश के 171 संगठनात्मक मंडल बन गए है, पहले इन मंडलों की संख्या 74 थी।

बिंदल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा के 17 संगठनात्मक जिले हैं जिसके अंतर्गत यह 171 संगठनात्मक मंडल कार्य करेंगे। जिला चंबा में पूर्व में 6 मंडल थे अब कुल 16 मंडल होंगे।



नूरपुर में पहले 4 मंडल थे अब 12 मंडल होने जिनके नाम सदवां, भडवार, जसूर, गंगथ, इंदौरा, डमटाल, राजा का तालाब, फतेहपुर, रे, ज्वाली, कोटला और नगरोटा सुरियां होंगे। जिला देहरा में पहले 3 मंडल थे अब कुल 6 मंडल होंगे जिसका नाम हरिपुर, ढलियारा, जसवां, प्रागपुर, ज्वालामुखी और खुंड़ियां होगा।

जिला पामलपुर में पहले 4 मंडल अब 10 मंडल होंगे, जिसका नाम पंचरुखी, जयसिंहपुर, आलमपुर, सुलह, थुरल, भवारना, पालमपुर ग्रामीण, पालमपुर शहरी, बैजनाथ अप्पर और बैजनाथ लोअर होगा। जिला कांगड़ा में पहले 4 मंडल थे, अब 9 मंडल होने जिनका नाम नगरोटा वगवां, बड़ोह, बज्रेश्वरी, जयंती, धारकंडी मंडल, शाहपुर मंडल, लदवाडा, धर्मशाला शहरी और धर्मशाला ग्रामीण होगा। जिला लाहौल स्पीति में 3 मंडलों को ही रखा गया। जिला कुल्लू में पहले 4 थे अब 12 मंडल होंगे। सुंदरनगर में पहले 5 मंडल थे अब 13 मंडल होंगे। मंडी जिला में पहले 5 थे अब 13 मंडल होंगे। जिला हमीरपुर में पहले 5 मंडल थे अब 10 मंडल होंगे जिसका नाम समीरपुर, भोरंज खास, सुजानपुर टीहरा, बमसन (टोनी देवी), हमीरपुर शहरी, हमीरपुर ग्रामीण, धतवाल (बिझड़ी), बड़सर, नादौन और गलोड़ होगा। जिला ऊना में पहले 5 मंडल थे अब 10 मंडल होंगे। जिला बिलासपुर में पहले 5 मंडल थे अब 8 मंडल होंगे। जिला सोलन में पहले 5 मंडल थे अब 13 मंडल होंगे।

जिला सिरमौर में पहले 5 थे अब 12 होंगे। जिला महसू के पहले 5 मंडल थे अब 13 मंडल होंगे । जिला शिमला में पहले 3 मंडल थे अब 6 मंडल होंगे ।

जिला किन्नौर में पहले 3 मंडल थे अब 5 होंगे जिसका नाम पुह, मुरंग, कल्पा, सांगला और निचार होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस रचना से संगठन को बड़ा बाल प्राप्त होगा।

## असली राजकीय अध्यापक संघ मान सिंह चंदेल व वीआर राही गुट : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ मान सिंह चंदेल गुट के राज्य प्रबंधन सदस्य प्रवीण शर्मा ने जारी बयान में कहा कि हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ को सर्वप्रथम मान्यता मान सिंह चंदेल व वीआर राही ने दिलवाई थी। अध्यापक संघ हिमाचल सरकार द्वारा प्रपत्र संख्या ईडीएन-एच( ।।।)5-5-10-01- 1983 में देश हित ,छात्र हित तथा शिक्षक हित के लिए बना था।




प्रवीण शर्मा ने कहा कि अध्यापकों व छात्रों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए मान सिंह चंदेल, वीआर राही, केडी शर्मा, बलवीर ठाकुर, सुभाष पठानियां व अन्य ने कार्य किया था। वीआर राही 7 बार प्रदेशाध्यक्ष रहे, वहीं मान सिंह चंदेल तीन बार प्रदेशाध्यक्ष बने। साथ ही एसएस रांटा व सुभाष पठानियां भी प्रदेश के अध्यक्ष रहे है। परंतु इस समय हिमाचल प्रदेश में अध्यापक संघ की चार शाखाएं है और यह पता करना कठिन है कि कौन असली है और कौन नकली है। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त पंजीकृत संख्या हमारे पास है और हम दावा करते हैं कि असली राजकीय अध्यापक संघ मान सिंह चंदेल व वीआर राही गुट है।

परन्तु यदि कुछ संघ इसी पंजीकृत संख्या का प्रयोग कर रहे हैं तो हाई कोर्ट में इसके लिए याचिका दायर करनी पड़ेगी। साथ ही संघ कार्यकारणी ने कहा कि 2016 से नए वेतनमान का एरियर आठ साल बाद भी नहीं मिला है, मात्र 50 हजार ही दिया गया है जोकि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के साथ अन्याय है। प्रबंधन सदस्य प्रवीण शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कार्यकारणी जल्द पुरानी सदस्यता को रद्द कर चुनाव करवाए ताकि संघ के बर्चस्व की रक्षा हो सकें।




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# अंग्रेजों ने किया बहादुरी को सलाम, सरकारें भूल गईं नाम

## विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित वीर कैप्टन भंडारी राम के परिवार ने लगाया अनदेखी का आरोप







'हिमाचल प्रदेश के वीर सपूतों की बहादुरी के किस्से न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। 'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज की इस कड़ी में आज हम एक ऐसी शख्सियत की बात करने जा रहे हैं, जिनकी बहादुरी की तारीफ ब्रिटिश सरकार भी करती थी, लेकिन अफसोस इस बात का है कि प्रदेश की सरकारें आज उनके नाम तक को भी भूल गई हैं। उनके परिवार ने वीर की बहादुरी की अनदेखी का आरोप लगाया है।



नीरज शर्मा
घुमारवीं

जी हां, यह शख्स कोई और नहीं, बल्कि बिलासपुर जिले के औहर गांव से संबंध रखने वाले विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित वीर कैप्टन भंडारी राम थे। उनका जन्म 24 जुलाई, 1919 को परगणा गुगेड़ा में हुआ था, जो उस समय बिलासपुर रियासत के अधीन था। वीर भंडारी राम 10वीं बलूच रेजिमेंट ब्रिटिश इंडियन आर्मी में सिपाही थे जो कि 24 जुलाई 1941 में सेना में भर्ती हुए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के नायक वीर कैप्टन भंडारी राम को उनके अदम्य साहस के लिए ब्रिटिश सरकार ने 8 फरवरी 1945 को विक्टोरिया क्रॉस मेडल से सम्मानित किया था।

1 सितंबर 1939 से 2 सितंबर 1945 तक छह साल चले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कैप्टन भंडारी राम ने जापानी सेना के विरुद्ध बर्मा कैंपेन में अद्भुत साहस का परिचय दिया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा गया था। 22 नवंबर 1944 को पूर्वी मऊ, अराकन में जापान सेना के आक्रमण के दौरान एक बंकर को जीतना था। वीर भंडारी राम एक टुकड़ी के हिस्सा थे। उनकी पलटन को ढलान पर चढ़ने के साथ संकीर्ण नदी किनारे के रास्ते से चलकर वहां पहुंचना था। जब वह चोटी से करीब 50 गज दूरी पर पहुंचे तो जापानी सेना ने भारी मशीन गन से फायरिंग शुरू कर दी। इसमें तीन जवान भी जखमी हो गए। वीर भंडारी राम को भी कंधे और टांग में चोट लगी थी। वहीं, युद्ध के समय गोली लगने के बावजूद वीर भंडारी राम रेंगते हुए मशीन गन तक पहुंचे। दुश्मन करीब पंद्रह गज दूर उनके सामने थे। दुश्मन सैनिकों ने उन पर ग्रेनेड फेंके, जिससे उनकी छाती और चेहरे पर गहरी चोटें आईं। खून से लथपथ वीर भंडारी राम ने ग्रेनेड फेंका और तीन सैनिकों को मार गिराया। उनसे प्रभावित होकर उनकी पलटन आगे बढ़ी और अपनी पोजीशन ली। आजादी के बाद भी वह भारतीय सेना में सेवाएं देते रहे और सन् 1969 में कैप्टन पद से रिटायर हुए। विक्टोरिया क्रॉस सम्मान के साथ ही परम विशिष्ट सेवा मेडल से भी कैप्टन भंडारी राम को सम्मानित किया गया था, जिसके बाद 19 मई 2002 को 82 वर्ष की आयु में वीर भंडारी राम ने बिलासपुर के औहर स्थित आवास स्थान पर अंतिम सांस ली।



### विदेश में लगे हैं स्टेच्यू, गृह जिले में नहीं : सुरेश कुमार नड्डा



**स्वर्गीय** वीर भंडारी राम के पुत्र सुरेश कुमार नड्डा का कहना है कि द्वितीय विश्व युद्ध के नायक के रूप में पहचान रखने वाले उनके पिता स्वर्गीय वीर भंडारी राम को ब्रिटिश सरकार ने विक्टोरिया क्रॉस मेडल से सम्मानित करने के साथ ही देश-विदेश में उनके स्टेच्यू लगाए गए हैं, लेकिन आज तक उनके गृह जिला बिलासपुर में एक भी स्टेच्यू देखने को नहीं मिला। उनका कहना है कि स्वर्गीय वीर भंडारी राम की बहादुरी के किस्से व उनका इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंच सके, इसके लिए उनका एक स्टैच्यू लगाया जाए जहां उनका बहादुरी का किस्सा अंकित हो। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में उनकी जीवनी प्रकाशित की जाए।

### पिता जी के नाम नहीं हुआ स्कूल : सतीश नड्डा



**स्वर्गीय** वीर भंडारी राम के दूसरे पुत्र सतीश नड्डा का कहना है कि उनके पिता के निधन के बाद औहर स्थित सरकारी स्कूल का नाम उनके नाम पर रखने का सरकार का वादा भी समय की धारा के साथ धूमिल होता चला गया। यह केवल वादों तक ही सिमट कर रह गया। औहर स्थित सरकारी स्कूल का नाम उनके नाम पर रखा जाए ताकि द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर भारतीय सेना में रहते हुए दी गई उनकी सेवाओं व बहादुरी के प्रति सरकार द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हो सके।

# कांग्रेस राज में विकास परमानेंटली बंद : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन/सोलन**

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा टूरिजम के ऐसे होटल जोकि मुनाफे में चल रहे थे उनको बेचने की तैयारी चल रही है, इस प्रकार की न्यूज देखने को मिलती है उससे बड़ा दुख होता है, कहां देव भूमि हिमाचल आज इस प्रकार के घाटों से कांग्रेस सरकार के इन दो वर्षों में प्रदेश को एक दशक को पिछे धकेल दिया है और मुख्यमंत्री के ऊपर तो बड़ी हसी आती है जब जनता पूछती है तो वह कहते है उनको निर्णियों का कोई ध्यान नहीं है, मुख्यमंत्री अपनी बात से मुकर जाते थे कि मुझे तो जानकारी नहीं है। टॉयलेट टैक्स के बारे में भी ऐसा ही कह रहे थे कि हमारे भूलने वाले मुख्यमंत्री जी।



उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस पार्टी ने नेताओं प्रदेश की भोली-भाली जनता को 10-10 गारंटीया दी थी, अब कहते हैं हमने तो 5 गारंटीया पूरी कर दी। यहां पर जिला सिरमौर की प्रबुद्ध जनता, माता, बहनें बैठी है। हम आपसे पूछना चाहते है कि महिलाओं के खातों पर पैसे आया क्या? युवाओं को नौकरी मिली क्या? किसानों से गोबर खरीदी क्या?

इस सरकार के राज में कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचर प्रदेश को इस कॉंग्रेस की सुक्खू सरकार जो कहती थी सुख की सरकार व्यवस्था परिवर्तर के लिए आई है।

पर जब से सत्ता में आए है दो साल में कोई भी विकास का काम नहीं हुआ, हमारी भाजपा सरकार ने हिमाचल में जो भी काम किए थे उनको इस सरकार ने परमानेंट बंद कर दिए। हमने सिरमौर नहान राजगढ़ में जो दिलाया जैसे बीडीओ दफ्तर, कांग्रेस ने संगडा का इलेक्ट्रिसिडी का डिविजन बंद कर दिया, राजगढ़ का इलेक्ट्रिसिडी का डिविजन बंद कर दिया और अनेकों दफ्तर बंद कर दिए।

इस कांग्रेस सरकार ने एक नए पैसे का काम शुरू नहीं किया, जो काम थे वो ठप हो गए।

### इंदु गोस्वामी के प्रश्न पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बताया

# देश में 157 नए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी को संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया की जिला/रेफेरल अस्पतालों को नए मैडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए शुरू की गई केंद्रीय परियोजित योजना के अंतर्गत देश में 157 नए मैडिकल कॉलेज स्वीकृत किए गए हैं, जिसमे से 131 मैडिकल कॉलेज कार्यरत हो गए हैं।



उन्होंने बताया की राज्य सरकारों/केंद्रीय सरकारों के कार्यरत मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस/पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए केंद्रीय प्रयोजित योजना के अंतर्गत 83 मैडिकल कॉलेजों में 4977 एमबीबीएस सीटों के लिए 5972.20 करोड़ रुपए राशि खर्च की गई है जबकि पहले चरण में 72 मैडिकल कॉलेजों में 4058 पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए केंद्रीय प्रयोजित योजना के अंतर्गत 1498.43 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं जबकि दूसरे चरण में 65 मैडिकल कॉलेजों में 4000 पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए केंद्रीय प्रयोजित योजना के अंतर्गत 4478.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

उन्होंने राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी को संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया की प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत राजकीय मैडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के निर्माण की 75 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिसमें से 69 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया की नए एम्स कॉलेज स्थापित करने की केंद्र सैक्टर की योजना के अंतर्गत 22 नए एम्स स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 19 एम्स कॉलेजों में अंडरग्रेजुएट कोर्सेज शुरू कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया की मैडिकल कॉलेजों में टीचिंग फैकल्टी की कमी को पूरा करने के लिए डीएनबी शिक्षा को मान्यता प्रदान की गई है जबकि मैडिकल कॉलेजों में अपॉइंटमेंट/एक्सटेंशन/री एम्प्लॉयमेंट की आयु सीमा बढ़ा कर 70 साल कर दी गई है। पिछले पांच सालों में मैडिकल कॉलेजों की संख्या 539 से बढ़ कर इस वर्ष 780 हो गई है जबकि इसी अवधि में एमबीबीएस सीटों की संख्या 80,312 से बढ़ कर 1,18,137 हो गई है जबकि पीजी सीटों की संख्या 44,928 से बढ़ कर 73,157 हो गई है।

**मंदिर ट्रस्ट** | कैंटीन खोलने के लिए ट्रस्ट ने रखे हैं मापदंड, उसी के आधार पर दी जाएगी रेंट पर

# सैंपल फेल होने वाली कैंटीन के लिए निविदा 12 को

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

मंदिर ट्रस्ट बाबा बालक नाथ द्वारा संचालित कैंटीन में रोट प्रसाद का सैंपल फेल होने के बाद इस कैंटीन को बंद कर दिया गया है और अब इस कैंटीन के रेंट लीज करने की तैयारी है। इस कैंटीन नंबर-1 की रेंट बिड 12 दिसंबर को खोली जाएगी। रेंट डीड के लिए रखे गए मापदंड 9 प्वाइंट पर आधारित है। ऐसी चर्चा है कि यह मापदंड ट्रस्ट ने किसी अपने चहेते को लाभ देने के लिए रखे हैं।



फाइनल बिड की अहमियत को नजरअंदाज करने व अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए अनावश्यक तौर पर ऐसी कंडीशन रखी गई है कि जिन कंडीशनों के चलते लोकल बोलीदाता बाहर हो सकते हैं। यही कैंटीन ट्रस्ट ने करीब 30 सालों तक चलाई। कैंटीन चलाने के जो नियम कभी ट्रस्ट ने फॉलो नहीं किए अब नियमों को किरायेदार पर लादने की शर्तें रखी गई हैं। मसलन किरायेदार के पास कैंटीन चलाने के लिए जीएसटी नंबर होना जरूरी है। जबकि 30 सालों में कैंटीन चलाने के दौरान इस कैंटीन को चलाने के लिए ट्रस्ट के पास कोई जीएसटी नंबर नहीं था।

इसी तरह फूड सेफ्टी लाइसेंस की अनिवार्यता रखी गई है। बोलीदाता को हिंदू धर्म से संबंधित प्रमाण पत्र देने की शर्त रखी गई है। इसके अलावा भी कई शर्तें ऐसी हैं जिनका कैंटीन को किराये पर देने से कोई संबंध नहीं है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या यह शर्तें किसी चहेते को लाभ देने के लिए रखी गई हैं। सवाल यह भी है कि मंदिर का मालिक बना सरकारी तंत्र ने जिन शर्तों को कैंटीन चलाने के लिए खुद फॉलो नहीं किया तो उन शर्तों को किरायेदार पर लादने का मकसद क्या है। इसके अलावा ट्रस्ट ने एक कैंटीन, 1-2 करोड़ की लागत से खरीदा गया होटल के साथ करीब 10 से ज्यादा दुकानें किराये पर दी हैं। क्या उनके लिए भी यह नियम फॉलो किए गए हैं, ट्रस्ट को बताना होगा। सवाल यह भी उठ रहा है कि फूड सेफ्टी विभाग किसी भी फूड प्रोडक्शन यूनिट के निरीक्षण के बाद ही फूड सेफ्टी लाइसेंस जारी करता है। ऐसे में हर बोलीदाता को फूड सेफ्टी विभाग क्यों निरीक्षण से पहले लाइसेंस जारी करेगा।

इसी तरह जिस बोलीदाता को कैंटीन मिलेगी वह बिना कारोबार के एडवांस में जीएसटी नंबर क्यों और कैसे लेगा। इस संदर्भ में जब ट्रस्ट के चेयरमैन एवं एसडीएम बड़सर से बात हुई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में आप मंदिर अधिकारी से बात करें।

जब मंदिर अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में अस्सिटेंट फाइनेंस कंट्रोलर से बात करें और असिस्टेंट कंट्रोलर ने बताया कि इस बारे में वह संबंधित विभागों से बात करने के बाद कुछ बताएंगें। यह सारे तर्क व बातें यह बताने के लिए काफी हैं कि रेंट डीड के दस्तावेज बनाने के बाद उच्चाधिकारियों के पास रेंट डीड स्वीकृति के लिए पहुंची। शर्तों को किसी ने पढ़ने की जरूरत ही नहीं समझी और बोली दाताओं पर ऐसी शर्तें लाद दी गई जिसमें चेहतों को लाभ पहुंच सके। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

> कैंटीन के किराये की शर्तें निर्धारित करने के लिए ट्रस्ट विधान मंडल की बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई है। किराये की शर्तें अपने आप में विरोधाभासी हैं।
> **पवन कालिया,**
> **ट्रस्टी, मंदिर ट्रस्ट दियोटसिद्ध।**

> रेंट डीड में अनावश्यक शर्तें क्यों रखी हैं, इस पर मंदिर कार्यालय से जवाब लिया जाएगा।
> **अमरजीत सिंह,**
> **डीसी हमीरपुर एवं मंदिर ट्रस्ट कमिश्नर दियोटसिद्ध।**

## न्यूज ब्रीफ

### धार क्षेत्र की ऋषिका बनी डेंटल डॉक्टर



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के धार क्षेत्र के मझेड़ा गांव की रहने वाली ऋषिका डोगरा ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मेडिकल ऑफिसर (डेंटल) के पद के लिए आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर माता पिता व धार क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ऋषिका ने अपनी स्कूली शिक्षा डीएवी सेंचेनरी पब्लिक स्कूल मंडी से पूरी की और 2023 में हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर से बीडीएस की पढ़ाई पूरी की। पिछले दिनों ही ऋषिका की नियुक्ति सिविल अस्पताल थुरल में हुई है। ऋषिका के पिता श देश राज डोगरा एलआईसी से प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनकी माता संजना डोगरा गृहिणी हैं। ऋषिका ने बताया कि उनके स्वर्गवासी दादा-दादी का सपना था कि वो डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करें। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे इलाके में खुशी की लहर है। ऋषिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, लगन और माता-पिता, चाचा-चाची, गुरुजनों और अन्य परिवारजनों को दिया।

### गांव स्तर पर बैठकें करेगी राजपूत सभा



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजपूत सभा फतेहपुर की बैठक रविवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रधान जगदेव पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें हिमकोफैड डायरेक्टर रघुवीर पठानिया विशेष उपस्थित रहे। बैठक बारे जानकारी देते हुए सभा प्रधान जगदेव पठानिया ने कहा बैठक दौरान सभा की सदस्यता बढ़ाने के लिए जल्द ही गांव स्तर पर बैठके करने का निर्णय लिया गया। वहीं, आने वाले 18 दिसंबर को सभा का स्थापना दिवस मनाने की चर्चा की जानी थी, लेकिन बीते दिनों सभा के एक सदस्य रविंद्र बिंदी व सभा के ही दूसरे सदस्य प्रीतम ठाकुर के पुत्र का आकस्मित निधन हो जाने कारण स्थापना दिवस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। दोनों दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए श्रदांजद्धि दी गई। इस मौके पर सभा सचिव बलजीत राणा, कोषाध्यक्ष जोगिंदर गुलेरिया, डॉक्टर भूरी सिंह, सभा पूर्व प्रधान नरेंद्र मनकोटिया, कर्म सिंह, बलराज गुलेरिया,जगदेव सिंह, करनैल सिंह, बलदेव सिंह राणा,सुजान सिंह, राय सिंह, प्रदीप ठाकुर, अमित ठाकुर, मोहिंदर सिंह, बलजीत चंबियाल, चरनजीत, अजय जम्वाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गुरु के चरणों में बसता है संसार : डोगरा



**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। यहां आई हुई संगत को महात्मा तिलक राज डोगरा ने अमृत वर्षा करते हुए कहा कि जो इंसान गुरु के चरणों में नमस्तक हो जाता है या सब कुछ न्यौछावर कर देता है, तो सद्गुरु उसकी झोलियां भरने में कोई कमी नहीं छोड़ता। तिलकराज ने कहा कि सद्गुरु हमेशा यही कहते हैं कि हम एक ही परमात्मा से उत्पन्न हुए हैं तो फिर कोई कारण नहीं रह जाता कि हम आपस में लड़ें। यही बात अक्सर सत्संग में भी सुनते हैं कि हर भाषा हर देश के मानव अपने ही तो सारे हैं, सारे मानव अपने ही हैं, हम उनसे कोई भेदभाव न करें तभी हम संसार में खूबसूरती से विचरण कर सकेंगे। जब हम सिर्फ अपने जीवन को सुधारेंगे फिर यह पूरा संसार ही सुधर जाएगा। यह शुरुआत हमें अपने आप से ही करनी है और दूसरों से भेदभाव नहीं करना है। हम संसार में रह रहे हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम खुद को इस रास्ते पर चलाएं, जिसे सही मायने में जीना कहते हैं।

# पठानकोट–जोगिंद्रनगर रेलमार्ग को जल्द किया जाएगा ब्रॉडगेज : भारद्वाज

## लोकसभा सांसद ने कहा, रेल मंत्री से हो चुकी है बात, जल्द शुरू होगा काम

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



सांसद राजीव भारद्वाज ने केसीसी बैंक के डायरेक्टर कुलविंदर राणा की बेटी के विवाह समारोह में की शिरकत।

कांगड़ा–चंबा लोकसभा से भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने केसीसी बैंक के डायरेक्टर कुलविंदर राणा और सीमा राणा की बेटी अंकिता राणा के विवाह में शामिल होकर नवदंपती को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर राजीव भारद्वाज ने कहा कि रेल मंत्री से उनकी बातचीत हो गई है और जल्द ही पठानकोट–जोगिंद्रनगर रेलमार्ग को ब्रॉडगेज करने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा–चंबा की जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन देकर लोकसभा में भेजा है इसलिए वह जनता की आवाज को लोकसभा में उठाते रहेंगे। इस दौरान राजीव भारद्वाज का पूर्व में मंत्री रहे और वर्तमान में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के पैतृक गांव चौबिन में कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। सांसद का स्वागत करने के लिए 100 वर्षीय लज्जा देवी भी विशेष रूप से आई हुई थीं। राजीव भारद्वाज ने कहा कि लज्जा देवी का यह चित्र प्रधानमंत्री के नमो ऐप में लोड कर दिया जाएगा।

इस मौके पर कांगड़ा–चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज ने बछल महिला मंडल को चार लाख रुपए की धनराशि देने की भी घोषणा की। इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी साई फूड्स के मालिक राजेश शर्मा कुलतार राणा बलवंत राणा होशियार सिंह राणा सुदेश राणा भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष टीरू राणा आदि भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सरकार के दो साल के जश्न में झूठ व नाकामियों का प्रदर्शन : रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



रविंद्र धीमान
पूर्व विधायक

विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने अपने जारी बयान में कहा है कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में प्रदेश को आर्थिक और प्रशासनिक संकट के कगार पर ला खड़ा किया है। जनता के बीच झूठे दावे कर रही सरकार की वास्तविकता अब लोगों के सामने आ चुकी है। यह पहली ऐसी सरकार है, जो अपनी नाकामयाबियों का जश्न मनाने में व्यस्त है। जनहित के लिए सरकारी खजाना खाली होने की बात कहने वाली सरकार अब अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए 11 दिसंबर को जश्न मनाने जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को आदेश दिए हैं कि जश्न मनाने के लिए बिलासपुर चलें। इस जश्न का आधार क्या है। दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में समाज का हर वर्ग दुखी ही हुआ है। सेवानिवृत्त या कर्मचारियों की बात की जाए तो उन्हें वेतनमान, पेंशन कब मिलेगी इसका कोई पता नहीं हैं। महंगाई की मार ने लोगों की कमर तोड़ दी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि उनका व्यवहार तानाशाही है।

### विद्युत पेंशनर्स फोरम लंबागांव ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम इकाई लंबागांव की बैठक जयसिंहपुर के विश्राम गृह में अध्यक्ष तानी राम की अध्यक्षता में हुई। इसमें विद्युत बोर्ड के सेवानिवृत्त पेंशनरों के लंबित पड़े भुगतानों को अतिशीघ्र दिए जाने की मांग प्रबंधन व सरकार से मांग की। बैठक में जिलाध्यक्ष आरआर राणा ने 17 दिसंबर को हमीरपुर में आयोजित किए जाने वाले पेंशन डे में सभी पेंशनरों से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया व प्रदेश सरकार से शीघ्र ही ओपीएस को बहाल करने की मांग की, ताकि कर्मचारियों में पनप रहे रोष को कम किया जा सके।

# कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ की वादाखिलाफी : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**प्रदेश सरकार के दो साल के जश्न का विरोध करेगी भाजपा**

प्रदेश की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कुप्रबंधन की मार से प्रदेश का कोई भी वर्ग अछूता नहीं है कर्मचारी वर्ग सड़कों पर उतरने को मजबूर है। यह आरोप प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने रविवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कांग्रेस ने झूठी गारंटियों का जाल बिछाकर जनता को फंसाने में कामयाब रही, लेकिन दो वर्ष के कार्यकाल में ही जनता का सरकार से मोह भंग हो गया है।

कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार बिलासपुर में दो साल के कार्यकाल का जश्न मनाने जा रही है, लेकिन जिला कांगड़ा के लिए केंद्र की ओर से स्वीकृत केंद्रीय विश्वविद्यालय के 30 करोड़ रुपए जमा करवाने में सरकार नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीसीबी में वन टाइम सेटलमेंट के तहत चहेतों को खुश किया जा रहा है पिछले दो वर्ष में प्रदेश की सुक्खू सरकार 27 हजार 465 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है, यदि ऐसे ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं, जब हिमाचल एक लाख करोड़ रुपए का कर्जदार हो जाएगा। 5 साल में 5 लाख को रोजगार देने का वादा करने वाली प्रदेश सरकार ने इसके विपरीत 20 हजार आउटसोर्स कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बिलासपुर में महिलाओं को ठगने, फ्री बिजली बंद करने, प्रदेश को कर्ज में डुबोने का जश्न मनाने जा रही है। पिछले दो साल में सीमेंट के दाम 100 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं, जबकि सीमेंट उत्पादन हिमाचल में होता है और प्रदेशवासियों को यह सस्ता मिलना चाहिए था।

# जीजीडीएसडी के स्टूडेंट्स ने किया औद्योगिक भ्रमण

## आयुष हर्ब्स प्राइवेट लि. नगरोटा बगवां और हिमालयन ब्रू रायपुर टी एस्टेट का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर (पालमपुर)में इंफोसिस और एनआईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों ने औद्योगिक दौरा किया। विद्यार्थियों ने कांगड़ा के नगरोटा बगवां स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में आयुष हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड और पालमपुर के ठाकुरद्वारा में हिमालयन ब्रू रायपुर टी एस्टेट का दौरा किया और कंपनियों की कार्यप्रणाली और गतिविधियों को नजदीक से समझा और स्किल प्रोग्राम के तहत सिखाई जा रही गतिविधियों को व्यावहारिक रूप से जाना। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने इस दौरे की सराहना करते हुए कहा कि इस औद्योगिक दौरे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट कल्चर की कार्यप्रणाली से अवगत करवाना है। कक्षा के ज्ञान के साथ प्रैक्टिकल नॉलेज और उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करने में इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम की समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ. शिल्पी ने जानकारी दी कि ये दौरा इंफोसिस, एनआईआईटी और कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। इस स्किल प्रोग्राम में फिलहाल 57 विद्यार्थियों के दो बैच शामिल हैं, और जल्द ही दो और बैच शुरू होने वाले हैं। महाविद्यालय के बीबीए विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीता रानी और डॉ. ज्योति तथा बीकॉम विभाग के सहायक प्राध्यापक यशविंदर कुमार ने इस दौरे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने इस दौरे और कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि इससे उन्हें बहुत कुछ नया सीखने का अवसर मिला है।

# हेल्थ इज वेल्थ

# बीपी बढ़ना जितना खतरनाक कम होना भी उतना ही घातक

## सामान्य बीपी 120/80


## समस्या होने पर घबराएं नहीं करें ये घरेलू उपाय



**आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर खतरनाक माना जाता है लेकिन इसका कम होना भी खतरे से खाली नहीं होता। यदि आप को अक्सर कमजोरी महसूस होती है या चक्कर आता है तो संभल जाएं, क्योंकि यह लो ब्लड प्रेशर का संकेत हो सकता है। ब्लड प्रेशर का कम होना किसी भी वक्त हो सकता है। इसमें लोग बेहोश तक हो जाते हैं। लो बीपी होने पर ब्रेन हैमरेज तक का खतरा हो सकता है। ब्लड प्रेशर लो हो जाए और आप ऐसी सिचुएशन से गुजरने लगे तो परेशान होने की बजाय घरेलू उपाय अपनाएं, जो इस समस्या से आपको बाहर निकालने में मदद करेंगे।**

### बीपी मरीजों को सावधानी की जरूरत

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्दियों में बीपी हाई होना का खतरा रहता है पर कई बार ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। दरअसल, तापमान कम होने पर ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। जबकि गर्मियों में तापमान ज्यादा होने से खून की धमनियां फैलने लगती है और ब्लड प्रेशर लो होने लगता है। इसलिए बीपी के मरीजों को गर्मियों में खास सावधानी रखनी चाहिए। उन्हें रेगुलर तौर पर बीपी की मॉनिटरिंग करनी चाहिए।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### ब्लड प्रेशर लो होने का कारण

**डॉक्टर** बताते हैं कि ब्लड प्रेशर लो होने के कई और फैक्टर्स हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन और नमक कम खाने से भी बीपी लो हो सकता है। गर्मियों में ज्यादा पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होती रहती है, ऐसे में अगर पर्याप्त पानी न पिया जाए तो डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती हैं। इससे ब्लड प्रेशर गिर सकती है। इस मौसम में ज्यादा पसीना आने से शरीर में नमक कम होने लगता है जो ब्लड प्रेशर लो होने का कारण हो सकता है। क्योंकि नमक में बीपी मेंटेन रखने वाला सोडियम पाया जाता है, जिसकी कमी परेशानी बढ़ा सकता है.गर्मी के मौसम में ब्लड प्रेशर कितना होना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, एक वयस्क का नॉर्मल ब्लड प्रेशर 120/80 एमएम हाई होना चाहिए।

### बीपी लो हो जाए तो क्या करें

**बीपी** लो होने पर नमक पानी पिएं। सोडियम लो बीपी को बैलेंस करने में मदद करता है। शरीर में हाइड्रोजन लेवल से यह परेशानी दूर होती है। लो बीपी ठीक करना है तो एक कप स्ट्रॉन्ग कॉफी पी सकते हैं। यह कारगर घरेलू उपाय है. गरम दूध पीने से भी लो बीपी की समस्या दूर हो सकती है। अगर धमनियों में अचानक से ब्लड फ्लो बढ़ जाए तो आइसोमेट्रिक हैंड ग्रिप एक्सरसाइज से इसे कंट्रोल कर सकते हैं। हालांकि इसे करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**- प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन**





## सर्दियों में स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान

# आपको बीमारियों से बचाएंगी कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां

**बढ़ती** ठंड सेहत पर काफी असर डालती हैं, ऐसे में जरूरी है, सेहत पर खास ध्यान दिया जाएं, क्योंकि बदलते मौसम का असर सीधा सेहत पर पड़ता है। बढ़ती ठंड सर्दी-जुकाम या बुखार के रूप में खतरनाक हमला करती है। हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि इस मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। डॉ. डोगरा ने बताया के जितनी ज्यादा बार संभव हो अपने हाथ धोएं, ताकि कीटाणु पैर न पसार सकें। यही कीटाणु मौसम की बीमारियों को जन्म देकर तीव्रता से फैलाते हैं, तो हाथों से ही ज्यादा फैलते हैं। अत्यधकि तनाव लेने से बचें, क्योंकि यह आपके शरीर की बीमारियों और संक्रमण से लड़ने की क्षमता है उसमें बाधा उत्पन्न करता है।

रोजाना करीब आधा घंटा व्यायाम जरूर करें। इससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होगी और शरीर में गर्मी बनी रहेगी। जब कभी आप सर्दी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हों, तो ज्यादा से ज्यादा आराम करने की कोशिश करें। इसके साथ ही तरह पदार्थों का सेवन अधिक से अधिक करें।



डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा
अध्यक्ष , हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन

सर्दी और फ्लू वायरस की वजह से होते हैं, इसलिए इनमें एंटीबायटिक मदद नहीं करतीं। इस दौरान जरूरत से ज्यादा कसरत न करें। अमूमन सर्दी या फ्लू होने से पहले गला खराब हो जाता है। ऐसे में चाय, कॉफी या गुनगुना नींबू पानी व शहद का सेवन करने से आराम मिलता है। हर आधा घंटे में नमक डालकर गुनगुने पानी से गरारे करने से दर्द और बेचैनी से राहत मिलती है। साथ ही गले की खराश और सर्दी की अन्य समस्याओं में आराम मिलता है। डॉ. डोगरा ने सभी जन मानस से अपील की और बताया कि मौसम में सर्दी लगातार बढ़ रही है। दिन के समय हवा चलने से पारा लगातार गिर रहा है। ऐसे में हाइपरटेंशन के मरीजों को चिकित्सक अपनी सेहत को लेकर लापरवाही न बरतने की हिदायत दे रहे हैं। खासकर जो लोग दिल, बीपी और शुगर के पहले से ही मरीज हैं, उनकी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। सर्दी के मौसम में ब्लड सर्कुलेशन की समस्या पैदा होने से हार्ट अटैक का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि मौसम में गिरते तापमान के साथ मरीज जरूरी एहतियात के साथ एक्सपर्ट की बताई सलाह पर अमल करें। इस दौरान बरती गई जरा सी भी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। जिला अस्पताल से ऐसे मरीज सीधे ट्रॉमा सेंटर रेफर किए जा रहे हैं। सर्दी के मौसम में विशेषकर रात के वक्त ब्लड-प्रेशर में उतार-चढ़ाव के बाद तुरंत सावधान होने में ही समझदारी है।

# हर रोज खाएं अमरूद, कब्ज समेत कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा



**अमरूद में पौष्टिक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है, जो इस फल को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद बनाती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अमरूद आपकी गट हेल्थ (आंतों की सेहत) को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकता है। अगर आप सही तरीके से सही मात्रा में अमरूद का सेवन करते हैं, तो आपकी सेहत को दमदार बनाया जा सकता है। आइए अमरूद खाने के सही समय के बारे में भी जानकारी हासिल करते हैं।**

### कब खाना चाहिए अमरूद?

**सर्दियों** में दोपहर में अमरूद खाना ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आप हर रोज धूप में बैठकर अमरूद का सेवन कर सकते हैं। हर रोज एक अमरूद खाने से आपकी सेहत पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सर्दियों के मौसम में सुबह-सुबह या फिर रात में अमरूद खाने से बचना चाहिए वरना आपको सर्दी-जुकाम की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### आंतों के लिए फायदेमंद

**आपकी** जानकारी के लिए बता दें कि अमरूद में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ (आंतों की सेहत) के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। कब्ज की समस्या को अलविदा कहने के लिए आप अमरूद का सेवन कर सकते हैं। अगर आप एसिडिटी से राहत पाना चाहते हैं, तो भी अमरूद को अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए अमरूद का सेवन किया जा सकता है।

### सेहत के लिए वरदान

**विटामिन** ए, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अमरूद आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अमरूद खाकर आप अपने इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकते हैं। इसके अलावा अमरूद आपकी वेट लॉस जर्नी को भी काफी हद तक आसान बना सकता है। डायबिटीज पेशेंट्स के लिए भी इस फल को फायदेमंद माना जाता है।

*(नोटः यह आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)*

## न्यूज ब्रीफ

### तुहाड़ के समीप पलटी गाड़ी, चालक जख्मी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** क्षेत्र की पंचायत हटली के तुहारड़ में रविवार सुबह एक निजी गाड़ी अचानक पलट गई। इस कारण चालक को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो हटली निवासी एक व्यक्ति उक्त गाड़ी लेकर घर से कहीं जाने के लिए निकला था, जो कि घर से थोड़ी ही दूरी पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक को चोटें आई हैं।

### दैहन में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना ब्लॉक के दैहण में रोशन रैना के निज निवास पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 2 से 8 दिसंबर तक किया गया। इसमें दो तारीख को



कलशयात्रा निकाली गई। इस बीच लगातार सात दिन कथावाचक गुरु जी अनिल डोहरू अपनी मधुर वाणी से संगत पर अमृत वर्षा करते रहे। इस दौरान विपिन सिंह परमार सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक व उनकी पत्नी शर्मिला परमार, डॉ. निर्दोष गुप्ता उनकी धर्मपत्नी मीनाक्षी गुप्ता, कथा के सातवें दिन साई संगठन के लंज जोन के कोर्डिनेटर विनोद गुप्ता उनकी धर्मपत्नी सीमा गुप्ता व उनके साथ 35 श्रद्धालु आए।कथा के छठे दिन शनिवार शाम को 7 से 9:30 बजे तक मां की चौकी भी लगाई गई। कथा के अंतिम दिन यानी रविवार को सुबह हवन-यज्ञ किया गया।उसके बाद पूर्णाहुति दी गई। इस दौरान रोशन रैना ने सबके भले के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भजन मंडली ने अपने मधुर स्वरों से भजन सुनाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। दोपहर को लंगर भंडारे का भी प्रबंध था।

### कांग्रेस राज में विकास कार्य ठप : देशराज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर किस बात का जश्न मना रही है। इन दो वर्षों में सरकार ने ऐसा कौन सा काम कर दिया। जिसका ढिंडोरा पीटने के लिए प्रदेश सरकार को लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा ने मंत्री द्वारा जिला में विकास के दिए जा आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिला में कांग्रेस सरकार के समय विकास पर ग्रहण लग गया है। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने कहा है कि पूर्व सरकार के समय स्वीकृत योजनाओं को शुरू करवाने में भी मंत्री नाकाम रहे हैं। उदाहरण देते हुए कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली देहरा-कोट उठाऊ सिंचाई योजना दो वर्ष का लंबा अर्सा बीत जाने के बावजूद शुरू नहीं हो पा रही है। इसी प्रकार पूर्व भाजपा सरकार के समय एशियन डेवलेपमेंट बैंक से दियारा-लंजता पेयजल योजना के सुधारीकरण के लिए 8 करोड़ 26 लाख 93 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। यह योजना 16 अक्तूबर 2021 को स्वीकृत हुई थी तथा इसका टेंडर भी अवार्ड हो चुका हैए लेकिन अभी तक यह योजना अभी तक धरातल पर शुरू नहीं हो पाई है। देश राज शर्मा ने कहा है कि इसी प्रकार उठाऊ पेयजल योजना कोठी.पनयाला और औहर के सुधारीकरण के लिए 12 करोड़ 33लाख 95 हजार एशियन डेवेल्पमैंट बैंक से स्वीकृत हुए थे। इसकी स्वीकृति भी 16 अक्तूबर, 2022 को हुई थी तथा इसके टैंडर भी हो चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक संबंधित योजनाओं का काम शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार के शहरी विकस मंत्री ने अपने विभाग में लगे लोगों को बाहर कर दिया है।

# लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकारें गिराना भाजपा की सोच : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री बोले, केंद्र सरकार से नहीं मिली कोई आर्थिक मदद और बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कहा कि भाजपा की सोच लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को तोड़ने की रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा के समय में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार थी और मिशन रिपीट का नारा दिया था। बावजूद इसके राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी भाजपा चुनी हुई सरकार को अस्थायी करने के लिए बहुत से हथकंडे अपनाए गए, जिसमें नौ विधायकों को रिश्वत देकर तोड़ने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में घिनोना काम किया, जबकि राज्यस्थान व हिमाचल में भी हर प्रकार का ज़ोर लगाया। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की केंद्र सरकार सभी राज्यों को उचित बजट दिया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से



धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार।

भाजपा की केंद्र सरकार की ओर से आर्थिक मदद व उचित बजट प्रदान नहीं किया जा रहा है। केंद्र का रुख सभी राज्यों के लिए एक जैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया जा रहा है जिसे लेकर बिलासपुर में भव्य रैली की जाएगी, जिसमें कांग्रेस के नेता शामिल रहेंगे। पशुपालन मंत्री ने कहा कि आपदा में कांग्रेस सरकार ने 1400 करोड़ का बजट तैयार कर नुकसान की भरपाई के प्रयास किए।

चंद्र कुमार ने कहा कि ओपीएस को राज्य में शुरू करने के बाद केंद्र ने भी कोशिश की, लेकिन उसे लोगों ने नापंसद किया है। पात्र महिलाओं को 1500 रुपए देने की प्रक्रिया चल रही है, गाय के दूध को 40 व भैंस का 55 रुपए प्रतिलीटर, धर्मशाला ढगवार में दुग्ध प्लांट, 450 कमेटियां बनाकर हर परिवार से 10 लीटर दूध लेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय महाजन, संजीव गांधी, आरके अग्रवाल, विजयइंद्र कर्ण, राहुल व पुनीत मल्ली मौजूद रहे।

### 11 दिसंबर से 3 रुपए में खरीदेंगे गोबर खाद

**मंत्री** ने कहा कि 11 दिसबंर से गोबर की बजाय बनी हुई खाद को तीन रुपए प्रति किलो के हिसाब से लेंगे। इसके लिए कलेक्शन किए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 50 से 500 किलो के पैकेट बनाकर बागवानी व सेब फसल के लिए प्रदान करेंगे। एग्रो टूरिज्म को विकसित करने व बंद पड़ी खेती को दोबारा शुरू करने के प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग से आने वाले मेफिंग करके लैंड यूज पैटर्न को बदलने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें खेत के आकार व केप्सट्टी के हिसाब से खेतीबाड़ी की जाएगी उन्होंने कहा कि देहरादून के साथ टाइअप किया गया है, वहाँ पर ट्रेंनिग करवाई जाएगी।

### धर्मशाला में कल बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला के कार्यकारी सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 33/11 केवी सब-स्टेशन कालापुल तथा 11 केवी फीडर धर्मशाला के रख-रखाव के चलते

अनंत ज्ञान बिजली बंद

10 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉम्पलेक्स, नगर निगम कार्यालय, यात्री निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी ऑफिस, डीसी ऑफिस, डिपो बाजार, सिविल लाइन, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलीस लाइन, एकजोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, फॉरेंसिक लैब, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट, कोतवाली पेट्रोल पंप, गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चीलगाड़ी, मैक्लोडगंज बाजार, हेरू गांव, टिप्पा रोड, आकाशवाणी, डिग्री कॉलेज, बीएड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर के साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नई जोड़ी



सलापड़ की अंकाशा और कोलडैम के अंकित को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



चांबा (सुंदरनगर) की पूजा देवी और ढाबण के आशिष को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



हमीरपुर की गुंजन ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### पालमपुर में बनेगी दोमंजिला पार्किंग

**पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के राधा-कृष्ण मंदिर के पास बनने वाली दोमंजिला पार्किंग का काम अगले सप्ताह तक शुरू हो जाएगा। पूर्व में तीन बार रद्द हो चुके टेंडर की प्रक्रिया अब पूरी हो गई है। इससे पार्किंग का रास्ता साफ हो गया है। यह पार्किंग राधा-कृष्ण मंदिर के पास बनी पुरानी पार्किंग का विस्तार कर बनाई जाएगी। इसमें 80 वाहन खड़े हो सकेंगे। इस पर करीब सवा करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अब तक पार्किंग की समस्या से जूझ रहे शहर पालमपुर के वासियों को समस्या से निजात दिलाने को यह नई पार्किंग बनाई जा रही है। यह पार्किंग राधा-कृष्ण मंदिर के पास बनी पुरानी पार्किंग को तोड़कर बनाई जाएगी।

# 850 शिक्षण संस्थानों को बनाया उत्कृष्टता केंद्र : बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने नवाजे माउंट कार्मेल स्कूल सनौरा के मेधावी विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, गगल**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 850 संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया है। रविवार को सनौरा में माउंट कार्मल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के 15 हजार पदों को भरने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। शिक्षकों के 3,200 पद बैचवाइज भरे गए हैं जबकि 2,800 से अधिक पद राज्य चयन आयोग



के माध्यम से भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में पीजीटी शिक्षकों के 700 पद और एनटीटी के 6200 पद भरने की मंजूरी दी है जिसकी भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। विद्यार्थियों को समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक सत्र के बीच शिक्षकों के तबादलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीधी भर्ती के अलावा पदोन्नति के माध्यम से भी हजारों पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए महज एक प्रतिशत की मामूली ब्याज दर पर 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का अपना चुनावी वादा भी पूरा किया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं।

स्कूल की चेयरमैन जेम्स मनुपुरम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा प्रिंसिपल सिस्टर एनिस ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आईजी अभिषेक दुल्लर तथा एसडीएम इशांत जसवाल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

# भाजपा ने बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

## धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में 18 दिसंबर को गरजेगी भारतीय जनता पार्टी


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रशासनिक जिला कांगड़ा भारतीय जनता पार्टी ने सर्किट हाउस धर्मशाला में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर की उपस्थिति में एक बैठक की। इस बैठक में प्रशासनिक जिला कांगड़ा भाजपा के नेता तीनों जिलों के प्रमुख नेता उपस्थित हुए।



बैठक में 18 दिसंबर को सुक्खू सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में सारी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पवन काजल, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, संजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, ज़िला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली, पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, पूर्व विधायक रीता धीमान, भाजपा प्रत्याशी संजय गुलेरिया, नूरपुर संगठनआत्मक जिला अध्यक्ष रमेश राणा व अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोतवाली में चहलकदमी



धर्मशाला। एक और जहां प्रदेश के ज्यादातर बाजार रविवार को बंद रहते हैं, तो वही धर्मशाला के कोतवाली में रविवार को भी चहल पहल रहती है। यहां लोग रात तक चहलकदमी करते नजर आते हैं, जबकि कचहरी समेत धर्मशाला के अन्य बाजार इस दिन बंद रहते हैं।

# अघंजर महादेव में 262 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शनिवार देर रात पुलिस ने चंबा के एक नशा तस्कर को 262 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार एसएचओ नारायण सिंह की अगुवाई में पुलिस पार्टी अघंजर महादेव क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थी। इस दौरान एक पैदल राहगीर को देख पुलिस को शक हुआ तो उसे रोका गया। शक होने पर पुलिस टीम ने जब इस व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से चरस की 262 ग्राम खेप बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी की पहचान हंस राज निवासी बनेगी डाकघर तरेला तहसील चुराह के रूप में हुई है। धर्मशाला में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा उससे पूछताछ जारी है।

# बाप ने ही बेटी को पानी में डुबोकर दिया था मार

## पठानकोट के जसवाली समीप यूबीडीसी नहर में गिरी कार मामले में हुआ बड़ा खुलासा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

पठानकोट के जसवाली समीप यूबीडीसी नहर में गिरी कार मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस हादसे में बाप ने ही बेटी को पानी में डुबोकर मारा था क्योंकि आरोपी ने जान-बूझकर कार नहर में फेंकी और खुद पानी से बाहर निकल आया। आरोपी पंजाब पुलिस में एएसआई था और अब आरोपी पर थाना सदर में धारा 302 तहत वृद्धि जेल भेज दिया है। यह घटना बीती 28 नवंबर सुबह की है। आरोपी एएसआई की पहचान जर्मनजीत सिंह निवासी बटाला जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक लड़की को पानी में डुबोकर मारना एएसआई की सोची-समझी साजिश लग रही थी। इसके बाद पुलिस ने संदेह होने पर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### विदेश जाने की तैयारी कर रही थी मृतका

**पुलिस** जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी की बेटी मृतका हरमनप्रीत कौर पठानकोट में अपनी मासी के घर रहती थी और आइलेट्स कर रही थी। साढे अठारां वर्ष की हो जाने के बाद अब वे विदेश जाना चाहती थी। लेकिन, हादसे के पहले कार में जब बाप-बेटी की किस बात को लेकर बहसबाजी हुई पुलिस उसका अभी तक पता नहीं लगा पाई। पुलिस ने आरोपी का एक दिन रिमांड भी लिया। यह भी पता चला है कि आरोपी हादसे के समय खुद कार से बाहर निकल आया था।

### 31 से पहले करवा लें ई-केवाईसी

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता करम चंद भारती और उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने अपने-अपने उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बिजली उपभोक्ताओं से 31 दिसंबर से पूर्व अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। बिजली बिलों में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेने के लिए सभी को अपने मीटर की केवाईसी करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता उनके कार्यालय में आकर भी केवाईसी करवा सकते हैं।

# सरना के पास दो पक्षों में खूनी झड़प

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

जिले के भोआ क्षेत्र में एक्साइज कांट्रेक्टरों और एक युवक के बीच झगड़ा होने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि एक्साइज कांट्रेक्टरों की बीच बाजार में गुंडागर्दी देखने को मिली है, जिससे दोनों पक्षों में एक-एक युवक घायल हो गया है। घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। जानकारी देते हुए एक पक्ष के घायल युवक के भाई ने बताया कि उसका भाई गाड़ी में तेल डलवाने के लिए घर से निकला था और



तभी किसी ने एक्साइज कांट्रेक्टरों को सूचना दे दी कि उक्त युवक अवैध शराब बेचने का धंधा करता है, जिसके बाद एक्साइज कांट्रेक्टर युवक को पुलिस स्टेशन ले गए। जब वहां से पुलिस को युवक से कुछ नहीं मिला तो एक्साइज कांट्रेक्टरों ने युवक से पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाइवे निकट सरना के पास मारपीट करनी शुरू कर दी है। इतने में पीड़ित युवक के दोस्त भी वहां पहुंच गए और उसके बाद दोनों पक्षों में खूनी झड़प हो गई। इसमें एक्साइज कांट्रेक्टर का भी एक शख्स घायल हो गया है। घायल युवकों का उपचार पठानकोट अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल की इमरजेंसी उपचार कर रहे डॉक्टर ने कहा कि दो पक्षों के लोग करवाने उपचार के लिए अस्पताल आए हैं और दोनों घायलों का उपचार चल रहा है।

# कांग्रेस किस बात का जश्न मना रही, समझ से परे : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल को आर्थिक व प्रशासनिक दृष्टि से पूरी तरह विफल बताया। गर्ग ने कहा कि झूठ बोलकर और जनता को गुमराह करके सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस किस बात का जश्न मना रही है, यह समझ से परे है। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश ने दो सालों में जनहित का कोई कार्य नहीं किया, उल्टा भाजपा सरकार के कार्यकाल में खोले गए सैंकड़ों संस्थान व कार्यलय बंद कर दिये। गर्ग ने कांग्रेस द्वारा चुनाव से पहले की गई 10 गारंटियों को झूठा वादा बताते हुए कहा कि आज दो साल बीतने के बावजूद एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली का वादा करके सेस लगा दिया गया। मुफ्त पानी का वादा कर उस पर चार्ज वसूला जा रहा है। हिमाचल की माताएं-बहनें अभी भी 1500 रुपये प्रति माह की प्रतीक्षा कर रही हैं। किसान 2 रुपये प्रति किलो गोबर और 100 रुपये प्रति लीटर दूध खरीदे जाने की गारंटी के इंतजार में हैं। युवा अब भी 5 लाख नौकरियों की आस लगाए बैठे हैं।



**जानकारी** मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत बिलासपुर में 88 युवाओं को 18 करोड़ का ऋण स्वीकृत

# सरकार के प्रयासों से खुले स्वरोजगार के द्वार: धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में जिला बिलासपुर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और औद्योगिक विकास में नई संभावनाएं पैदा करने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए हैं, ताकि जिला बिलासपुर के युवा आत्मनिर्भर बने और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 88 युवाओं और उद्यमियों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से 18 करोड़ 32 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके तहत प्रदेश सरकार ने 4 करोड़ 18 लाख की अनुदान राशि प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, 102 लाभार्थी इकाइयों को 1 करोड़ 4 लाख 50 हजार रुपए का 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान और बैंक क्रेडिट गारंटी फीस की प्रतिपूर्ति दी गई। इन योजनाओं के माध्यम से 250 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया गया। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से इससे ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत गत दो वर्षों में 58 परियोजनाओं के ऋण स्वीकृत हुए। इसके तहत 6 करोड़ 19 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, और 2 करोड़ 6 लाख की अनुदान राशि प्रदान की गई। इस योजना ने 145 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश औद्योगिक निवेश नीति 2019 के तहत जिला बिलासपुर में भी औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान, 2 उद्योगों के पक्ष में जिला स्तरीय समिति द्वारा 6 करोड़ 83 लाख रुपए का औद्योगिक प्रोत्साहन अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त एक उद्योग को 2 लाख 6 हजार रुपये की ब्याज अनुदान राशि प्रदान की गई। राजेश धर्माणी ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य राज्य में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देना, पूंजी निवेश बढ़ाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़**
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**हैंडपंप लगवाने हेतु कुटेशन निमंत्रण करने बारे**

**अध्यक्ष** महोदय जी ने पंचायत बैठक में यह प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़ के द्वारा हैंडपंप लगवाए जाएंगे, जो भी हैंडपंप लगवाने हेतु दिनांक 14/12/2024 तक ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़ में अपनी कुटेशन दे सकता है। कुटेशन दिनांक 15-12-2024 को पंचायत द्वारा बनाई गई कमेटी के सामने खोली जाएगी। कुटेशन के साथ निम्न दस्तावेज होने जरूरी हैं।

1. कुटेशन बंद लिफाफे में होनी चाहिए।
2. फर्म का जीएसटी नंबर होना चाहिए।

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़

## न्यूज ब्रीफ

### नेत्र रोग सोसायटी के सम्मेलन में 42 शोध पत्र प्रस्तुत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश नेत्र रोग सोसायटी का मध्यावधि सम्मेलन होटल हमीर में आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन हिमाचल प्रदेश नेत्र रोग सोसायटी की हमीरपुर इकाई द्वारा किया गया था। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ के सरकारी और निजी अस्पतालों सहित हिमाचल प्रदेश के 75 नेत्र सर्जनों ने भाग लिया। सम्मेलन में 42 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। एक सत्र स्नातकोत्तर छात्रों के लिए रखा गया था। स्नातकोत्तर छात्रों में आईजीएमसी की पीजी छात्रा डॉ. कुशा चौधरी को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया। दूसरा पुरस्कार आईजीएमसी शिमला की पीजी छात्रा डॉ. नवप्रीत कौर को दिया गया। प्रोफेसर डॉ. गुरसतिंदर सिंह को गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति पर अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### ग्राम रोजगार सेवकों की शीघ्र मांगें पूरी करे सरकार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम रोजगार सेवक संघ की कार्यकारिणी की बैठक जिला हमीरपुर में ललित पैलेस में राज्य अध्यक्ष मुनीश कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समस्त जिलों से ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारी समेत समस्त कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने 6 अक्तूबर को राज्य कार्यकारिणी के बनने के उपरांत जो भी कार्य किया है, इसके बारे में समस्त सदस्यों को बताया। बैठक में इसके अतिरिक्ति ग्राम रोजगार सेवकों को आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम रोजगार सेवकों की लंबित पड़ी मांगों जैसे ग्रामीण विकास विभाग में समायोजन करने बारे ओर जो दैनिक भोगी कर्मी जिन्होंने अपना 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें रेगुलर वेतनमान का लाभ न मिलना, फिक्स अमाउंट कर्मी का वेतन 6800 रुपए से बढ़ाने बारे चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से करुणामूलक नौकरी पर भी बात की गई और बैठक में मुख्य रूप से हमीरपुर से स्व. यशपाल की पत्नी मंजू देवी और कांगड़ा जिले से स्व. ओंकार सिंह की पत्नी रक्षा देवी भी समेत सात आठ लोग जिनकी अकस्मात मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्य भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष मुनीश कुमार समेत समस्त कार्यकारिणी की ओर से मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री अनिरुद्ध और विभाग के समस्त उच्चाधिकारियों से मांग की है कि ग्राम रोजगार सेवकों की जो भी मांग है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### बारीं मंदिर में आज होगी बिजली मीटरों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के अंतर्गत आने वाले गांव बारीं मंदिर, माहड़े, चाहड़ और अंबी के बिजली उपभोक्ता विद्युत मीटर संख्या को आधार से जोड़ने (ई केवाईसी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गांव बारीं मंदिर में 9 दिसंबर को विद्युत कर्मचारी ई केवाईसी करने आ रहे हैं। इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि गांव बारीं मंदिर के आंगन में 10 से 3 बजे तक पहुंच कर अपने विद्युत मीटर की ई केवाईसी करवाएं। इस दौरान आधार कार्ड और बिजली के बिल को साथ रखें, ताकि इस कार्य को समय पर किया जा सके।

### बिलासपुर रैली के लिए बूथ स्तर पर लगाई ड्यूटी



**नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक नादौन में संपन्न हुई, जिसमें कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरा होने पर बिलासपुर में आयोजित की जाने वाली विशाल रैली के संबंध में रणनीति बनाई, जो कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बुलाई गई है। बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद की अध्यक्षता में हुई । ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, प्रधान, सदस्य, सभी वरिष्ठ कांग्रेसी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई पदाधिकारी व सदस्य एवं कांग्रेस के सभी मोर्चा और विभागों की कार्यकारिणी ने बैठक में हिस्सा लिया। रैली को सफल बनाने के लिए सभी के सुझाव अपेक्षित हैं और जिम्मेदारियां दी गईं। नादौन शहरी कांग्रेस अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं की बूथ बाइज ड्यूटी लगाई गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस रैली में नादौन से 5000 कार्यकर्ता हिस्सा लेने जाएंगे। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डाक्टर मोहन लाल, मोती जोशी, कमल कम्मी, संतोष संधू, नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी, कैप्टन सुनील शर्मा, मोंटी संधू, कुलदीप कुमार, रमेश चंद पराशर, भारत भूषण कपिल, सुनील बिट्टू, मुंगरू सोनी, अजय अत्री, बलदेव चौधरी, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, सुभाष चंद, सुभाष चंद राणा, धर्मपाल, मुंगरू सोनी, रमेश नैयर, महिला कांग्रेस अध्यक्षा रीना देवी, कांता चौधरी, सीमा कुमारी, सुषमा देवी, वीना कुमारी, विजय कुमार, उधो राम, राजेंद्र सिंह, रमेश चंद, अशोक कुमार, प्रेम चंद, करतार चंद, राजेश कुमार, तिलक राज, रजनीश चौधरी सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### सरकार के जश्न में बड़सर से ढाई हजार कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे



**एसके ठाकुर, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश में सरकार के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी बिलासपुर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है, जिसको लेकर बड़सर विधानसभा कांग्रेस पार्टी की बैठक मैहरे में आयोजित की गई। कालिया ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता सुभाष ढटवलिया सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की। बड़सर विधानसभा क्षेत्र से विभिन्न कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। कांग्रेस नेता ढटवलिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार की उपलब्धियां का भी जिक्र किया तथा शानदार कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए मुख्यमंत्री व सरकार को बधाई भी दी। बैठक में संजय लखनपाल, कमल पठानिया, पवन शर्मा, नरेश लखनपाल, डैनी जसवाल, सहित विभिन्न कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं पूरी करवाई हैं। इस मौके पर कांग्रेस के ब्लॉक प्रधान संजय शर्मा ने सुक्खू सरकार के शानदार दो साल के कार्य के लिए सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार को बधाई भी दी। कालिया ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष सुमन भारती भी मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि बिलासपुर रैली में बड़सर विधानसभा क्षेत्र से लगभग ढाई हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### भाजपा हमीरपुर में आज प्रदेश सरकार के दो वर्ष के जश्न को लेकर करेगी विरोध-प्रदर्शन, बोले-

# कांग्रेस सरकार ने 2 साल में ऐसा कुछ नहीं किया जिसे लेकर कोई जश्न हो

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने का जश्न मना रही है, लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से पूछना चाहती है कि जश्न किस बात का है। लोगों में मातम छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि इन दो वर्षों में किसान, बागवान, महिलाएं और नौजवान दुखी हैं और कोई भी वर्ग खुश नहीं है, इसलिए सभी को इस जश्न का विरोध करना चाहिए।

भाजपा ने समय-समय पर पिछले दो वर्षों जहां-जहां भ्रष्टाचार हुआ है, उन सब बातों को उजागर किया है। आने वाले समय में इन सारे विषयों को आम जनमानस के बीच लेकर जाएंगे। इसी विषय को लेकर भाजपा सोमवार को हमीरपुर में विरोध-प्रदर्शन करेगी। यह बात हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व उद्योग मंत्री विक्रम ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा पिछले दो वर्षों में कौन सा ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस कारण इस सरकार को याद किया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के भोल-भाले लोगों को गारंटियों के नाम पर ठग कर सत्ता में आई, लेकिन पिछले दो वर्षों में जो कार्य प्रदेश सरकार ने किए, उससे हमारा प्रदेश बदनाम हुआ है।



कांग्रेस सरकार के 2 साल के जश्न को लेकर प्रेस वार्ता करते विक्रम ठाकुर व अन्य।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने की बात कही थी, उस समय यह शर्त नहीं लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं को 1500 रुपए मिले हैं तो जश्न मनाना चाहिए, यदि नहीं मिले हैं तो उसका विरोध होना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने कहा कि पांच वर्ष में पांच लाख नौकरियां देंगे, लेकिन मुख्यमंत्री ने लंबे समय से खाली पड़े पदों को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सारे तुगलकी फरमान जारी किए हैं। कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया, जिसके लिए लोग इस सरकार को याद करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित के लिए चलाई योजनाओं को बंद कर दिया जिसके कारण यह सरकार बंद के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जिसके ऊपर टैक्स न लगा हो। जहां तक अवैध खनन की बात की जाए तो हमीरपुर के अंदर जितने भी स्टोन क्रशर बंद हुए तो आज जो व्यक्ति सीबीआई की गिरफ्त में हैं, उसका क्रशर चलता रहा। यही नहीं सोशल मीडिया में दिखाया गया है मुख्यमंत्री के साथ अवैध खनन करने वालों के साथ किस तरह के संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे हिमाचल प्रदेश में खनन को बंद करके एक व्यक्ति विशेष को लाभ देना यह कहां तक तर्कसंगत है।

उन्होंने कहा कि सरकार के अंदर किसी भी मंत्री और सचिवों के बीच किसी प्रकार का तालमेल नजर नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का एक ही एजेंडा है अपने मित्रों को खुश करने का। भाजपा ने इसका विरोध किया है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक अनिल धीमान व अन्य नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## गीता जयंती पर गीता प्रचार प्रसार संस्थान समाजसेवियों को करेगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



- स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित
- छात्रों को नकद पुरस्कार देकर किया जाएगा सम्मानित

गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष कुमार पुरी और गीता प्रचार प्रसार संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री के तत्वाधान में श्री गीता जयंती महोत्सव 11 दिसंबर को आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10 से 3 बजे तक बाल सेवा संस्थान भवन में आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. धनीराम शर्मा करेंगे। महासचिव भगवान दास शास्त्री ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ धनीराम शर्मा दीप प्रज्वलित, योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण, श्रीमद् भगवद गीता, वेदव्यास का पूजन अर्चन के साथ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके पश्चात श्रीमद् भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर वाचन होगा। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों की श्री कृष्ण भजन गायन, श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता होगी और संतों व विद्वानों के सारगर्मित प्रवचनों से श्रोतागण लाभान्वित भी होंगे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर हमीरपुर शहर के गणमान्य समाजसेवी पुरुष और महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ गीता जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता छात्रों को गीता की प्रतियां, स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## सरेड़ी पंचायत में पशुशाला जलकर राख

### रविवार सुबह 9 बजे हुई घटना, पीड़ित को डेढ़ लाख रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ क्षेत्र के अंतर्गत रविवार सुबह 9 बजे के करीब सरेड़ी पंचायत के अगथान गांव के राजेश कुमार की पशुशाला जलकर राख हो गई। गांव वालों को जैसे ही आग की जानकारी लगी, वे इकट्ठे हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद पशुशाला में बंधी भैंस को बाहर निकाला।

सभी गांव वासियों ने आसपास के घरों से पानी लाकर आग को पर काबू पाया। राजेश कुमार की माता गीता देवी ने बताया कि मीटर के पास तारों के शॉट सर्किट से आग लगी थी। इस घटना में डेढ़ लाख के करीब का नुकसान हुआ है। पशुओं के लिए रखा चारा और इमारती लकड़ी समेत सब कुछ राख हो गया। तहसीलदार केशव कुमार ने बताया कि पशुशाला में आग से नुकसान होने की सूचना मिली है।


सरेड़ी पंचायत के अगथान गांव में गोशाला जल गई जिससे करीब डेढ़ लाख का नुकसान हो गया।

पटवारी को मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने भी पीड़ित परिवार की सरकार से शीघ्र मदद मुहैया करवाने की अपील की है।

## कार और ट्रॉले की टक्कर में कार चालक हुआ घायल, पेट में लगी चोट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नगर परिषद के वार्ड नंबर एक के गंदा नौण के पास कार और ट्रॉले में टक्कर हो गई। इस घटना में कार चालक को पेट में चोट आई है। इस मामले की शिकायत सदर थाना हमीरपुर में सिद्धार्थ कौशल पुत्र सत्यापाल कौशल कृष्णानगर निवासी ने करवाई है।

शिकायतकर्ता के अनुसार 7 दिसंबर को वह अपने घर पर ही था तो समय करीब रात के 9.40 बजे उनके घर के बाहर सड़क पर एक जोर की आवाज आई तो उसने सड़क में जाकर देखा कि गाड़ी नंबर एचपी-55बी-8455 महिंद्रा कैरियर व गाड़ी नंबर एचपी-74ए-7504 ऑल्टो के-10 सड़क पर थी तथा गाड़ी नंबर एचपी-55बी-8455 पक्का भरो से सर्किट हाउस की तरफ तथा गाड़ी नंबर एचपी-74ए-7504 सर्किट हाउस से पक्का भरो की तरफ जा रही थी। शिकायतकर्ता ने गाड़ी नंबर एचपी-55बी-8455 के चालक से बात की तो उसने बताया कि उसके पेट में चोट लगी है। उसके बाद मौका पर एंबुलैंस आई और गाड़ी नंबर एचपी-74ए-7504 में बैठे तीन लड़कों व उसके बाद गाड़ी नंबर एचपी-55बी-8455 के चालक को बिठाया और इलाज के लिए हमीरपुर अस्पताल भेज दिया।

शिकायतकर्ता को गाड़ी नंबर एचपी-55ठ-8455 के चालक का नाम मंजीत सिह पुत्र बंशी राम गांव व डा. कुहना तह. रक्कड़ जिला कांगड़ा व गाड़ी नंबर एचपी-74ए-7504 के चालक का नाम अक्षत कपिल पुत्र कुलदीप चंद गांव बैरी डा. भुकड़ तहसील भोंरज जिला हमीरपुर पता चला था। शिकायतकर्ता के अनुसार यह हादसा उपरोक्त गाड़ियों के चालकों के द्वारा अपनी-अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाने के कारण हुआ है। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## सास और बहू की डंडों से पिटाई करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में एक महिला निवासी गांव कनकरी डाकखाना डिडवीं तहसील व जिला हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है।

शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपनी बहू के साथ घास काटकर इकट्ठा कर रही थी तो इतने में प्रीतम चंद ने डंडे से शिकायतकर्ता व इनकी बहू की पिटाई शुरू कर दी तथा थोड़ी देर बाद उसकी पत्नी भी आई और उसने भी इनकी पिटाई हमारी पिटाई करनी शुरू कर दी तथा गाली गलौच भी किया तथा उन पर पत्थर फेंके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज लिया गया है तथा छानबीन की जा रही है।

## ईमानदारी से कार्य करने पर बनती है अलग पहचान : धर्मवीर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरवाड़ के प्रधानाचार्य धर्मवीर 33 साल की शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी करने के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। इस खुशी में भोरंज उपमंडल के स्कूल मुखियों द्वारा उनको स्कूल के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य धर्मवीर ने सेवानिवृत्ति की खुशी पर स्कूल बच्चों व अन्य गणमान्य लोगों को प्रीति भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे पवित्र कार्य है। इसे ईमानदारी से करने पर अध्यापक व स्कूल मुखियों को अलग पहचान पहचान मिलती है। उन्होंने शिक्षा विभाग में सबसे पहले काजा में नौकरी की शुरुआत की है। वर्ष 2008 से प्रधानाचार्य बनने के बाद बतौर स्कूल मुखिया नेरवा, चौपाल स्कूल में भी अपनी सराहनी सेवा दी है।


प्रधानाचार्य धर्मवीर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करते विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य।

इस अवसर पर खंड परियोजना अधिकारी एवं भोरंज स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, देशराज कमल भुक्कड़, डॉ. राजगीर भरेड़ी, विपिन माहिल डेरापरोल, तेज सिंह पट्टा, प्रबोध ठाकुर बाहन्वीं स्कूल भी उपस्थित रहे।

## अणुकलां में मजदूरों पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में सुरेश कुमार पुत्र टैहलू राम गांव अणुकलां के निवासी ने काम पर लगाए मजदूरों को धमकाया व जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज करवाई है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि संजय कुमार पुत्र सरवन सिंह ने उनके द्वारा लगाई गई शटरिंग की सपोर्ट तोड़ दी तथा काम पर लगाए मजदूरों को धमकाया व जानलेवा हमला किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मामला की छानबीन की जा रही है।

### महिलाओं को दी गोबर से मूर्तियां बनाने की जानकारी



**हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमलीधाम में कामधेनू पंचगव्य दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिला मंडल गाहरा, भलेड़ा व काले अम्ब की महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में शिमला से डॉ. हेमंत शर्मा प्रमुख ट्रेनर थे तथा उनके साथ जाठीया देवी गोशाला से दो सहयोगी भी थे। प्रशिक्षण वर्ग में डॉ. हेमंत शर्मा ने सर्वप्रथम गो महिमा पर पूरी जानकारी दी तथा गोबर से दीपक, गणेश, हनुमान, दुर्गा की मूर्तियां बनाने के साथ साथ धूप, शिवलिंग बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में जीवना देवी, इंदु वाला, प्रियंका, चंपा देवी, मीना, आंचल ठाकुर, अनीता कुमारी, रीता, सुशीला देवी, मीना देवी, आशा, सलोचना आदि प्रमुख थी।

## नादौन क्षेत्र में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

**शशि सोनल, नादौन**

- विकास खंड में वित्त वर्ष में अब तक 35 करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों पर व्यय

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने जा रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ उनके गृह विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड नादौन में भी विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ी है।

वित्त वर्ष 2024-25 में योजना मद में विकास खंड की पंचायतों में लगभग 12 करोड़ रुपए राशि व्यय करके लगभग 1 हजार कार्य पूर्ण किए गए हैं। 15वें वित्त आयोग में इस वर्ष 5 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। मनरेगा में विकास खंड ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष मनरेगा में अब तक 18 करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं व 3 लाख 75 हजार कार्यदिवस सृजित हुए हैं, जो न सिर्फ जिले में सर्वाधिक हैं, बल्कि मनरेगा की शुरुआत से अब तक नादौन विकास खंड में 8 महीनों में सृजित सर्वाधिक आंकड़ा भी है। ग्राम पंचायत कश्मीर ने इस वित्त वर्ष में अब तक जिले में सर्वाधिक 22 हजार कार्यदिवस सृजित कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो आज तक का सर्वाधिक आंकड़ा है।

विकास खंड में आपदा राहत कार्यों में भी शानदार कार्य हुआ है। पिछले एक वर्ष में जरूरतमंद लोगों को 1 हजार के लगभग मकान स्वीकृत हुए हैं जिनके कार्य शुरू हो चुके हैं। पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री विशेष आपदा राहत पैकेज के तहत 3500 से अधिक परिवारों को उनके घरों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवारों व क्षतिग्रस्त गोशालाओं का निर्माण करवाया गया है। विकास खंड नादौन में बीपीएल सूची में योग्य लोगों का चयन किया गया। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। पंचवटी पार्क, सामुदायिक भवन, जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार, वर्षा शालिकाएं, मोक्ष धाम, सड़कों व रास्तों के कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास खंड के कर्मचारियों ने प्रतिदिन लाइव लोकेशन शेयर करने की अनुशासन की नई पहल शुरू की है जिससे सेवाओं में सुधार हुआ है। विकास खंड दौड़ में चल रहे विकास कार्यों की पुष्टि करते हुए वीडीओ निशांत ने बताया की विकास कार्यों पर विकास खंड में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

### मेहनत — पीक सीजन में रोजाना 500-600 पैकेट मशरूम तैयार करते हैं चमनेड़ के राजकुमार

## सरकार की मदद से लगाई मशरूम यूनिट से लाखों की कमाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

किसानों-बागवानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार कई सराहनीय कदम उठा रही है। पारंपरिक कृषि के साथ-साथ इससे संबंधित अन्य कार्यों, विशेषकर नकदी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करके प्रदेश सरकार आम किसानों के उत्थान तथा बेरोजगार युवाओं को घर में ही स्वरोजगार के साधन सृजित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में किसानों-बागवानों को मशरूम की खेती के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने मशरूम की खेती के लिए उद्यान विभाग के माध्यम से विशेष रूप से सब्सिडी का प्रावधान किया है। इसी योजना के तहत सब्सिडी और प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गांव चमनेड़ के किसान राजकुमार ने घर में ही मशरूम की यूनिट लगाई और आज वह लाखों रुपए की मशरूम तैयार कर रहे हैं।


मशरूम यूनिट में कार्य करते चमनेड़ के राजकुमार।

राजकुमार ने बताया कि वह अपनी आजीविका चलाने के लिए पारंपरिक कृषि के साथ-साथ वेल्डिंग का कार्य भी करते थे, लेकिन उन्हें ज्यादा आय नहीं हो रही थी। आय के वैकल्पिक साधनों की तलाश में उन्हें मशरूम की खेती के बारे में जानकारी मिली। उद्यान विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से उन्होंने अपने घर में ही 100 बैग की यूनिट स्थापित की। यूनिट लगाने के लिए उन्हें विभाग की ओर से 50 हजार रुपए की सब्सिडी मिली। यह यूनिट कामयाब हो गई और बाजार में उनकी मशरूम खूब बिकने लगी। इससे प्रोत्साहित होकर उन्होंने अपनी यूनिट की क्षमता 400 बैग तक बढ़ा दी।

अब वह पीक सीजन में रोजाना 500 से 600 पैकेट मशरूम तैयार करके बाजार में बेच रहे हैं। उन्हें एक पैकेट का 20 से 22 रुपए तक थोक दाम मिल रहा है। राजकुमार का कहना है कि उद्यान विभाग की इस योजना ने तो उनकी तकदीर ही बदल दी है। उनका कहना है कि यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है। इसके माध्यम से युवा अपने घर में ही मशरूम यूनिट लगाकर हर साल लाखों रुपए कमा सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### एसपीयू को बचाने के लिए भाजपा जाएगी कोर्ट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी सदर से भाजपा के विधायक अनिल शर्मा ने कहा है कि अगर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को बचाने के लिए कानूनी रास्ता भी अपनाना पड़ा तो भाजपा उसे भी अपनाएगी लेकिन मंडी को मिली इस सौगात का गला घोंटने नहीं देंगे। मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में अनिल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का गला घोंटने पर तुली हुई है। पूर्व की जयराम ठाकुर की सरकार ने मंडी जिला को यह नायाब तोहफा दिया है जो प्रदेश की मौजूदा सरकार से बर्दाशत नहीं हो रहा है। सुंदरनगर स्थित यूनिवर्सिटी के भवन को नीजि कॉलेज को दे दिया गया जोकि उचित नहीं है। मंडी में यूनिवर्सिटी का भवन बनाने के लिए बासाधार के पास जमीन का चयन किया है लेकिन उस प्रक्रिया को भी सरकार आगे नहीं बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा यूनिवर्सिटी को बंद करने की लग रही है और यदि ऐसा हुआ तो फिर भाजपा इसके खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाएगी। अनिल शर्मा ने कहा कि मंडी जिला की 10 में से 9 सीटों पर भाजपा के विधायक चुनकर आए हैं और यह बात प्रदेश की कांग्रेस सरकार को रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार मंडी जिला के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मंडी जिला के साथ आजकल कुछ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जैसे यह प्रदेश का हिस्सा ही नहीं है। प्रदेश सरकार की इसी सोच और जनविरोधी नीतियों के चलते भारतीय जनता पार्टी सोमवार 9 दिसंबर को मंडी जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने जा रही है जिसमें पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित तमाम विधायक और नेता मौजूद रहेंगे।

### शिमला में सोमवार से शुरू होगी आइस स्केटिंग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अगर आप शिमला में आइस स्केटिंग का मजा लेना चाहते है तो तैयार हो जाए। आपके लिए आइस स्केटिंग रिंक विल्कुल तैयार हो गया है। लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिंक में रविवार को सीजन का पहला ट्रायल सफल रहा। अब सोमवार सुबह से स्केटिंग शुरू हो जाएगी। आइस जमने के लिए कम तापमान और साफ आसमान की जरूरत होती है। बादल छा जाने पर आइस नहीं जमती और स्केटिंग का मजा किरकिरा हो जाता है। आइस स्केटिंग रिंक के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री रजत मल्होत्रा ने बताया कि स्केटिंग का ट्रायल सफल रहा है। मॉर्निंग सेशन की शुरुआत कर दी जाएगी। मौसम का साथ न मिलने की वजह से आइस स्केटिंग के सेशन बीते साल कम हुए हैं। इस बार आइस स्केटिंग के ज्यादा सेशन होने की उम्मीद है। शिमला में अत्याधुनिक तकनीक से आइस स्केटिंग के साथ रोलर स्केटिंग रिंक बनाने की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है. काम पूरा होने के बाद ऑल वेदर रिंक अत्याधुनिक तकनीक से तैयार होगा. स्केटर्स को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। 42 करोड़ रुपए का खर्चा आना है। तीन महीने सर्दियों के मौसम में स्केटिंग हो पाती है। इसके लिए भी स्केटिंग क्लब को मौसम पर ही निर्भर रहना पड़ता है। लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिंक तक लोकल बस, निजी गाड़ी या टैक्सी के माध्यम से पहुंचना बेहद आसान है। रिंक मुख्य सड़क से ही नजर आ जाती है। अगर आप मालरोड पर हैं, तो स्कैंडल पॉइंट से तिब्बती मार्केट होते हुए आसानी से स्केटिंग रिंक तक पहुंचा जा सकता है। एडीबी की वित्तीय मदद से बनाए जाने वाले स्केटिंग रिंक में हर मौसम में बर्फ जमाने के लिए रेफ्रिजरेशन प्लांट भी स्थापित किया जाएगा, ताकि साल भर आईस स्केटिंग की सुविधा मिल सके। इसमें चेंजिंग रूम, रिंक, रोलर रिंक, रेस्टोरेंट, फायर अलार्मिंग सिस्टम, कांफ्रेंस हॉल, सर्विलांस सिस्टम सहित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्केटिंग सुविधा मुहैया करवाए जाने की योजना प्रस्तावित है।

### 25 लाख से बनेगा कोठी विद्यालय का भवन : शिक्षा मंत्री



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमंडल के अंतर्गत उबादेश क्षेत्र के दौरे के दौरान कई महत्त्वपूर्ण शिलान्यास और उद्घाटन किए। शिक्षा मंत्री ने रावलक्यार पंचायत के अंतर्गत कोठी गांव में 25 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय उच्च विद्यालय कोठी के भवन की आधारशिला रखी। जनसमूह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा अपने उच्चतम स्तर पर हो इस विषय में वर्तमान कांग्रेस सरकार पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है और इसी श्रृंखला में आज राजकीय उच्च विद्यालय कोठी में नए भवन के निर्माण हेतू नींव रखी गई है।इसके साथ ही निर्माण से जुड़े विभागों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हे आशा है कि इस कार्य को कुछ ही महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग में भवन निर्माण की दृष्टि से जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है और अलग अलग प्राथमिक स्तर से महाविद्यालय स्तर तक भवनों का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में शिक्षकों के पदों को भरा जा रहा है और नए पदों का सृजन भी किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कलबोग पंचायत के अंतर्गत चमैन की दमकल चैकी का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बाघी पुलिस चैकी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस पुलिस चैकी को नियमित चौकी का दर्जा प्रदान किया गया है। जिसका निर्णय पिछली केबिनेट में लिया गया था।

### पेड़ से गिरने के कारण व्यक्ति की मौत

**चंबा।** खैरी क्षेत्र की भुनाड़ पंचायत में एक व्यक्ति की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान किशन चंद निवासी गांव सेरी के तौर पर की गई है। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार किशन चंद अपनी पत्नी व भाई के साथ पेड़ से मवेशियों के लिए चारा काट रहा था। इसी दौरान उसका पांव फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर सिर के बल नीचे जमीन पर आ गिरा। मौके पर मौजूद पारिवारिक सदस्यों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत किशन चंद को मेडिकल कॉलेज चम्बा पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भरमौर में कई वर्षों से अतिरिक्त हेलिपैड की मांग ठंडे बस्ते में

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए जगह का चयन आज तक नहीं हो पाया है। यहां पर पिछले कई वर्षों से चली आ रही हेलिपैड की मांग ठंडे बस्ते में ही जाती दिख रही है।

हर वर्ष मणिमहेश मेला शुरू होते ही भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए कवायद तेज हो जाती है, लेकिन जैसे ही मणिमहेश मेला खत्म हो जाता है इसके निर्माण की बात ठंडे बस्ते में चली जाती है। गौरतलब है पिछले कई वर्षों से भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड बनाने की मांग जोर पकड़ रही है, जिसके लिए सरकार की ओर से कुछ बजट का प्रावधान भी हो गया है, लेकिन सही जगह का चुनाव नहीं होने के कारण इस अतिरिक्त हेलिपैड का निर्माण नहीं हो पाया है।

हालांकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में हैलिपोर्ट बनाने के निर्देश देने के बाद यह



**शहर में हेलीकॉप्टर की उड़ान के दौरान हो रहा ध्वनि प्रदूषण**

मांग पूरी होते हुए दिख रही थी, लेकिन इसके लिए भी प्रशासन द्वारा भरमौर के होली में जगह का चयन किया गया है।

लिहाजा भरमौर में ददमा की समीप पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित की गई जगह पर हेलिपोर्ट निर्माण करने के लिए वन विभाग की औपचारिकताएं भी अभी तक पूरी नहीं हो पाई है ।

आपको बता दें कि हर वर्ष यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु यात्रा पर जाते हैं। जिसमें कई श्रद्धालु हेली टैक्सी द्वारा भी यात्रा पर जाते हैं, लेकिन भरमौर में जिस जगह हेलीपैड बना है वह जगह बिलकुल शहर के बीचों-बीच है, यहां पर हेलीकॉप्टर की उड़ान के दौरान यहां पर रहने वाले लोगों के लिए भी ध्वनि प्रदूषण काफी होता है।

**आपसी खींचातानी में अभी तक औपचारिकताएं नहीं हो पाई हैं पूरी**

वहीं सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने भरमौर प्रशासन को हेलीपैड के निर्माण के लिए अतिरिक्त जगह का चयन करने के लिए कहा गया था, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी भरमौर प्रशासन अभी तक भी उपयुक्त जगह हेलीपैड के निर्माण के लिए नहीं देख पाया है।

हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ददमा के समीप हेलीकॉप्टर के लिए जगह देखी गई है लेकिन स्थानीय लोगों व नेताओं की आपसी खींचातानी के चलते इस जगह पर भी अभी तक औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई है। जिस कारण मणिमहेश मेले के दौरान श्रद्धालुओं को समस्या का सामना करना पड़ता है।

# डीसी ने किया बालिका आश्रम चिल्ली व साहो का निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व साथ हैं बच्चे और अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने रविवार को बालिका आश्रम चिल्ली तथा बाल आश्रम साहो का निरीक्षण किया तथा इन संस्थानों में रह रहे बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जांच की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अनुसार मिलने वाली सुविधाओं तथा संस्थाओं की व्यवस्था संबंधी प्रबंधन का विस्तृत निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने बालिका आश्रम चिल्ली में रहने वाली बच्चियों से एक-एक कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व खेल कूद संबंधी विषयों पर विस्तृत बातचीत की। उपायुक्त ने ऑनलाइन क्लासेस तथा बच्चियों की भविष्य योजना के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात उपायुक्त ने बाल आश्रम साहो में पहुंच कर वहां रहने वाले बच्चों से बातचीत कर उनके मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को विभाग द्वारा उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं बारे स्वयं ज्ञान होने पर बल दिया।

मुकेश रेपसवाल ने इन संस्थानों में निरीक्षण के दौरान बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी के दृष्टिगत संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार के अलावा बाल संरक्षण अधिकारी अजय भारद्वाज भी मौजूद थे।

# दुर्गेठी में व्यक्ति की ढांक से गिरने से मौके पर हुई मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के ग्राम पंचायत दुर्गेठी गांव दुर्गेठा निवासी व्यक्ति की शनिवार देर शाम ढांक में गिरने से मौके पर मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश पुत्र पिंयूदी राम आयु 48 साल बताई गई है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को शाम के वक्त मृतक ओमप्रकाश अपने रोजाना के कार्य के चलते वापस घर को लौट रहा था। कि अचानक गांव गुरैठ से आगे कुछ दूरी पर ही पर पैर फिसलने के कारण वह करीब 200 मीटर गहरी



खाई में जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसका रेस्क्यू किया लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद लोगों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

# सबको साथ लेकर चलने वाला बने नया ब्लॉक अध्यक्ष : ब्रह्मानंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है की भरमौर ब्लॉक कांग्रेस का जो भी नया ब्लॉक अध्यक्ष बने वह सबको साथ लेकर चलने वाला बने।



उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान सरकार व मुख्यमंत्री पर छींटाकशी करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण वह निंदनीय है। उन्होंने कहा है कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश को एक नई दिशा दी है और प्रदेश लगातार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। भाजपा ने अपने शासनकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया था जिसको उभारने के लिए थोड़ा समय लगेगा ही। मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश की बेहतरी और तरक्की के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

गौरतलब है चंबा के भरमौर गरोला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के

**कहा-मुख्यमंत्री प्रदेश की बेहतरी और तरक्की के लिए दिन-रात कर रहे कार्य**

कार्यक्रम के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री की कार्यशाली पर भी सवाल उठाए गए। बैठक के दौरान लोगों ने सरकार द्वारा अनदेखी के आरोप लगाए गए थे।

ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है की वर्तमान के मुख्यमंत्री संगठन से तपकर सीएम की कुर्सी तक पहुंचे हैं। लिहाजा में बहुत ही अच्छी तरह से जानते हैं कि संगठन और सरकार में किस तरह से तालमेल होना चाहिए। मुख्यमंत्री सरकार के साथ-साथ संगठन की बेहतरी के लिए भी लगातार कार्य कर रहे हैं। समय-समय पर संगठन के कार्य को भरपूर तवज्जो दी जा रही है। ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री प्रदेश में कांग्रेस की अध्यक्ष थे तो उसमें वह भरमौर में बतौर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष थे लिहाजा वह उनके कार्यप्रणाली को जानते हैं और समझते हैं, लिहाजा उन्हें संगठन का बहुत अच्छा अनुभव है। मुख्यमंत्री ने आपदा के दौरान प्रदेश में बेहतरीन कार्य किया है जिसके लिए उन्हें वर्ल्डबैंक जैसी बड़ी केंद्रीय एजेंसी द्वारा सम्मानित किया गया है।

# चंबा-चुवाड़ी टनल के लिए प्रदेश सरकार से मिली हरी झंडी

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



15.7 किलोमीटर लंबी टनल के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा चंबा-चुवाड़ी टनल के लिए हरी झंडी मिल गई है। 16 किलोमीटर लंबी टनल का टेंडर भी लग गया है। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र भटियात व चंबा में खुशी का माहौल है।

जानकारों की माने तो विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के अथक प्रयासों की बस यह संभव हो पाया है। इस टनल के बन जाने के बाद इसका फायदा चंबा की पीढीयों के लिए होगा और इससे मेडिकल टूरिज्म धार्मिक व व्यापार के लिए भी यह टनल बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगी। इस टनल के बन जाने के बाद चंबा की समृद्धि खुशहाली के लिए रामबाण साबित होगा।

गौरतलब है जिला चंबा में पिछले कई सालों से चार बड़ी परियोजनाएं अधर में लटकी हुई है, जिसमें चंबा-चुवाड़ी टनल, होली उतराला जालसू सड़क, चंबा का सीकरी धार सीमेंट प्लांट वह दरकुंड बरेही धर्मशाला टनल मुख्य रूप से शामिल रही है, लेकिन चंबा-चुवाड़ी टनल की डीपीआर को मंजूरी मिलने और टेंडर लगने के बाद यहां के लोगों में दोगुनी खुशी है। इस टनल निर्माण के लिए बाकायदा निविदाएं भी मांगी गई है।( अनंत ज्ञान)

# बिल जमा न करने पर 80 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में बिजली विभाग ने अब तक 80 लोगों के बिजली कनेक्शन बिल जमा ना करवाने के कारण अस्थाई रूप से काट दिए हैं। सहायक अभियंता विद्युत विभाग भरमौर ने कहा है कि जो लोग नियमित रूप से बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं भविष्य में भी उनके कनेक्शन काटे जाने की पूरी संभावना है।

विद्युत उपमंडल भरमौर ने कहा है कि सरकारी गैर सरकारी व्यवसायिक और कई घरेलू उपभोक्ताओं ने अभी तक पिछले कई समय से बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया है। जिसके कारण उनका बिजली का कनेक्शन अस्थाई रूप से काट दिया गया है। विभाग में इस तरह के उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द अगर उन्होंने बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया तो उनके बिजली के कनेक्शन को स्थाई रूप से काट दिए जाएंगे।

# एचआरटीसी बस और पिकअप में टक्कर, टला बड़ा हादसा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



तीसा मार्ग पर गत्तीघार के पास एचआरटीसी बस और पिकअप में टक्कर हो गई। घटना में पिकअप चालक समेत बस में सवार सभी सवारियां सुरक्षित हैं जबकि पिकअप व बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

बस भंजराड़ू- तीसा से रोजाना की तरह रविवार को सवारियों को लेकर चम्बा की तरफ आ रही थी जबकि पिकअप चम्बा से सामान लेकर पुखरी की तरफ जा रही थी। गत्तीघार के पास दोनों के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद सभी सवारियां बस के बाहर निकल आई।

इस दौरान कुछ समय तक सड़क के दोनों किनारें वाहनों का जाम भी लग गया। वाहनों की टक्कर के बाद कुछ समय तक दोनों चालकों के बीच बहस हुई जिसके बाद घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों चालकों के ब्यान दर्ज किए। इसके बाद आपसी समझौते के बाद कोई मामला दर्ज नहीं हो पाया।

**आपसी समझौते के बाद कोई मामला नहीं हुआ दर्ज**

### सूडोकु 0010 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0009 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 दिसंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** अष्टमी (08:04): **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (02:56), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** सिद्धि (01:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:52-12:34), **राहुकाल** (08:20 -09:38)।

### विशेष दिन

- 09 दिसंबर 2024 : दुर्गाष्टमी आज।
- 09 दिसंबर : श्री हरि जयंती आज।

**मेष:** दिन उत्तम रहेगा। आप अपने रूटीन में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। आप किसी नये और अनजान व्यक्ति की मदद कर सकते हैं।

**वृषभ:** कुछ कर दिखाने की इच्छा जागेगी। एक्स्ट्रा इनकम का कोई जरिया शुरू हो सकता है। घर से भी अपना कोई पर्सनल काम शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन:** करियर में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। फालतू के खर्चे बढ़ सकते हैं। पैसों से जुड़े किसी मामले को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**कर्क:** दिन मिला-जुला रहेगा। नई चुनौतियां से दो चार होना पड़ेगा। आप कुछ मामलों में ज्यादा ही उतावले हो सकते हैं,तो कुछ मामलों में खुद से असंतुष्ट भी हो सकते हैं।

**सिंह :** माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। मेहमान के आने की संभावना है। मन खुश रहेगा। जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा।

**कन्या :** समस्या सुलझाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। जीवन में आगे बढ़ने के मौके आपको मिलेंगे। बड़ी जरूरत पड़ने पर कोई न कोई मदद अवश्य मिलेगी।

**तुला:** दिन सामान्य रहेगा। आपको बहुत से काम निपटाने पड़ सकते हैं। आपकी ऊर्जा का स्तर कामकाज में आपका सहयोग दे सकता है।

**वृश्चिक:** दिन बेहतर रहेगा। परिवार के साथ बेहतरीन लम्हे गुजारने का आज उम्दा मौका है। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**धनु :** दिन बढ़िया रहेगा। व्यावसायिक योजनाएं कामयाब होंगी। प्रेम-प्रसंगों में सफलता मिलेगी। नए लोगों से जान पहचान लाभदायक सिद्ध होगी।

**मकर :** दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। अपने हर काम को सावधानी पूर्वक करेंगे। सहकर्मियों से मदद प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक कामों को निपटाने में सफल होंगे।

**कुंभ :** दिन फेवरेबल रहेगा। बनी हुई योजना के अनुसार काम करेंगे तो जल्द ही सफलता प्राप्त होगी। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मीन:** लोगों के व्यवहार से समस्या हो सकती है। किसी से बिना सोचे-समझे मन की बात शेयर करने से बचें। कुछ मामलों में फैसले लेने में मुश्किल हो सकती है।

**अनदेखी** | बेरोजगारी, स्वास्थ्य व विकास को लेकर जिला पीछे

# चंबा सौतेलेपन का हो रहा शिकार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आकांक्षी जिलों की श्रेणी में शुमार जिला चंबा केंद्र तथा राज्य सरकारें दोनों की ओर से ही सौतेलेपन का शिकार हुआ है। मोदी राज में आकांक्षी जिला घोषित होने के बाद आज तक जिला चंबा को कोई विशेष लाभ देखने को नहीं मिले हैं न ही जिला चंबा को राज्य सरकार ने ही गंभीरता से लिया है।

जिला चंबा आज भी बेरोजगारी स्वास्थ्य तथा विकास को लेकर प्रदेश के बाकी जिलों से काफी पीछे है जिसको लेकर तमाम चंबावासियों में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों को ही लेकर भारी रोष व्याप्त है। जिला वासियों की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंबा में तो जरूर आए किंतु जो उम्मीदें उन्हें चंबा को लेकर केंद्र सरकार से थी उन पर उन्होंने कोई भी बात नहीं की और जिलावासियों से बातों के ही महल बनाकर वापस चले गए बावजूद इसके भी जिलावासियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास दिखाते हुए चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से डॉक्टर राजीव भारद्वाज को भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजा किंतु दिल्ली से भी अभी तक कोई विशेष पैकेज जिला चंबा को नहीं मिला है।

जिला चंबा दो संसदीय क्षेत्रों में बंटा है। किंतु दोनों सांसद अभी



तक चंबा के लिए कोई विशेष आर्थिक तथा विकासात्मक सहायता लेकर चंबा नहीं पहुंचे हैं जिसको लेकर तमाम जिलावासी दोनों सांसदों की और उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। बीते विधानसभा चुनावों में दो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी तथा तीन भाजपा प्रत्याशियों को शिमला भेजा, जिनमें एक कांग्रेस प्रत्याशी को विधानसभा अध्यक्ष के पद से नवाजा गया तमाम जिला को विधानसभा अध्यक्ष से भारी उम्मीदें थी किंतु वह भी मात्र अपनी चुनावी क्षेत्र को ही लेकर गंभीर दिखे उन्होंने भी भटीयात नहीं विकास कार्यों तथा आर्थिक पैकेज दिए।

कांग्रेस पार्टी की सरकार को बने दो साल पूरे होने को आ चुके हैं और सरकार जशन मनाने जा रही है किंतु जिला चंबा आज ही वहीं खड़ा है जहां बीते कई सालों से था। जिला चंबा का पर्यटन भी अपने आकांक्षी जिला के पाप को ढोता दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य सुविधा के हालात भी बद से बत्तर स्थिति में है कहीं डॉक्टर नहीं है तो कहीं दवाइयां उपलब्ध नहीं है तो बेरोजगारी का आलम ही ऐसा है जिससे युवा वर्ग भी राज्य तथा केंद्र दोनों से उम्मीद लगाए बैठे हैं।

जिला चंबा का शिक्षा का स्तर दूसरों जिलों से काफी नीचे है क्योंकि ज्यादातर स्कूलों में शिक्षक नहीं है जहां शिक्षक हैं तो वहां बच्चों की संख्या कम है ।( अनंत ज्ञान)

### सीकरी धार सीमेंट प्लांट की आस

**राजनीति** की कशमकश का शिकार होता जिला चंबा अभी भी इसी आस में दम भरता दिख रहा है जल्द केंद्र सरकार की ओर से सीकरी धार सीमेंट प्लांट को स्वीकृति मिलेगी और लोगों में रोजगार के कार्य खुलेंगे तो वही चुवाडी-चंबा टनल, बैरागढ़ पांगी टनल, होली- कांगड़ा टनल यह भी ऐसे विकासात्मक कार्य हैं जिनको लेकर तमाम जिलावासियों को आश्वासित किया गया है किंतु जमीनी तौर पर यह कब पूरे होते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# लापता 70 वर्षीय बुजुर्ग लक्कड़ मंडी में मिला

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पंजाब से सत्संग भवन डलहौजी में सेवा करने आए 70 वर्षीय बुजुर्ग कि अचानक लापता हो गए।

इसी बीच अन्य सेवादारों ने इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस थाना में दी तथा पुलिस ने इस सारे मामले को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया पर 70 वर्षीय बुजुर्ग रमेश कुमार की फोटो, तथा फोन नंबर भी वायरल कर दिए किंतु बुजुर्ग को क्षेत्र के लक्कड़ मंडी में होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस ने वहां पहुंचकर बुजुर्ग को लेकर डलहौजी पहुंचे तथा उनके साथ आए सेवादारों राधा स्वामी सत्संग के प्रबंधन के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो तथा की पहचान को दूरभाष सहित वायरल किया और शाम होते-होते बुजुर्ग का पता चल गया ।



**त्याग** पीने की दवा है, दान सिर पर लगाने की सौंठ। त्याग में अन्याय के प्रति चिढ़ है, दान में नाम का लिहाज है। -**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# दीदी की दावेदारी

पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र तथा उपचुनावों में मिली जबर्दस्त हार के बाद विपक्षी गठबंधन में सियासी घमासान शुरू हो गया है। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी जो दीदी के नाम से भी मशहूर हैं, ने दावा जताया है कि वह गठबंधन को ठीक से चला सकती हैं। यह कहकर सनसनी फैला दी कि विपक्षी गठबंधन उन्होंने ही बनाया था और मौका मिला तो वह उसे लीड भी कर सकती हैं। दीदी के इस बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। हर ओर यही चर्चा हो रही है कि क्या यह विपक्षी गठबंधन अब टूट जाएगा? शरद पवार ने ममता के बयान का समर्थन कर यह जता दिया कि उनकी पार्टी भी ममता के नेतृत्व में काम करने की इच्छुक है। शरद ने कहा कि ममता में नेतृत्व क्षमता है। वहीं, कांग्रेस के उदित राज सवाल उठाते हुए कहते हैं कि तृणमूल सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित है ऐसे में वह नेतृत्व क्या करेंगी? उधर, भाजपा के शहजाद पूनवाला ने कांग्रेस को लूजर पार्टी तक करार दे दिया। इन बयानों से शंका पैदा होना स्वाभाविक है कि क्या मोदी विरोध में खड़ा गठबंधन वाकई राहुल गांधी के नाम पर बिखर गया है? उत्तर प्रदेश के संभल और उद्योगपति गौतम अडानी मसले पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में रार बढ़ती ही जा रही है।

सपा ने सवाल उठाया है कि संभल बड़ा मुद्दा है और कांग्रेस इस मसले पर चुप रही। राहुल के संभल कूच पर भी सपा ने तंज कस दिया था। कांग्रेस रक्षात्मक रुख अपनाते हुए सफाई देती है कि बेशक संभल भी बड़ा मसला है, लेकिन अडानी मसला उसके लिए सर्वोपरि है। अवधेश प्रसाद की सीट बदलने से भी अखिलेश यादव कांग्रेस से काफी नाराज चल रहे हैं। ममता की इस दावेदारी को जहां समाजवादी पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दलों का समर्थन मिला है। वहीं, कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। साल 2023 में कांग्रेस के नेतृत्व में 26 विपक्षी दलों ने एक मंच पर आकर गठबंधन तैयार किया था। जब गठबंधन तैयार हुआ था तो उससे पहले कई मैराथन बैठकें हुईं थी तब जाकर 26 पार्टियां एक बैनर तले आई थी, लेकिन अब न जाने इन दलों में आपस में तालमेल क्यों कम हो गया? लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन को 236 सीटों पर जीत मिली थी और गठबंधन ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल तथा राजस्थान जैसे बड़े राज्यों में एनडीए को टक्कर दी थी। संसद में अडानी मसले पर सपा और तृणमूल का कांग्रेस से अलग स्टैंड है। दोनों ही पार्टियों ने कांग्रेस की तरफ से लगातार उठाए जा रहे इस मसले को खुद को किनारे कर लिया है।

तृणमूल ने तो हाल ही में राहुल गांधी की बैठक का बहिष्कार भी कर दिया था। तृणमूल पार्टी कहती है कि किसी एक व्यक्ति के मसले पर संसद को हंगामे की भेंट नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे से ज्यादा और भी कई मुद्दे को अहम बता चुकी है। शरद पवार की राकांपा पहले से ही अडानी के मुद्दे पर नरम रवैया अपना चुकी है। ऐसे में अडानी मसले पर राहुल गांधी ही सबसे ज्यादा हमलावर हो रहे हैं। संभल में मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर हाल ही में हिंसक घटनाएं हुई थीं। सपा इस मसले को लगातार लोकसभा में उठा रही है, लेकिन वह भी कांग्रेस की सपोर्ट चाह रही है, जबकि कांग्रेस इस मसले से कन्नी काट रही है। इस सारे फसाद की वजह महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार है। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस फाइट में थी, लेकिन भाजपा नीत एनडीए से बुरी तरह हार गई।

विपक्षी गठबंधन बनने के बाद अब तक 12 राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए हैं, जिनमें से चार राज्यों में छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से था। कांग्रेस इन चारों ही राज्यों में बुरी तरह हारी। महज झारखंड और तेलंगाना में ही जीत पाई है। तेलंगाना में उसका मुकाबला केसीआर की पार्टी से था, जबकि झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी बड़े भाई की भूमिका में थी। बहरहाल, विपक्षी गठबंधन के अंदर अब जिस तरीके से ममता ने नेतृत्व की मांग की है, उससे यही आभास हो रहा है कि इस गठबंधन का भविष्य अब ज्यादा नहीं है। अरविंद केजरीवाल पहले ही दिल्ली में कांग्रेस से अलग लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। अगर अब भी स्थिति को नहीं संभाला गया तो विपक्षी गठबंधन को टूटने से कोई नहीं बचा सकता है। ऐसे में गठबंधन के शीर्ष नेताओं को एक साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए और गलतफहमियों को खत्म कर देना चाहिए, गठबंधन तभी सुरक्षित रह सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### राजनीतिज्ञ और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पत्नी

**सोनिया** गांधी प्रसिद्ध भारतीय नेत्री हैं। सोनिया का जन्म इटली के 'लुसियाना' में 'मैनो' परिवार में हुआ था। सोनिया गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष थी। इसके साथ ही वे 14 वीं लोकसभा में 'यूपीए' की भी प्रमुख थी। पति राजीव गांधी की हत्या होने के बाद उन्होंने अपना कदम राजनीति में रखा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक क्षितिज पर सोनिया गांधी ने महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया हैं। सोनिया गांधी भारत के प्रभावशाली राजनीतिक घराने की बहू हैं।



**सोनिया गांधी**
**जन्म :** 9 दिसंबर, 1946

सोनिया के पैदा होने पर लुसियाना के घरों में परंपरा के अनुसार गुलाबी रिबन बांधे गए। चर्च में सोनिया का नाम 'एडविजे एनटोनिया अलबिना मैनो' रखा गया, लेकिन उनके पिता 'स्टीफैनो' ने उन्हें सोनिया के नाम से पुकारा। रूसी नाम रखकर वो उन रूसी परिवारों का शुक्रिया अदा करना चाहते थे जिन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उनकी जान बचाई थी। सोनिया के पिता स्टीफैनो, मुसोलिनी की सेना में थे जो रूसी सेना से हार गई थी। प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात, उन्होंने विदेशी भाषा सिखाने वाले एक शैक्षिक संस्था में दाखिला लिया और अंग्रेजी, फ्रेंच व रूसी भाषाएं सीखीं। श्री राजीव गांधी से उनकी मुलाकात 'कैंब्रिज' में हुई थी, जहां वे अंग्रेजी भाषा में आगे की पढ़ाई कर रही थीं। राजीव, उस वक्त कैंम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में पढ़ रहे थे। साल 1965 में दोनों की मुलाकात एक 'ग्रीक रेस्त्रां' में हुई। उसके बाद सोनिया गांधी भारत आ गई। राजीव गांधी के साथ इनका विवाह 1968 में नई दिल्ली में संपन्न हुआ। राजीव गांधी पायलट थे और उनकी दिलचस्पी राजनीति में नहीं थी। सोनिया गांधी ने अपने वैवाहिक जीवन का अधिकांश समय अपने परिवार की देखभाल करते हुए बिताया। अपनी सास इंदिरा गांधी के सहयोगी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों को इन्होंने बखूबी निभाया। सोनिया गांधी की दो संतान, बेटा राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी हैं। ■

## कविता

### वह काला कुबेर



भीम बसेड़ू राजपूत

*जब कोई सत्ताधारी झूम रहा होता है,*
*ढोंगी बाबा का फर्जी आश्रम बना*
*नाइट क्लब,*
*अपना आपा खो रहा होता है,*
*नींद के लिए झपकी लेता रहता है,*
*तब गरीब का बच्चा;*
*सर्द रातों में रो रहा होता है,*
*मीडिया स्टंट होता है,*
*जब नेता गरीब के घर सोता है,*
*रोटी खाता है;*
*मगर गरीबी को नहीं हटाता,*
*खादी-सूत पहनकर,*
*गरीब को सूत समेत रिहाई देने की बात करता है,*
*वह काला कुबेर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बहुमंजिला इमारतें विकास का या विनाश का पर्याय?

हिमाचल में अंधाधुंध बन रही बहुमंजिला इमारतें विकास का पर्याय हैं या विनाश का? यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब सब जानते हैं लेकिन देना कोई नहीं चाहता, क्योंकि इसमें हमारा सुख छिपा है। आज का सुख कल कहीं दुख में तबदील न हो जाए? हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने होटल और विशेष वाणिज्यिक परियोजनाओं के लिए अधिकतम 14 मंजिला निर्माण की अनुमति देने से इनकार कर सैकड़ों लोगों को मौत के मुंह में जाने से बचा लिया है। चूंकि हिमाचल एक कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाला पहाड़ी राज्य है। यहां मानसून सीजन के दौरान अत्यधिक बारिश होती है, जिससे जमीन बेहद कच्ची हो जाती है।

**यथार्थ**



**लेखक : समरजीत**
**संपादक, अनंत ज्ञान**

वर्ष 2023 में बेतहाशा बारिश ने भयंकर तबाही मचाई थी, जिसकी वजह से कई इमारतें चंद सेकंडों में जमींदोज हो गई थीं। वर्ष 2024 में भी वर्षा ऋतु के दौरान राज्य में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। यह हिमाचलियों के लिए प्रकृति से खिलवाड़ का वो संकेत है जिसे हर किसी को अपने जहन में बैठा लेना चाहिए और विकास की अंधी दौड़ न लगाकर अपनी जान की परवाह करनी चाहिए। वैसे भी हिमाचल भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील इलाका माना जाता है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का अधिकांश इलाका भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन 5 में आता है। कांगड़ा जिले में आज से 119 साल पहले 4 अप्रैल, 1905 को 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। उस वक्त भूकंप में 20,000 से ज्यादा लोग बेमौत मारे गए थे। हालांकि, तब आबादी इतनी ज्यादा नहीं थी, फिर भी मौत का आंकड़ा काफी भयावह था। अगर आज के समय में ऐसा भूकंप कहीं आ जाए तो मौत का आंकड़ा लाखों में हो सकता है, क्योंकि अब हिमाचल की जनसंख्या पहले के मुकाबले ज्यादा बढ़ गई है और जगह-जगह बहुमंजिला इमारतें खड़ी हो गई हैं। इससे भी गंभीर मसला यह है कि प्रदेश में 97 प्रतिशत क्षेत्र भूस्खलन की जद में है। ऐसी परिस्थितियों में हिमाचल के लोगों को बहुमंजिला इमारतें बनाने से परहेज करना चाहिए। इसे विडंबना ही कहेंगे कि चंद पैसे बचाने और कब्जे की मंशा से लोग नदी के किनारे भी भवन बनाने लग पड़े हैं। हालांकि, मानसून सीजन में भारी बारिश से तबाही को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए नालों से पांच मीटर और नदी से सात मीटर छोड़कर ही भवन निर्माण करना की इजाजत है, जबकि इससे पहले नालों से तीन और नदियों से पांच मीटर की दूरी पर भवन बना दिए जाते थे।



यह देखना रोचक होगा कि लोग वाकई इन नियमों का पालन कर रहे हैं या फिर उनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। जब प्रकृति से उलट काम किया जाएगा तो जाहिर है तबाही तो मचेगी ही, क्योंकि बाढ़ के बहाव को आज तक कोई नहीं रोक पाया है। पानी अपना रास्ता बना ही लेता है और उसके मार्ग में जो भी बाधा आती है उसे वह खुद ही दूर कर लेता है। ऐसे में खतरनाक जगहों पर बनाए गए मकानों और बहुमंजिला इमारतों का अस्तित्व ही मिट जाता है।

बाढ़ के कारण भूमि कटाव होता है और भूस्खलन से तबाही। भू-स्खलन या इमारतों के धराशायी होने की घटनाओं को कम करने के लिए यह बेहद आवश्यक है कि जिस जगह पर इमारत का निर्माण किया जाता है उसके क्षेत्र की उचित जल निकासी के साथ-साथ इमारत की मजबूत नींव और संरचना को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए और यह तभी संभव है जब इमारत का निर्माण नगर एवं ग्राम योजना विभाग यानी टीसीपी से मंजूरी के बाद किया जाए। हिमाचल में नगर एवं ग्राम योजना संशोधन विधेयक 2024 के अनुसार, अब ग्रामीण इलाकों में 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने मकान टीसीपी के दायरे में आते हैं। यदि 1000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में बनने वाले सभी भवन और प्रोजेक्ट टीसीपी एक्ट के मुताबिक बनें तो निश्चित रूप से हम तबाही को काफी हद तक रोक सकते हैं। बेशक ऊंची इमारतें जगह बचाती हों, लेकिन इनकी वजह से मुश्किलें भी कम नहीं हैं। बहुमंजिला इमारतों का सबसे ज्यादा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है। बहुमंजिला इमारतें अधिक ऊर्जा की खपत करती हैं, जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्पादन और जलवायु परिवर्तन में योगदान करती हैं। ये अधिक पानी की खपत करती हैं, जो जल संकट और जल प्रदूषण में योगदान करती हैं। ध्वनि प्रदूषण का कारण भी बनती हैं, जो स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब होती हैं।

इनके सामाजिक प्रभाव भी होते हैं। बहुमंजिला इमारतें अक्सर आवास की कमी और सामाजिक विभाजन बढ़ाती हैं। यही नहीं, बहुमंजिला इमारतें सांस्कृतिक विरासत की हानि का कारण भी बन जाती हैं, जो स्थानीय निवासियों की सांस्कृतिक पहचान को प्रभावित करती हैं। आर्थिक असमानता और निजीकरण को बढ़ावा मिलने से कई तरह की परेशानियां उभरकर सामने आती हैं। इन प्रभावों को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि बहुमंजिला इमारतों के निर्माण और प्रबंधन में स्थिरता, सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। पिछले कई दशकों से धरती के अंदर भी जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जिससे इमारतों को बेहद खतरा उत्पन्न हो गया है। यह भी बहुत बड़ी खामी देखने में आती है कि शहरों में बन रही बहुमंजिला इमारतें धरती के अंदर के जलवायु परिवर्तन के हिसाब से डिजाइन नहीं की जाती हैं जिसका खामियाजा बाद में नुकसान और मौतों के रूप में भुगतना पड़ता है।

वैज्ञानिकों की मानें तो धरती का तापमान हर 10 साल में 0.1 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। बढ़ते तापमान की वजह से कई बार जमीन या तो फैल जाती है या फिर सिकुड़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे इमारतें कमजोर पड़ने लगती हैं और उनमें दरारें आ जाती हैं। ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहर आमतौर पर ज्यादा गर्म होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि शहरों की इमारतों को बनाने में जो निर्माण सामग्री लगती है वह ऊर्जा और गर्मी को जज्ब कर लेती है तथा बाद में इसे वातावरण में छोड़ देती है। वैज्ञानिक वैश्विक तापमान बढ़ने की सबसे बड़ी वजह अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड यानी सीओ2 बताते हैं। दरअसल, अल नीनो एक मौसम चक्र होता है जो कुछ सालों में एक बार होता है। इसकी वजह से समुद्री क्षेत्रों पर असामान्य रूप से पानी गर्म हो रहा है। इन सब कारणों को देखते हुए अगर हम अभी नहीं सुधरे तो हमारा भविष्य गर्त में जा सकता है। इस तबाही को रोकने के लिए इंसानों को खुद ही कदम उठाने होंगे, क्योंकि आखिर इसके लिए हम खुद ही जिम्मेदार हैं। अगर हम सुख सुविधाओं के नाम पर विनाश को आमंत्रण दे रहे हैं तो इसके लिए कसूरवार भी हम खुद ही हैं।

**रिस्पांस करें :** editoranantgyaan@gmail.com

## नजरिया

# सभी यहां कागजी शेर, बांग्लादेश में हिंदू की चिंता कौन करे?

जब किसी व्यक्ति का भारतीय संस्कृति पर गर्व, भारतीय संस्कृति के उत्कृष्ट सिद्धांतों पर आधारित न होकर दूसरे देश में धर्म पर आधारित हो, तो उसे भी कट्टरपंथी माना जाता है। अत: सभी को अपने अपने धर्म संस्कृति की रक्षा करने का अधिकार है और यदि संख्या बल में किसी दूसरे देश में कम हैं तो मिलजुल कर रहना शांति से जीवन यापन करना ही सभी धर्मों में समाहित है। अत: सुख, समृद्धि एवं शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सच्चरित्र तथा सदाचारी होना पहली शर्त है, जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिए। लोकमंगल की कामना ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। मानवता या फिर कहें मनुष्यता का संबंध मनुष्य से है, जिसके बगैर उसके मनुष्य होने की पहचान समाप्त हो जाती है। मानवता को सभी धर्मों में सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। हिंदू धर्म में मानव सेवा को सच्ची सेवा बताया गया है। सनातन परंपरा के अनुसार व्यक्ति को 86 लाख योनियों में पैदा होने के बाद मनुष्य का शरीर इस पृथ्वी पर मानवता के लिए मिलता है। जीवन में मनुष्यता या फिर कहें मानवता केवल किसी व्यक्ति पर दया करने से ही नहीं होती है, बल्कि हमारा आचार-विचार और व्यवहार भी मानवता की श्रेणी में आता है।

जिस तरह बांग्लादेश में हिंदू पर अत्याचार हो रहा है भारत सरकार ने घुड़की देना तो दूर मौन ब्रत धारण कर




लिया है सभी कागजी शेर की तरह यहां दहाड़ रहे हैं और यह मुद्दा कहीं न कहीं चुनाव पर भी हुआ है और बहुमत मिला यहां तक इसका फाइयदा डोनाल्ड ट्रप को भी अमेरिका के राष्ट्रपति को मिला, लेकिन अपने जगह दहाड़ने से कुछ नहीं होगा वहां जाकर इससे निपटने हेतु आवश्यक कार्यवाही करनी होगी। विदेश सचिव स्तर के बात से महज औपचारिकता ही साबित होगा।

जब तक युद्ध स्तर पर कार्यवाही के आदेश नहीं होगा तब तक ऐसा ही चलते रहेगा हिंदू मरते ही रहेंगे और राजनीति पार्टी अपनी रोटी सेकते ही रहेंगे कभी मंत्रालय को लेकर अपने तेवर दिखाएंगे कभी चुनाव या उपचुनाव में मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्ताधारी पार्टी व्यस्त है और उधर विपक्ष हार को लेकर ईवीएम में दिमाग लगाकर न्याय को लेकर कोर्ट के चक्कर लगाने में व्यस्त है।

भारतीय राजनीति में इतना बुरा दौड़ आएगा, जब सभी पार्टी किसी पद को लेकर इतना जोड़ तोड़ करे बांग्लादेश की यूनुस सरकार के ऊपर एक ऐसा दबाव बनाने की कोशिश करना चाहिए कि हिंदू की रक्षा हो सके झारखंड के चुनाव में बांग्लादेश के घुसपैठी का मुद्दा बीजेपी ने उठाया तो हेमंत सोरेन ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना पर भारत में शरण देने का आरोप लगाएं और बाजी पलट दी हमें किसी काम को शांति से विश्व कल्याण हेतु कार्य करना चाहिए। यदि हम किसी कमजोर व्यक्ति को सड़क पार कराने में मदद करते हैं या फिर किसी प्यासे को पानी पिलाते हैं तो यह भी हमारी मानवता है। किसी भूले-भटके को राह दिखाना भी मानवता है। मानवता मानव का गुणधर्म है, जिसमें यह नहीं है, वह व्यक्ति मृत शरीर के समान है। उसके मानव होने का कोई अस्तित्व नहीं है। ईश्वर की पूजा हो या फिर समाज की सेवा उसका मूल मानवता ही होता है। अत: ऐसे में बांग्लादेश में हिंदू की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाना बहुत जरूरी है। यहां तक कि यहां के हिंदू और कुछ मुस्लिम संगठन ने भी इसके लिए विरोध कर रहीं है बॉर्डर पर लोग जुट रहे हैं। अत: इसे गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि वहां के हिंदू लोगों की भारत से रिश्ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सुखबीर** बादल को उस समय मारने की कोशिश की गई, जिस समय वह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सेवादार की भूमिका निभा रहा था। सुखबीर बादल को सेवादार व कुछ अन्य सजाएं सुनाई गई थीं, तो उसी समय उनके स्वर्गीय पिता प्रकाश सिंह से फख्र-ए-कौम का खिताब भी वापस ले लिया गया था। सुखबीर बादल के साथ अकाली दल से ताल्लुक रखने वाले कुछ अन्य लोगों को भी विभिन्न प्रकार की सजाएं दी गईं। ये सजाएं इन सभी को पंजाब में अकाली दल की सरकार के समय लिए गए कुछेक फैसलों को लेकर दी गई हैं। अकाली दल के हाथ से 2017 में पंजाब की सत्ता खिसक गई थी। उसके बाद से अकाली दल फूट का शिकार हो गया और सत्ता खिसक जाने के कारणों पर भी चिंतन-मनन होता गया और अब भी हो रहा है। **वरुण, चंबा**

# हमारे जीवन में आध्यात्मिक शांति से बढ़कर कोई सुख नहीं

आधुनिकता के जिस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं उस आधुनिकता में अमन शांति और समय का अभाव देखने एवं सुनने को मिलता, क्योंकि हर व्यक्ति कहीं न कहीं अपने जीवन में अस्त व्यस्त और मानों जद्दोजहद में लगा हुआ है, जो शायद हमारे जीवन को चलाने के लिए अनिवार्य भी माना जाता है, परंतु आज कहीं न कहीं आत्मसंतुष्टि और भागदौड़ भरी जिंदगी में मानों अमन शांति से हम कोसों दूर आगे निकल पड़े हो।



**लेखक : हेमराज राणा**
**स्वतंत्र लेखक, सिरमौर**

वहीं दूसरी ओर बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक विद्वानों का समय-समय पर समाज के लिए मार्गदर्शन एवं सुझाव रहता है कि जीवन में आत्मसंतुष्टि और खुशहाल भरें जीवन को जीने के लिए हमें कहीं न कहीं आध्यात्मिक ज्ञान और आध्यात्मिक वातावरण होना अतिआवश्यक माना जाता है, क्योंकि हम सभी के जीवन में आध्यात्मिक एकमात्र ऐसा क्षेत्र माना जाता है, जिन आध्यात्मिक क्षेत्रों में जैसे मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद इत्यादि में कुछ पल बिताने पर भी हमें भागदौड़ भरे जीवन में मानों असीम शांति की अनुभूति होती है, तो वहीं जिस भी मंदिर, तीर्थ एवं धार्मिक क्षेत्रों में हम प्रवेश करते हैं तो मानों कुछ समय के लिए हम अपने कार्य परिवार और समाज से कहीं न कहीं विरक्त हो जाते हैं और केवल और केवल ईश्वर एवं देवी-देवताओं के प्रति अपनी अटूट आस्था और विश्वास को व्यक्त करते हैं, तो वहीं अपने आप को कहीं न कहीं सौभाग्यशाली भी मानते हैं। जिस आध्यात्मिक की शक्ति आस्था और विश्वास को दुनिया मानती है।

आधुनिकता के इस दौर में आज की युवा पीढ़ी कहीं न कहीं आध्यात्मिक ज्ञान और आध्यात्मिक आस्था से कहीं न कहीं अनिभिज्ञ भी होती जा रही है, तो वहीं हम सभी युवाओं



एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है, कि हम अपनी आध्यात्मिक आस्था एवं विश्वास को आने वाली पीढ़ी को भी किसी न किसी रूप से जागरूक करने का प्रयास करें। बड़े बुजुर्ग एवं साधु संतों द्वारा भी समय-समय पर समाज एवं युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक ज्ञान से अनुग्रहित किया जाता है, जिस प्रकार आज का युवा नशे का आदी होता जा रहा है।

वहीं धन के लोभ में व्यक्ति अपने संस्कार, परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान से कहीं न कहीं दूर होता जा रहा है, जिसके अनेक कारण देखने एवं सुनने को मिलते हैं। अभिभावकों को भी इस बात को सुनिश्चित करना पड़ेगा कि भविष्य में हम अपने बच्चों को संस्कार, उच्च शिक्षा एवं ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक ज्ञान की भी शिक्षा जरूर दिलाई जाएं, ताकि हमें अपने क्षेत्र के कुलदेवता, कुलदेवी, ईश्वर के प्रति अटूट आस्था बनी रहें, जिस आस्था और विश्वास के साथ हम अपने जीवन को कहीं न कहीं सार्थक सिद्ध भी कर सकते हैं। जिस भागम भाग के जीवन में हम उस असीम सुख शांति से कहीं न कहीं दूर होते जा रहे हैं।

इस प्रकार हम सभी को ईश्वर के प्रति अटूट और विश्वास को बनाएं रखने के लिए सर्वप्रथम आध्यात्मिक वातावरण को बनाने की भी आवश्यकता रहती है।

जिस आध्यात्मिक ज्ञान एवं साधना से ही हम अपने पूर्व जन्मों का फल किसी न किसी रूप से वर्तमान में प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान के अच्छे बुरे कर्मों के आधार पर अगले जीवन को किस आधार पर जीना है हमारे वर्तमान कर्मों एवं साधना पर निर्भर करता है, जिसमें चाहें दुख हो या फिर सुख की अनुभूति, धार्मिक विद्वानों के मतानुसार जीवन मरण के इस कालचक्र से अगर हम निकलना चाहते हैं, तो हमें कहीं न कहीं अपने व्यस्तम कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आस्था और विश्वास को भी बनाएं रखने की आवश्यकता है तभी शायद हम अपने जीवन में आध्यात्मिक शांति को भी प्राप्त कर सकते हैं। अगर हमारा भाव व्यक्तिगत न होकर जनहित का है। इस प्रकार जीवन में आध्यात्मिक शांति से बढ़कर कोई और सुख कदाचित हो ही नहीं सकती, ऐसा अनुभव एवं समय-समय पर विभिन्न आध्यात्मिक महापुरुषों का मत रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'यूनिफॉर्म' का उद्देश्य:क्या हम सही दिशा में हैं?

स्व. वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में 2012 में हिमाचल सरकार ने महात्मा गांधी वर्दी योजना की नींव रखी। इस योजना की पहली अधिसूचना 23 फरवरी 2013 को जारी की गई थी। योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में पहली से दसवीं कक्षा के छात्रों को वर्दी के लिए कपड़ा उपलब्ध कराया जाता था।



**लेखक : मनीष कुमार**
**स्वतंत्र लेखक**

लड़कों को आसमानी रंग की कमीज और ग्रे रंग की पतलून तथा लड़कियों को लाल-सफेद चेकदार कमीज और सफेद सलवार के लिए कपड़ा दिया जाता था। प्रत्येक विद्यार्थी को दो वर्दी सेट उपलब्ध कराए जाते थे, और प्रति सेट 100 रुपए सिलाई खर्च के लिए प्रदान किए जाते थे। 2015 में, शिक्षा विभाग ने सिलाई खर्च के लिए 14 करोड़ रुपए का बजट जारी किया। 14 जुलाई 2016 को, एक नई अधिसूचना के तहत 'मुख्यमंत्री वर्दी योजना' शुरू की गई। इस योजना में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को भी वर्दी के लिए कपड़ा दिया जाने लगा, लेकिन इसमें सिलाई खर्च का प्रावधान नहीं था। 2018-19 के दौरान, तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में, सरकार ने इन दोनों योजनाओं को विलय कर 'अटल वर्दी योजना' की शुरुआत की। इस योजना में वर्दी के रंग में बदलाव किया गया, किंतु सरकारी स्कूलों में वर्दी का रंग पहले जैसे सभी छात्रों के लिए एक समान रखा गया।

हाल ही में, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, सरकार ने इन सभी योजनाओं को समाप्त कर दिया और स्कूलों को यह निर्देश दिया कि वे स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) से संवाद कर अपने विद्यालय के लिए वर्दी का रंग चुनें।



हालांकि, इस प्रक्रिया में कई जगह 'जितने मुंह उतनी बातें' वाली स्थिति उत्पन्न हो गई और अपेक्षित संवाद के स्थान पर विवाद उत्पन्न हुए और कई समितियां को वर्दी का रंग तय करने में '9 दिन चले अढ़ाई कोस' वाली गति रही।

योजना के तहत प्रति विद्यार्थी (1-8वीं) ₹600 कपड़ा खरीदने और सिलाई खर्च के लिए देने का निर्णय भी लिया। हर विद्यालय को अपने स्तर पर अलग-अलग वर्दी का रंग चुनने का अधिकार देने से प्रत्येक विद्यालय में वर्दी एक समान नहीं रही है। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि अलग-अलग स्कूल में वर्दी का रंग अलग होने से रेडीमेड कपड़ा विक्रेताओं के पास भी वर्दी का कपड़ा नहीं मिल पा रहा है। एक विक्रेता से पूछने पर उन्होंने उत्तर दिया कि किसी स्कूल का अलग रंग है तो किसी का अलग। आखिर किस-किस रंग की वर्दी का कपड़ा रखें? ऐसे में देश की भावी पीढ़ी के बहुमूल्य समय का बहुत बड़ा हिस्सा वर्दी के रंग का कपड़ा ढूंढने में व्यर्थ हुआ। डीएवी स्कूल का ही उदाहरण लें तो पूरे भारतवर्ष में डीएवी के प्रत्येक स्कूल में वर्दी एक समान है। यूं तो मेरे अनुसार पूरे भारतवर्ष में सरकारी स्कूलों की वर्दी एक समान होनी चाहिए। राष्ट्र स्तर पर नहीं तो कम से कम राज्य के स्कूलों में तो एक जैसी वर्दी होनी ही चाहिए। साथ ही कपड़ा व सिलाई खर्च के रूप में मिलने वाला ₹600 भी आज की महंगाई में 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है। ₹600 में तो आज एक वर्दी भी पूरी नहीं सिलेगी।

गांवों के दर्जी ही ₹800-900 रुपए एक पैंट-कमीज की सिलाई ले रहे हैं और बावजूद इसके दर्जी उनको तीन-चार महीने का समय देते हैं। संबंधित विभाग और मंत्रालय को विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर पुन: विचार करने की सख्त जरूरत है, ताकि भारत की शक्ति कहलाने वाली युवा पीढ़ी का बहुमूल्य समय फिजूल में व्यर्थ न हो और वे अपना ध्यान शिक्षा और भविष्य निर्माण में लगा सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बास्केटबॉल की सीनियर स्टेट टीम का ट्रायल संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** रविवार को बास्केटबॉल की सीनियर स्टेट टीम का ट्रायल लिया गया जिसमें 60 से अधिक पुरुष और महिलाओं ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। यह ट्रायल महासचिव जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन अशोक भुट्टो की देखरेख में हुआ। चयन समिति में राजू और चंदन कटोच भी शामिल रहे। महिला वर्ग में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें किरण, उपासना, स्नेहा, आंचल, दीक्षा, प्रेरणा, तमन्ना, भूमिका, शिवानी, काव्या, प्रियांशी, प्रियंका, और पुरुष वर्ग में आयुष, रोहन, शुभम, अभिनव, दिनेश, विशाल, प्रज्वल, रजत, आर्यन, अभिनव, वैभव और अशोक का चयन सीनियर स्टेट चैंपियनशिप जोकि कांगड़ा में 13 से 15 तारीख तक आयोजित होने जा रही है उसमें भाग लेंगी। वहीं इनका तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंडी में आयोजित किया जाएगा।

### सरकार पर आरोप लगाने से पूर्व तथ्य देखे भाजपा : अनित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पिछले कुछ दिनों से मंडी विश्वविद्यालय की सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग निजी कॉलेज को देने का मुद्दा प्रदेश भर में गर्माया है। मामला यह है कि प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी करके मंडी विश्वविद्यालय को निर्देश दिए है कि वे अपने सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग को खाली करके एमएलएसएम कॉलेज को हैंडओवर करे जिसका एबीवीपी और भाजपा द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस मामले पर एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि भाजपा व एबीवीपी इस मुद्दे पर सरकार पर आरोप लगाने से पूर्व तथ्यों की जानकारी ले। अनित जसवाल ने कहा कि एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर एक निजी नहीं बल्कि अर्धसरकारी शिक्षण संस्थान है। सरकार ने यह बिल्डिंग सभी तथ्यों की जांच व दस्तावेजों की न्यायिक तरीके से जांच करने के बाद ही यह बिल्डिंग एमएलएसएम कॉलेज को सौंपने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए जब एमओयू हुआ था तब सरदार पटेल विश्वविद्यालय अस्तित्व में नहीं था और यह समझौता क्लस्टर यूनिवर्सिटी व एमएलएसएम कॉलेज के मध्य हुआ था और बिल्डिंग का प्रयोग संयुक्त रूप से करने का समझौता हुआ था, जिसके लिए एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के परिसर में महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा भूमि प्रदान की गई थी, लेकिन बाद में इसे सरदार पटेल विश्वविद्यालय में परिवर्तित कर दिया गया। केवल मात्र सरकार का नाम खराब करने की नियत से इस प्रकार के कार्य करने से बचना चाहिए जिससे जनता गुमराह हो।

### मनवीर सिंह एएसआई के पद पर हुए पदोन्नत



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के मनवीर सिंह ठाकुर को सरकार और विभाग ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए एएसआई के पद पदोन्नति देकर उन्हें सम्मान दिया है मनवीर सिंह ठाकुर की इस कामयाबी को लेकर क्षेत्र भर में खुशी का माहौल व्याप्त है सधोट पंचायत के धनराशि गांव से संबंध रखने वाले मुख्य आरक्षी मनवीर सिंह ठाकुर ठाकुर को पदोन्नत कर एएसआई के पद पर पुलिस लाइन धर्मशाला में तैनात किया है इससे पहले वह पधर थाना में मुख्य आरक्षी के पद पर सेवाएं प्रदान कर रहे थे। इस कामयाबी पर विधायक चंद्रशेखर, पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान जितेंद्र सिंह, कर्नल एवं सैनिक बल जिला अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर आदि ने खुशी जताई।

### बांग्लादेश में मंदिरों-मूर्तियों की हो रही तोड़फोड़ : महादेविया

**भीम बसेड़, महादेव।** बांग्लादेश की अंतरिम मुहम्मद यूनुस सरकार इसलिए भी जानी जाएगी, क्योंकि मुगलों की तरह हिंदुओं पर अत्याचार करने वाली एवं शांति का नकाब ओढ़े इस खूनी-अशांत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा रही जुल्मों-मानवाधिकारों की चिंता की भी परवाह नहीं ऐसे में दुश्मन बन बैठे इस हिंदू विरोधी सरकार को कड़ा सबक सिखाना जरूरी है। यह शब्द साहित्यकार एवं पर्यावरण प्रेमी कृष्णचंद्र महादेविया ने एक बयान में कहे। उन्होंने बांग्लादेश में सनातन संस्कार और संस्कृति पर कट्टरपंथियों, पुलिस तथा फौज की बनी तिकड़ी द्वारा लगातार किए जा रहे कुठाराघात से आहत हुई हिंदू आस्था को लेकर विभिन्न समाचार-पत्रों आदि के माध्यम से आ रही खबरें ही नहीं बल्कि दूसरे शब्दों में समाचार पत्रों को हद लांघ गए हिंदू दमन का रोजनामचा भी कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि वहां की सरकार जो हिंदुओं के खिलाफ मारपीट, लूटपाट, आगजनी करने समेत हिंदू मंदिरों-मूर्तियों को तोड़ रही है और धर्मगुरुओं को यातना देकर जेल में ठूंस रही है न तो अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले रोक पा रही है और न ही उन चरमपंथी और जिहादी तत्वों पर लगाम लगा पा रही है जो भारत के खिलाफ बयानबाजी तो कर ही रहे हैं। साथ ही उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे भारत को धमकियां दे रहे हैं। वहीं भारत सरकार से पुरजोर मांग करते हुए महादेविया ने कहा कि अराजकता फैले बांग्लादेश के साथ अब बयानबाजी से काम न लेकर हिंदुओं की राजी खुशी के लिए सख्ती बरती जाए।

### कंपोजिट ग्रांट जारी न होने से स्कूलों पर बिजली संकट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कंपोजिट ग्रांट अब तक जारी नहीं की गई है, जिससे खंड द्रंग-प्रथम जोगिंद्रनगर के सभी स्कूलों में वित्तीय संकट गहरा गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग-प्रथम के सचिव जगदीश चंद ने एक बयान में बताया कि इस ग्रांट के अभाव में स्कूलों के स्टेशनरी, प्रश्न पत्र, रिपेयर कार्य और बिजली बिलों का भुगतान लटका हुआ है। जगदीश चंद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड ने कई स्कूलों को बिजली कनेक्शन काटने के नोटिस जारी कर दिए हैं। यदि समय पर बिल जमा नहीं हुए तो बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई भी प्रभावित होगी। संघ के प्रधान बलदेव सिंह ने शिक्षा विभाग से बिजली बिलों के लिए अलग से बजट प्रावधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक अपनी जेब से बिजली बिलों का भुगतान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष कम्पोजिट ग्रांट का केवल 50 ही जारी किया गया था, जिसके कारण अभी भी कई स्कूलों के बिलों का भुगतान लंबित है। बलदेव सिंह ने चेतावनी दी कि यदि ग्रांट जल्द जारी नहीं की गई, तो इससे शिक्षा व्यवस्था और छात्रों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित होगी। संघ ने शिक्षा विभाग से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### सूखी ठंड : सर्दी-जुकाम-बुखार के बढ़ गए मरीज

**मंडी।** जिला मंडी में इन दिनों सूखी ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिससे सर्दी, जुकाम, गला दर्द, उल्टी, दस्त, बुखार जैसी बीमारियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिले के अस्पतालों में रोजाना 10 से 15 मरीज भर्ती हो रहे हैं। सूखी ठंड से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बारिश ना होने के कारण लोग अधिक बीमार पड़ रहे हैं। नेरचौक मेडिकल कॉलेज और क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में मरीजों की संख्या में पहले मुकाबले बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जहां नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रोजाना ओपीडी में करीब 200 से 300 मरीज आ रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय अस्पताल की चाइल्ड ओपीडी भी 100 के पार पहुंच रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में मरीजों की देखभाल के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पूरी कर ली है।

### सीजन की पहली बर्फबारी



सीजन की पहली बर्फबारी में मंडी की सराज घाटी के शाठाधार मंदिर का अद्भुत नजारा। (नूतन ठाकुर)

# धर्मपुर के डेढ़ दर्जन परिवार सड़क की सुविधा से महरूम

**व्यवस्था परिवर्तन के बाद भी नहीं बदले हालात**

**रितेश, सरकाघाट**



घरों को जाने वाले रास्तों का हाल।

सड़क के खराब हालात।

व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आसीन हुई सुक्खू सरकार व धर्मपुर के विधायक लौंगनी पँचायत के भौरनाला, धारडा और चाक्कीनाल के डेढ़ दर्जन परिवार अभी भी सड़क सुविधा से महरूम हैं जबकि सरकार 11 दिसंबर अपने गठन के दो साल का जश्न मनाने जा रही है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ये गांव जो नाल्ड खड्डु के दूसरी तरफ बसे हैं आज़ादी के 78 साल बाद भी सड़क से वंचित हैं और ये बरसात में पूरी तरह से कट जाते हैं और बहुत से लोग मजबूरी में यहां से पलायन भी कर चुके हैं।

बीमार होने पर तथा बच्चों को स्कूल जाने-आने में बहुत ज्यादा दिक्कतें आती हैं। पूर्व सरकार के समय के समय में भी और वर्तमान के समय में भी इनकी सुध नहीं ली जा रही है। हालांकि दस साल पहले यहां के लिए झूला पुल बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन उसे वहां से अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया और नाल्ड से धवाली वाया खोपुआं, हेलिपैड सड़क व पुल करोड़ों रुपए की लागत से बन गया है, लेकिन इन परिवारों को इसकी कोई सुविधा नहीं मिली है। शिवदवाला से खड्डु के रास्ते भी यहां आया जाया जा सकता है लेकिन उसे भी खनन विभाग बंद कर देता है। जबकि खनन माफिया लगातार अवैध खनन कर रहा है और लोगों का रास्ता बंद कर देते हैं। तरफ बरसात के बाद खड्डु से होते हुए यहां जाने वाले रास्ते को भी स्टोन क्रशर व खनन करने वाले तोड़ देते हैं और जाने भी नहीं देते हैं।

### सड़क मार्ग बनाने के लिए डीपीआर तैयार, मगर बजट आ रहा आड़े

**इन** परिवारों के लिए सड़क मार्ग बनाने के लिए डीपीआर पहले से ही तैयार है और अब वन विभाग से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है लेकिन अब सरकार और विधायक बजट न होने का रोना रो रहे हैं और नाल्ड पुल से एक किलोमीटर सड़क भी नहीं बना पा रहे हैं। जबकि चुनावों से पहले इन लोगों से सड़क उपलब्ध कराने के नाम पर वोट लिए गए थे जिसे अब विधायक भूल गए हैं। इन गांवों के निवासी रूपलाल, बलबीर, लेखराज, पन्जेश, कनाहकड्डू, ओमचन्द, राजेन्द्र, नत्थू राम, चन्द्रमणि, पूनम, केशव, निर्मला, बदरी, रघु और प्रकाशां इत्यादि ने विधायक व लोकनिर्माण विभाग से मांग की है कि उन्हें जल्द सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# डीएवी सीपीएस मंडी ने नवाजे होनहार



होनहारों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

**अनिल शर्मा, मंडी**

**धूमधाम से मनाया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बताया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2024 में डीएवी सीएमसी नई दिल्ली से सचिव आदरणीय रवींद्र तलवार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और अन्य गणमान्य अतिथियों में आदरयुक्त मैडम ललिता तलवार व वंदना गुलेरिया, विद्यालय प्रबंधक आदरणीय जीके भटनागर श्रद्धेय नमित शर्मा एआरओ एचपी जोन एफ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें उन्होंने वर्ष भर की विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यातिथि रवींद्र तलवार ने डीएवी के महत्व और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों के नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्थान भारत का शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा निजी संस्थान है।

इस संस्थान का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास करना और विद्यार्थियों को अनुशासन प्रिय बनाकर उन्हें उनकी मंजिल की ओर पहुंचना है। इस दिशा में डीएवी मंडी प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया के नेतृत्व में हर दिशा में आगे निकलता जा रहा है। उन्होंने विद्यालय द्वारा वार्षिक समारोह में दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की और रामायण जैसे आदि काव्य को यहां प्रस्तुत कर यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास और उनमें नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है। मुख्यातिथि के संबोधन के उपरांत विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्यातिथि द्वारा विद्यालय पत्रिका का विमोचन किया गया। पत्रिका विमोचन के पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृतिचिह्न भेंट किया गया और अंतिम प्रस्तुति फेस्टिवल डांस के पश्चात मंच संचालक मैडम नेहा मल्होत्रा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया तदोपरांत शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रोटरी के प्रोजेक्ट में हृदय रोगियों का उपचार शामिल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



बैठक की अध्यक्षता करते अमर सिंह जसवाल व अन्य।

रोटरी क्लब ने अपने प्रोजेक्ट में हृदय रोगियों के उपचार को शामिल कर नई पहल शुरू की है। क्लब ने घोषणा की है कि गिफ्ट ऑफ लाइफ योजना के तहत छह माह से 18 साल तक के मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। निर्धन परिवारों से संबंधित मरीजों के ऑपरेशन का पूरा खर्च रोटरी क्लब वहन करेगा।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि हृदय रोग से पीड़ित ऐसे मरीज, जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते, उनके उपचार की जिम्मेदारी अब रोटरी क्लब उठाएगा। मरीजों की पहचान और उपचार रोटरी की देखरेख में किया जाएगा। क्लब ने बताया कि दिसंबर माह में हृदय रोगियों की जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को जोगिंद्रनगर के लक्ष्मी बाजार स्थित रोटरी क्लब कार्यालय में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश राणा मरीजों की जांच करेंगे। चयनित मरीजों का ऑपरेशन बड़े अस्पतालों में नि:शुल्क करवाया जाएगा। दवाइयों की उपलब्धता भी क्लब सुनिश्चित करेगा।

रोटरी क्लब अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने कहा कि हृदय रोगियों का पंजीकरण 22 दिसंबर को लक्ष्मी बाजार स्थित कार्यालय में होगा। चयनित मरीजों का इलाज और ऑपरेशन रोटरी क्लब के सहयोग से बड़े अस्पतालों में नि:शुल्क किया जाएगा।

## युवक से 517 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर पुलिस की विशेष जांच इकाई ने सुक्कड़ नाला के पास नाके के दौरान 517 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी अनुसार जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी सकीनी कपूर के नेतृत्व में एएसआई संजीव और उनकी विशेष जांच टीम ने मंडी-पठानकोट सड़क पर सुक्कड़ नाला के पास नाका लगाया था। इस दौरान एक युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 517 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान हेत राम, निवासी लंबाहर, बीड़, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है और उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान तेज करने का आश्वासन दिया है।

## मिल्ककेक-घी के सैंपल खराब

**मंडी।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मंडी जिला के विभिन्न स्थानों से लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट खराब पाई गई है। विभाग द्वारा दीपावली के असवर पर गोहर से मिल्क केक के सैंपल भरे थे, जिसकी रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार यह मिल्क केक सबस्टैंडर्ड पाया गया है।

दुकानदार द्वारा मिल्क केक, तेल और दूध के मिश्रण से बनाया जा रहा था, जो सेहत के लिए हानिकारक था। विभाग द्वारा पहले ही पच्चास किलो मिल्क केक को सीज कर दिया गया था, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ ना हो। ऐसा ही एक मामला रत्ती में भी पेश आया था।

## खेल मैदान बचाओ अभियान समिति को किसान सभा का समर्थन : प्रेम चौधरी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के उपरांत समिति के सदस्य ।

हिमाचल किसान सभा बल्ह कमेटी की बैठक प्रधान प्रेम चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। हाल ही में कन्सा खड़ के बीचो बिच डन्गा व खुदवाई के कारण मोजुदा खेल मैदान व टावां, जरलू, व नकी गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

किसान सभा का मानना है कि सरकारी भूमि में एक मात्र खेल का मैदान कन्सा चौक में है, यह खेल का मैदान बल्ह विधानसभा क्षेत्र और नाचन विधानसभा क्षेत्र, इन दोनों क्षेत्रों के लिए एक ही खेल का मैदान है, अत: सरकार व प्रशासन से मांग कि जाती है कि इस अतिक्रमण को रोका जाए। इसके इलाबा 'खेल मैदान बचाओ अभियान समिति' को किसान सभा का पूरी तरह से समर्थन जाहिर किया गया। बैठक में प्रधान प्रेम चौधरी के इलाबा, जोगिंद्र, दिले राम, कैप्टन प्रेम सिंह, बलदेव, पूरण चंद, देवी रूप आदि शामिल रहे।

## 2 ट्रकों से जड़ी-बूटी बरामद, आरोपी काबू

**मंडी।** मंडी शहर के बिंद्रावणी में रखाल (जड़ी-बूटी) के साथ 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। रखाल की कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने रखाल को कब्जे में लेकर 2 ट्रकों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस बिंद्रावणी में नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी।

इस दौरान पंडोह की तरफ से 2 माजदा ट्रक आए। दोनों को पुलिस टीम ने रोककर तलाशी ली तो उनमें रखाल की 252 बोरियां लदी पाई गईं। ट्रक चालकों की पहचान जोगिंद्रनगर उपमंडल के रहने वालों के रूप में हुई है। डीएफओ मंडी वासु डोगर ने बताया कि मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# सरकाघाट में बने युद्ध स्मारक

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



सरकाघाट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपमंडल बलद्वाड़ा, धर्मपुर, संधोल, टीहरा आदि स्थानों के कितने ही बहादुर सैनिक हैं जिन्होंने देश के लिए दुश्मनों से लोहा लेते प्राण त्याग दिए हैं, लेकिन आज तक भी सरकाघाट में उनकी याद में कोई भी शहीद स्मारक नहीं है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से सरकाघाट में शहीदों के लिए स्मारक न होने के विषय को तथा शहीदों की अनदेखी को सामने रखते हुए सरकाघाट एसडीएम को एक पत्र लिखकर मांग की है कि वह इस क्षेत्र के शहीदों को याद करना तथा उनकी याद में स्मारक आदि बनाना भी इसी क्षेत्र के लोगों का तथा प्रशासन का प्रमुख कर्तव्य है।(अनंत ज्ञान)

### पार्क का युद्ध स्मारक सरकाघाट के नाम में हो परिवर्तित

**कैप्टन** जगदीश वर्मा ने एसडीएम को निवेदन किया है कि सरकाघाट में सेंट्रल पार्क में बेंच आदि भी लगाए गए हैं। इस पार्क को युद्ध स्मारक सरकाघाट के नाम में परिवर्तित करने तथा उसमें एक सोल्जर की स्टेचू, साथ ही राइफल तथा हेलमेट लगाने तथा उसके साथ में इटालियन मार्बल के ऊपर इस क्षेत्र के सभी शहीदों के नाम व रैंक लिखकर वहां पर रखे जाएं। एसडीएम सरकाघाट से मांग की है कि इसका कॉन्ट्रैक्ट किसी ठेकेदार को देखकर के और उसके लिए उचित फंड का भी प्रावधान करें ।

## शादी समारोह में बुजुर्ग की मौत

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत रोपड़ी क्लेहडू के बनोण गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। एक शादी समारोह के दौरान नाचते हुए 60 वर्षीय बुजुर्ग गोशाला के पास गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

जानकारी अनुसार मृतक की पहचान लौकु राम (उम्र 60 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसा देर शाम हुआ, जब शादी के उत्सव में शामिल लौकु राम नाचते समय अचानक गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# भाजपा का एजेंडा विरोध करना : संजीव

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता।

बिलासपुर के लुहणू मैदान में 11 दिसंबर को प्रस्तावित कांग्रेस के दो वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण करने पर कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए गांधी भवन मंडी में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा के पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस दौरान किस प्रकार से मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों से बसें कैसे लुहणू मैदान पहुंचेगी इसका खाका भी तैयार किया गया।

एपीएमसी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने बताया कि मंडी जिला से करीब 150 बसें और 1000 छोटी गाड़ियां जा रही है, जिसमें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोग भी शिरकत करेंगे।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का एजेंडा हो गया है विरोध करना और कोविड काल में भाजपा नेताओं ने क्यों इस्तीफे दिए क्यों मंत्रियों को पद से हटना पड़ा।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा के दौरान जननायक और उभरते हुए कार्य कर ऑपरेशन लोटस को फेल किया तभी भाजपा हताश दिख रही है और भाजपा कार्यकर्ता और नेता बौखलाहट में है। इस दौरान कांग्रेस नेत्री चंपा ठाकुर, जगदीश रेड्डी, संजीव गुलेरिया, चमन राही, लाभ सिंह व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## 15 से पहले सभी विद्युत उपभोक्ता करवाएं अपने मीटरों की ई-केवाईसी

**उमेश, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत कनैड, कलौहड और धनोटू के उपभोक्ताओं के घरेलू और व्यापारिक बिजली के मीटरों को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए ई-केवाईसी जारी है।

सहायक अधिशाषी अभियंता विद्युत उपकेंद्र उपमंडल सुंदरनगर गुलाब सिंह चौहान ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए के लिए 9 दिसंबर को कनैड, भौर, जुगाहान, मैरामसीत, खिलड़ा पंचायत, 10 को ढाबन, डुगराई पंचायत, 11 को डडौर, सयोली, चौक, लोअर बैहली पंचायत,12 को धनोटू ( महादेव ), कपाही पंचायत और 13 को लुहाखर पंचायत में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ई-केवाईसी की जाएगी। इसके साथ उपभोक्ता सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत डिवीजन कार्यालय में भी ई-केवाईसी करवा सकते है।




**सरोकार** | **मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से संभव हुआ उपचार**

# जौर्य के जीवन में गूंजी उम्मीदों की मधुर ध्वनि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों के उत्थान तथा उन्हें सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। किन्हीं कारणवश उपचार करवाने में असमर्थ जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष वरदान साबित हो रहा है।

जौर्य को श्रवण यंत्र लगाने में मदद कर प्रदेश सरकार ने एक बार पुन: संवेदनशीलता का परिचय दिया है। बल्ह की डहणू पंचायत की रहने वाली शकुंतला देवी पत्नी दिवान चंद ने बताया कि वर्ष 2018 में उनके घर बेटा जौर्य पैदा हुआ।

वहां से उसे इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल शिमला के लिए भेजा गया। डॉक्टरों के परामर्श पर उसे श्रवण मशीन लगाई गई और छह माह तक उसे निगरानी में रखा गया। उसे पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि एक ऑपरेशन के जरिए जौर्य के सिर के पिछले हिस्से में श्रवण यंत्र डालना होगा। इसके उपचार पर लाखों रुपए व्यय होने थे।

उन्हें मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसके उपरांत फरवरी, 2023 में पुन: आर्थिक मदद के लिए आवेदन किया। प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें तत्काल सहायता राशि के रूप में साढ़े चार लाख रुपए स्वीकृत किए गए। वहीं इस ऑपरेशन के बाद अब उसे सुनाई देने लगा है। इतना ही नहीं जौर्य अब स्कूल भी जाने लगा है।

### प्रशासन विभागों के साथ मिलकर कर रहा प्रयास

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन का कहना है कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन सभी विभागों के साथ मिलकर प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के तहत जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रॉस कंट्री दौड़ में हितेश और निधि प्रथम



**संजीव पुरी, ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर की रेस और महिला वर्ग के लिए 8 किलोमीटर की रेस का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बहुत संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में हितेश सैनी ने प्रथम, अंकुश ने द्वितीय और प्रमोद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में निधि ने प्रथम, स्वाति ठाकुर ने द्वितीय और भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 पुरुष वर्ग की 8 किलोमीटर की रेस में पंकज चौधरी ने प्रथम, शशांक चौधरी ने द्वितीय और अरुण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जिला एथलेटिक एसोसिएशन के महामंत्री तिलक राज सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजय कटारिया, धीरज ठाकुर, संजीव कुमार, रमन सैनी, श्याम ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इन खिलाड़ियों का चयन 15 तारीख को होने वाली राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### बढ़ेड़ा राजपूतां स्कूल ने मनाया पारितोषिक समारोह



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढ़ेड़ा राजपूतां का समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विधायक विधानसभा गगरेट राकेश कालिया ने इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जिनका स्वागत पाठशाला के प्रधानाचार्य सतनाम सिंह, स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मोनिका व सदस्यों द्वारा फूलमाला पहनाकर किया गया। बच्चों द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमे गिद्दा, नाटी, भांगड़ा, कथक, स्किट आदि विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विधायक ने विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यातिथि ने जिला स्तर पर प्रथम रहे विज्ञान मॉडल को भी जांचा। इस अवसर पर बोर्ड की मेरिट सूची में आठवें स्थान पर रही कोमल और शैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को सम्मानित किया और खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक आकलन भी मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया।

### दौलतपुर चौक कॉलेज में लगी करियर काउंसिलिंग



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक के करियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सैल तथा बीबीए और बीसीए विभाग द्वारा बीबीए, बीसीए और बीकॉम के छात्रों के लिए 'स्नातक के बाद करियर के अवसर' विषय पर एक संयुक्त सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार चितकारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की ओर से आयोजित किया गया था। प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल ने सभी वक्ताओं का महाविद्यालय में स्वागत किया और छात्रों को प्रेरित किया। करियर काउंसिलिंग सेल के प्रमुख और बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ. रमन चौधरी ने सम्माननीय अतिथियों का परिचय कराया और छात्रों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता संजीव दोसांझ, निदेशक, डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट्स आउटरीच, चितकारा विश्वविद्यालय ने विभिन्न डिग्री और व्यावसायिक कोर्स के बाद उपलब्ध नवीनतम भविष्य के करियर विकल्पों पर चर्चा की। इस सेमिनार में 100 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह सत्र बहुत ही संवादात्मक रहा। इस कार्यक्रम के दौरान बीबीए और बीसीए के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय मिलने पर पीएम का आभार जताया



भाजपा नेता एवं समाजसेवी केंद्रीय विद्यालय मिलने पर बच्चे का मुंह मीठा करवाते हुए।

**अनंत ज्ञान, अंब।** केंद्र की मोदी सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश को बड़ी सौगात दी गई है। केंद्र सरकार राज्य में कुल चार नए केंद्रीय विद्यालय खोलने जा रही है जिसमें से दो केंद्रीय विद्यालय ऊना जिले में खुलेंगे। पहला केंद्रीय विद्यालय चिंतपूर्णी विधानसभा के गांव नंदपुर में खुलेगा, वहीं दूसरा केंद्रीय विद्यालय गगरेट विधानसभा के अपर भंजाल में खुलेगा। आर्थिक मामलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुलाई गई कैबिनेट बैठक में इन विद्यालयों पर मुहर लगाई गई है। यह निर्णय पूरे भारत में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने और मौजूदा केंद्रीय विद्यालयों के विस्तार की राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा है। आज इसी उपलक्ष्य में जिला भाजपा के अध्यक्ष बलबीर सिंह, महामंत्री शाम मिन्हास, जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा व सांसद अनुराग ठाकुर का तहे दिल से धन्यवाद किया। इस मौके पर जिला महामंत्री शाम मिन्हास, कार्यालय सचिव विजय शर्मा, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा व एस सी मोर्चा महामंत्री इंजीनियर रामपॉल ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया।

# सांसद अनुराग ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

## विकास कार्यों में अधिकारियों को दिए तेजी लाने के निर्देश, बोले-28 फरवरी, 2025 तक हर हाल में पूरे किए जाएं शुरू हुए कार्य

**राजेश शर्मा, ऊना**

सांसद अनुराग ठाकुर ने ऊना में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने केंद्र सरकार प्रायोजित विकास योजनाओं की प्रगति का गहन जायजा लिया और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।



अनुराग ठाकुर ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

उन्होंने कहा कि सांसद विकास निधि से जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, लेकिन 31 मार्च 2023 तक जिनका कार्य आरंभ नहीं हुआ, उनकी निधि को वापस कर दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों की शुरुआत हो चुकी है, उन्हें 28 फरवरी 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाए। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे सिर्फ लक्ष्यों को पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि कार्यप्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिशा की अगली बैठक तक जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव दिखने चाहिएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को जमीनी फीडबैक लेने और योजनाओं में सुधार के लिए सुझाव देने को कहा।

बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर चर्चा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के कार्यान्वयन बारे विस्तृत जानकारी दी। सांसद ने ऊना जिले में अवैध खनन की विकराल समस्या पर चिंता जताई और इसके समाधान के लिए नवीनतम तकनीकों और ग्रामीणों के सहयोग से निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन के कारण ग्रामीण सड़कों को हो रहे नुकसान और राजस्व हानि पर भी कड़ा संज्ञान लिया, साथ ही अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए विशेष पुलिस दल की स्वीकृति के प्रयास करने को कहा।

सांसद ने बताया कि ऊना जिले के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2646 मकानों को स्वीकृति दी गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा, जिले में गगरेट और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्रों के लिए दो नए केंद्रीय विद्यालयों को स्वीकृति मिली है।

सांसद ने ऊना जिले में विभिन्न रेलवे अंडरपास में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को इसका स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए। आगे से सभी निर्माण कार्यों को भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से अमल में लाने को कहा, साथ ही, पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के डिजाइन में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए इसे अविलंब सुलझाने को कहा। सांसद ने ग्रामीण विकास योजनाओं के कंवर्जेंस पर बल दिया और पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आरसेटी के जरिए आजीविका प्रशिक्षण की जानकारी साझा करने और जिले में कुपोषण को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी बनाने के कार्यक्रम को लेकर जिला की कार्ययोजना तैयार करने को कहा। सांसद ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 27 कार्यों पर कुल 243 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा लोगों की सुरक्षा तय बनाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाएगा : डीसी

उपायुक्त जतिन लाल ने सांसद के निर्देशों का पूरा अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और कहा कि विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

### सदस्यों ने दिए बहुमूल्य सुझाव

इस अवसर पर बैठक में ऊना के विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी और चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलवीर चौधरी सहित समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्यों ने विकास कार्यों को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

### 61 लाख रुपए के धोखाधड़ी मामले में हरोली पुलिस को 72 घंटे में मिली कामयाबी

# राजस्थान के जयपुर से किया पहला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के दिशा दिशा-निर्देश अनुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक मोहन रावत की अगुवाई में पुलिस थाना हरोली की टीम में थाना प्रभारी सुनील कुमार संख्यान के नेतृत्व में एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

4 दिसंबर को हुई रिपोर्ट जिसमें डिजिटल अरेस्ट के बहाने आरोपियों ने एक व्यक्ति से 61 लाख रुपए की ठगी कर ली थी, को सुलझाने के लिए थाना प्रभारी सुनील कुमार ने पूरी योजना के तहत कार्य करके उपनरीक्षक चेतन, मुख्य आरक्षी सुनील कुमार आरक्षी रोहित तथा आरक्षी अंकुश के रूप में एक टीम गठित करके आरोपियों को पकड़ने के लिए राजस्थान भेजी थी, जो टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए 72 घंटे के अंदर एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी 10 प्रतिशत कमीशन लेकर अपने खातों में पैसे डलवा कर अगली टीम को भेज रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस हरोली ले आई है, जिसकी पहचान रोशन यादव वार्ड नंबर 5, मेला की दुकान, चौमू-जयपुर-धोबलाई, गोविंद गढ़ अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है, जिसे आज अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, जहां से ओर खुलासा होने की संभावना है। इससे पहले पुलिस ने आरोपियों के द्वारा की गई व्हाट्सएप कॉल को भी ट्रेस कर लिया जो पाया कि कॉल करने वाले ग्रुप के मुखिया कंबोडिया में बैठकर विदेश से ठगी का कार्य कर रहे हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

विदित रहे के हरोली थाना क्षेत्राधिकार के में एक व्यक्ति के साथ डिजिटल अरेस्ट के बहाने साथियों ने 61 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की है। इस संदर्भ में हरोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था और कार्रवाई अमल में लाई जा रही थी।

### 35.38 ग्राम चिट्टा बरामद

**ऊना।** जिला पुलिस की टीम ने 35.38 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। ऊना सदर पुलिस की टीम ने ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर 4.14 ग्राम चिट्टा/हैरोइन बरामद किया। इस संदर्भ में उपरोक्त संजय कुमार पुत्र शाम लाल निवासी गांव व डाकघर बड़ैहर व किशन पुत्र राम पाल निवासी प्रताप नगर नजदीक एमपी दी कोठी मेदा मांजरा नंगल जिला रूपनगर पंजाब को काबू किया है। उधर, मैहतपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर रायपुर नजदीक रेलवे क्रॉसिंग फाटक के एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर 31.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस संदर्भ में अभिषेक सिंह पुत्र राजिंद्र सिंह निवासी गांव सीमा डाकघर कालेवाल बीत जिला होशियारपुर को काबू किया गया।

### मारपीट करने पर मामला दर्ज

**हरोली।** थाना हरोली के तहत बीना कुमारी पत्नी त्रिलोक सिंह निवासी कर्मपुर की शिकायत पर पड़ोसी मनोज पर उनसे अभद्र व्यवहार और मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामल दर्ज करके छानबीन शुरु कर दी है।

# केंद्रीय विद्यालय को मील के पत्थर के रूप में देख रहे गांववासी



पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के समक्ष लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करते गांववासी।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट की ग्राम पंचायत अप्पर भंजाल के गोकुल नगर में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए केंद्रीय विद्यालय को गांववासी मील के पत्थर के रूप में देख रहे हैं। गांववासियों का मानना है कि केंद्रीय विद्यालय युवा भविष्य को संवारने में अहम साबित होगा। इस केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का श्रेय गांववासियों ने पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को देते हुए अपनी खुशी का इजहार लड्डू बांटकर किया।

अप्पर भंजाल के निवासी बीडीसी सदस्य सुशील कुमार, जगमोहन सिंह, लंबरदार बबलू, जीवन कुमार, अजनीश कुमार, राजीव चौधरी कैप्टन सुरेश व साधू राम सहित कई गांववासियों ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर द्वारा किए गए प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने न केवल केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि हस्तांतरित करवाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि इस विद्यालय की स्थापना के लिए लगातार प्रयासरत रहे।

गांववासियों ने इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को बुलाकर लड्डू वितरित कर अपनी खुशी का इजहार किया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में छाया आर्य स्कूल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा समूरकलां में संपन्न हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। मॉडल्स और फोटोग्राफी प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि को हासिल करने के उपरांत छात्रों का भव्य स्वागत किया गया और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य ने छात्रों को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता प्रभारी अध्यापिका नेहा रानी, रीना और सपना धीमान ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा आयोजित की गई फोटोग्राफी में स्कूल के छात्र भार्गव शर्मा ने जिला सत्र पर तीसरा, एकल साइंस मॉडल में आदित्य राणा ने जिला सत्र पर तृतीय और ग्रुप साइंस मॉडल में ऋषि राणा, राहुल शर्मा, निखिल कुमार, चिराग शर्मा ने जिला सत्र पर दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

### सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ट्रिब्यूनल बंगाणा का ऐतिहासिक आदेश

# बुजुर्ग माता-पिता के भरण-पोषण के लिए बेटे को देने होंगे हर महीने 4000 रुपए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ट्रिब्यूनल ने एक ऐतिहासिक निर्णय में हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रितों का भरण-पोषण अधिनियम 2001 के तहत बुजुर्ग माता-पिता को भरण-पोषण प्रदान करने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में आदेश दिया कि उनके बेटे को अपने माता-पिता को हर महीने 4000 रुपए का भरण-पोषण प्रदान करना होगा। अधिनियम में प्रावधानों के अनुरूप सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ट्रिब्यूनल बंगाणा द्वारा यह फैसला सुनाया गया।



यह आदेश उन बुजुर्ग माता-पिता की याचिका पर दिया गया, जो आर्थिक रूप से अपने बेटे पर निर्भर थे और अपने दैनिक खर्च उठाने में असमर्थ थे। यह फैसला न केवल वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है। हिमाचल प्रदेश माता-पिता और आश्रितों का भरण-पोषण अधिनियम, 2001 के प्रमुख प्रावधानों में एक वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार है, जिसके तहत माता-पिता, दादा-दादी और अन्य आश्रित अपने बच्चों या कानूनी उत्तरदायियों से भरण-पोषण पाने का अधिकार रखते हैं। यह प्रावधान उनके गरिमापूर्ण जीवन को सुनिश्चित करता है।

**भरण-पोषण की परिभाषा :** भरण-पोषण में भोजन, कपड़ा, चिकित्सा और रहने की आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं, जो सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक हैं।

**उत्तरदायित्व का निर्धारण :** पुत्र, पुत्री या अन्य कानूनी उत्तरदायियों पर यह जिम्मेदारी है कि वे अपने माता-पिता और आश्रितों की भरण-पोषण आवश्यकताओं को पूरा करें। ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

**सरल और त्वरित न्याय :** वरिष्ठ नागरिकों के मामलों का निपटारा सरल और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।

**दंडात्मक प्रावधान :** यदि कोई व्यक्ति भरण-पोषण देने से इनकार करता है, तो अधिनियम के तहत उसे दंडित किया जा सकता है।

### बुजुर्गों की देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ट्रिब्यूनल बंगाणा द्वारा लिया गया निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। यह निर्णय भविष्य में अन्य मामलों में मिसाल के तौर पर कार्य करेगा और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानपूर्ण जीवन को सुनिश्चित करेगा।

# बहू ने ससुर पर लगाया गंदी हरकत करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

घोर कलियुग में ऐसी घटनाएं भी सुनने देखने को मिलने लगी हैं, जिनसे समाज शर्मसार हो उठे। अंब क्षेत्र में एक महिला ने अपने ही ससुर पर शर्मसार कर देने वाले आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि उनका ससुर न केवल उसे खर्चा देने की बात करके शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालता है और कभी उसके साथ गलत हरकतें करता है, ऐसे में भय लगता है कि वह कभी भी कुछ कर सकते हैं। आरोप इतना गंभीर है कि अब पूरे क्षेत्र में इसके चर्चा होने लगी है। उसका पति भी इस महिला से अलग रहता है।

पहले पति पर ऐसे कई आरोप लगाते हुए यह महिला उसको अलग कर चुकी है, अब उसने नया विवाद पैदा किया गया है जिसमें ससुर और सास को भी घसीटा है।

महिला थाना ऊना के तहत उपमंडल अंब की एक विवाहिता ने अपने पति पर मारपीट के साथ-साथ ससुर पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए फोर्स करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में विवाहिता ने महिला पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, सास व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि पिछले करीब एक साल से मेरा पति मुझ से बात नहीं करता है, साथ ही मारपीट करता है। आरोप है कि जब पति घर पर नहीं होता, तो ससुर मेरे साथ गंदी हरकत करते हैं। इतना ही नहीं कभी ससुर साथ रहने के लिए खर्चा देने की बात करता है, तो कभी शारीरिक संबंध के लिए फोर्स करता है। इतना ही नहीं मेरी सास भी मुझे ताने मारती रहती है। ससुर के चलते अब घर में रहने से डर लगता है। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मामले में हर तथ्य की जांच की जाएगी।

**गठन** डीपी को अतिरिक्त कार्यभार देने पर खिलाड़ियों को तराशना होगा मुश्किल

# डीपीई यूनियन के प्रधान बने जगजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीपी संघ जिला ऊना के कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसोली के डीपीई जगजीत सिंह को संघ का प्रधान चुना गया। वरिष्ठ प्रधान विकास डढवाल, उपप्रधान यशपाल कुमार, भूपेंद्र सिंह को महासचिव, रविंद्र कुमार शर्मा को वित्त सचिव, राजकुमार को मुख्य सलाहकार बनाया गया।



डीपीई संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी।

संघ के प्रधान जगजीत सिंह ने बताया कि राज्य स्तर पर भी 14 दिसंबर को कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। डीपीई संघ की मुख्य मांगें सरकार और विभाग के समक्ष रखी जाएंगी, जिसमें सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत डीपीई को प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा का पदनाम वेतन विसंगति को दूर कर प्रवक्ता के समान वेतन देना है। जगजीत सिंह ने कहा है कि विद्यालय में खेलों के चार्ज के अतिरिक्त स्काउट एवं गाइड तथा मिड-डे मील कार्यभार को न दिया जाए क्योंकि शारीरिक शिक्षक प्लस वन प्लस टू को पढ़ाने के साथ विद्यालय में अनुशासन बनाना खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना है। संघ ने स्पष्ट किया है कि शारीरिक शिक्षा के अलावा अन्य कार्य देना उनके मुख्य कार्य खिलाड़ियों को तराशना तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना जैसे आदि कार्य प्रभावित होंगे। महासचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिला डीपी संघ की कार्यकारिणी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर अमरजीत सिंह, रामपाल, करमचंद, मनजीत सिंह, चमन कुमार, दिनेश कुमार, जसवंत सिंह, असीम कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सतीश कुमार, दर्शन कुमार मौजूद रहे।






## न्यूज ब्रीफ

### दुष्प्रभावों से बचने के लिए किया जागरूक



**कुल्लू।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ द्वारा ढालपुर के रथ मैदान में जिला शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 150 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में तथा करीब 100 गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा दंड, योगासन, पदविन्यास, नियुद्ध, खेल, दंडयोग, व्यायाम योग शारीरिक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुकेश प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख द्वारा बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने इतिहास पर विस्तृत चर्चा की तथा शारीरिक का महत्व बताया। मुख्य वक्ता द्वारा सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण तथा पंच परिवर्तन पर विस्तार से जानकारी दी और समाज में आ रहे बदलाव और दुष्प्रभावों से बचने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर राजीव करीर सह विभाग संघ चालक तथा नरेंद्र ठाकुर जिला संघ चालक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में मेधावी नवाजे



**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कटराईं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि गोविंद सिंह ठाकुर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और मुख्य वक्ता हिमाचल शिक्षा समिति जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष डीणे राम ठाकुर रहे। विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा पारिवारिक रिश्तों के महत्व को अपने नृत्य के द्वारा प्रदर्शित किया गया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं नृत्य के साथ-साथ कुल्लवी नाटी, शिमला नाटी, क्लासिकल डांस लोक नृत्य, योगासन कराटे आदि का समावेश देखने को मिला। विद्यार्थियों ने देशभक्ति नाटक द्वारा मंगल पांडे की एक सुंदर झलक सभी के सामने प्रस्तुत करके सब का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट सब के समक्ष रखा। इसके बाद मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए तथा अपने उद्बोधन में समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुरस्कार वितरण समारोह में आहन सूदस्वस्तिक अतिक्षा, आरविका कनिका शर्मा, पारुल, वान्या, काव्यांश ठाकुर, निवेदिता भंडारी, सेजल, आयांश, जाव्या नव्या बोध, शौर्य, स्नेह, सूर्यांश काव्या कार्तिकेय, हर्शिका शर्मा, दिव्यांश, शीनम भल्ला, शताक्षी, पावनया, इशानी, रौनक, आशवी, मुग्धा, इशनी, एलीना, उत्कर्ष, सोनाक्षी वेदांशी आदि को सम्मानित किया गया।

### आगजनी की ऐसी घटनाएं बेहद दुखद : गौड़



**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी-सिमसा मार्ग पर संध्या रिजॉर्ट (होटल) में पिछले कल रात को हुई आगजनी की घटना में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। रविवार को मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने घटनास्थल पर जाकर आगजनी से हुए नुकसान का जायजा लिया। विधायक ने कहा ऐसी घटनाएं बेहद दुखद हैं। विधायक ने कहा होटल में करोड़ों रुपए के नुकसान के साथ ही होटल में जो पर्यटक अतिथि रुके थे, उनका सामान भी होटल के साथ आगजनी से पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। उन्होंने पर्यटक अतिथियों को सरकार की ओर से विधायक ने 10-10 हजार की राशि फौरी राहत के तौर पर दी।

# भाजपा ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

## रामबाग अखाड़ा बाजार से लेकर ढालपुर मुख्य चौक तक निकाली रैली, नेता प्रतिपक्ष मुख्य तौर पर प्रदर्शन में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू जिला मुख्यालय में हिमाचल में कांग्रेस सरकार के द्वारा मनाए जा रहे दो वर्ष के कार्यकाल के जश्न के विरोध में भाजपा की आक्रोश रैली में मौजूद कार्यकर्ता।

कुल्लू जिला मुख्यालय में रविवार को भाजपा के द्वारा हिमाचल में कांग्रेस सरकार के द्वारा मनाए जा रहे दो वर्ष के कार्यकाल के जश्न के विरोध में एक आक्रोश रैली (विरोध प्रदर्शन) का आयोजन किया गया।

यह आक्रोश रैली रामबाग अखाड़ा बाजार से लेकर ढालपुर मुख्य चौक तक निकाली गई। इस दौरान इस रैली में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी, लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर, कुल्लू विधानसभा से 2022 के भाजपा प्रत्याशी, प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, संग सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मुख्य चौक ढालपुर में इस दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने दो वर्ष के कार्यकाल का जश्न मनाने जा रही है, लेकिन वह जश्न किस बात का मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल की स्थिति पूरे देश में हास्यपद बन गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की करोड़ों की संपत्ति आज नीलाम होने को आई है। उन्होंने कहा की हिमाचल में कांग्रेस की सरकार किस बात का जश्न मना रही है यह वह बता नहीं पा रहे हैं। आज हिमाचल पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रदेश में हाल ही में समोसा पर जांच बैठा दी। प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने 10 ग्रांटियों को भी पूरा नहीं कर पाई है इसके बावजूद भी किस बात का जश्न प्रदेश सरकार मनाने जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश का हर वर्ग आज त्रस्त है। जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन को पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, कुल्लू विधानक्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, दानवेंद्र सिंह, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सचिव वर्षा ठाकुर, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वरी ठाकुर, मीना ठाकुर, अर्चना ठाकुर, आदित्य विक्रम सिंह, राहुल सोलंकी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिख फेर के साथ देवता तराली नाग के नए मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी उपमंडल में इन दिनों विभिन्न देवालयों में देव कारजों का आयोजन हो रहा है। क्षेत्र में देवी-देवताओं के नए मंदिरों की प्रतिष्ठा हो रही है। बाह्य सराज आनी के अधिष्ठाता देवता तराली नाग का भी नया मंदिर बनकर तैयार हो गया है।

काठकुणी शौली के बने चार मंजिल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा चार दिसंबर से शुरू हुई थी। चार दिनों तक मंदिर में ब्राह्मणों द्वारा पूजा-पाठ व हवन यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान किए गए, जबकि रविवार आठ दिसंबर को शिख फेर की रस्म के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्णाहुति की गई। जय नाग तराली मंदिर कमेटी के प्रधान महेंद्र कायथ ने बताया कि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह धार्मिक आयोजन कारदार दौलत राम, चुन्नी लाल, सचिव वीर सिंह कायथ के तत्वावधान में मंदिर कमेटी के अन्य कारकूनों, पंचायत प्रधान चंद्रा ठाकुर, स्थानीय युवक मंडल, महिला मंडल तथा समस्त जनता के सहयोग से विधिवत रूप से संपन्न हुआ। मंदिर की प्रतिष्ठा को यादगार बनाने के लिए देवता की मंदिर कमेटी, कारकून व हारियान रात-दिन तैयारियों में मंदिर कमेटी के प्रधान महेंद्र कायथ, कारदार दौलत राम व चुनी लाल ने कहा कि मंदिर के निर्माण पर करीब पौने दो करोड़ की राशि खर्च की गई है। चार मंजिल के भव्य काष्ठकुणी शैली में बने नए मंदिर को बनाने में कमेटी का करीब दो साल का समय लगा है। इसमें करीब 15 लाख रुपए की राशि भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा जारी की गई थी, जबकि अन्य राशि को देवता के कारकून, हारियानों व देवलुओं के साथ आम जनता के सहयोग से एकत्रित किया गया।

## 11 को मनाई जाएगी स्व. लाल चंद प्रार्थी की 42वीं पुण्यतिथि

**कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा कोर कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी तथा विशेष आमंत्रित सदस्य एवं प्राचार्य संगीत अकदमी पं. विद्यासागर उपस्थित रहे। बैठक में स्व. लाल चंद प्रार्थी व उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि स्व. लाल चंद प्रार्थी की 42वीं पुण्यतिथि 11 दिसबर बुधवार को सूत्रधार भवन के सभागार में मनाई जाएगी। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में तथा पंकज परमार, अध्यक्ष जिला परिषद कुल्लू विशेषातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने ये भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि लाल चंद प्रार्थी शेरे कुल्लू के नाम से विख्यात थे और एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ गीतकार, संगीतकार एवं उत्कृष्ट साहित्य विद के नाम से भी हिमाचल सहित पूरे देश में सुप्रसिद्ध थे। स्व. लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल की संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## कुल्लू में दो मामलों में 939 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू जिले में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पहला मामला पतलीकूहल थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस टीम ने डोहलूनाला में गश्त के दौरान धनी राम (30) निवासी गांव संगटेहड़, डाकघर छैंउर शिल्लीहार, तहसील भुंतर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 854 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला पुलिस थाना कुल्लू के अंतर्गत सामने आया। यहां पुलिस टीम ने शौरन (भरैण लिंक रोड) पर गश्त के दौरान एक युवक को चरस के साथ दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 85 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपी की पहचान गोपाल डागर (26) निवासी गुड़गांव, हरियाणा के रूप में की गई है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





लाहौल-स्पीति के खंगसर के समीप बर्फ में स्किड होकर आपस में भिड़े वाहन।



शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू में मौसम ने करवट बदली है। लाहौल-स्पीति में 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, कुंजुम दर्रा सहित ऊंची चोटियों क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जबकि कुल्लू की ऊंची चोटियों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। इससे तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

## हिमाचल प्रदेश में विकास की नई गाथा लिख रही कांग्रेस : विद्या नेगी

**अनंत ज्ञान, मनाली**



राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की को-ऑर्डिनेटर विद्या नेगी ने कहा कि पूर्व में डबल इंजन की सरकार में अनेक विभागों के मंत्री रहकर भी गोविंद ठाकुर मनाली विधानसभा क्षेत्र में कुछ खास कार्य नहीं कर पाए, लेकिन दो साल में विधायक भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में मनाली का जो विकास हुआ है वह पूर्व मंत्री को दिख नहीं रहा है। यह बात रविवार को विद्या नेगी ने मनाली में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा आग्रह है कि पूर्व मंत्री अपना चश्मा बदल लें।

उन्होंने कहा कि मनाली विधानसभा के विकास को लेकर पूर्व मंत्री अनाप शनाप बयान दे रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि सोलंग का पुल, नेहरू कुड़ पुल हो या लेफ्ट बैंक का पुल हो। सभी सात पुलों का बजट का प्रावधान कर शिलान्यास भी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा कर दिया गया था और अधिकतर का शुभारंभ ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू द्वारा किया गया है। सभी को पता है कि सोलंग पुल जंग लगने से गिर गया। शुक्र है पुल चुनाव के बाद गिरा। चुनाव से पहले गिरता तो पूर्व मंत्री के हारने का ग्राफ ओर गिरता। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि पूर्व मंत्री जिनके पास चार चार मंत्रालय थे और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार थी। बावजूद इसके मनाली में एक बस अड्डे का निर्माण भी नही कर पाए। ये सभी कार्य विधायक भुवनेश्वर गौड़ के अथक प्रयासों व मुख्यमंत्री के सहयोग से पूर्ण हुए हैं।

### नप मनाली में जो भी घटनाक्रम हुआ वह भाजपा की देन

**नगर** परिषद मनाली में जो भी घटनाक्रम हुआ वह भाजपा की ही देन है। भाजपा के पार्षद ही आपस में लड़े, जिस कारण हालात प्रधान व उपप्रधान के अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंचे। सात में से पांच पार्षद भाजपा समर्थित थे बावजूद इसके भाजपा ने टॉस के माध्यम से जीत हासिल की है। इसमें खुशी मनाने जैसी कोई बात नही है। सीएम और विधायक भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में मनाली विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रदेश में विकास की नई गाथा लिख रही कांग्रेस अपने दो साल के सराहनीय कार्यकाल पर जश्न मना रही है, जिसका भाजपा विरोध कर रही है। भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व मनाली विधनसभा क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत हुई है।




**आयोजन** कुल्लू जिला निजी स्कूल संगठन की बैठक अटल सदन में हुई आयोजित

## ग्रीष्म अवकाश वाले किसी भी बोर्ड से संबद्धता प्राप्त स्कूल की परीक्षाएं मार्च में ही होंगी: जगजीत ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अटल सदन में हुई कुल्लू जिला निजी स्कूल संगठन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

कुल्लू जिला निजी स्कूल संगठन की एक बैठक रविवार को अटल सदन में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश प्राइवेट स्कूल प्रबंधक संघ के राज्य अध्यक्ष जगजीत ठाकुर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

उनके साथ राज्य कमेटी के सचिव अमित ठाकुर तथा हमीरपुर के जिलाध्यक्ष देवराज वर्मा विशेष अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल्लू जिले के महासचिव गणेश भारद्वाज ने बताया कि इस बैठक में मनाली, बंजार व कुल्लू के अधिकतर स्कूलों के प्रबंधकों ने भाग लिया। जिले के सलाहकार मोती लाल शर्मा ने सबका स्वागत किया। कुल्लू के संगठन अध्यक्ष पूर्ण चंद ठाकुर ने मेहमानों का कुल्लवी परंपरा के अनुसार स्वागत किया। प्राइवेट स्कूल प्रबंधक संघ के अध्यक्ष जगजीत ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार, शिक्षा विभाग और शिक्षा बोर्ड से विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार चर्चा जारी है, जिनमें तीसरी, पांचवीं व आठवीं की परीक्षाओं को स्कूल अपने स्तर पर नौवीं व ग्यारहवीं की परीक्षाओं तर्ज पर करवा पाएंगे।

स्कूल बसों में सहायक या कंडक्टर के तौर पर स्कूल का कोई एक महिला स्टाफ सदस्य मान्य होगा, जिसका पहचान पत्र स्कूल ही जारी करेगा। भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र के नियम पूरे प्रदेश में एक समान लागू होंगे, जिसमें अधिकतम पांच वर्ष का प्रावधान है। ग्रीष्म अवकाश वाले किसी भी बोर्ड से संबद्धता प्राप्त स्कूल की परीक्षाएं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मार्च में ही होंगी तथा कोई भी स्कूल दिसंबर में परीक्षा नहीं करवा पाएगा। हमीरपुर के जिलाध्यक्ष देवराज वर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। महासचिव गणेश भारद्वाज ने सबका आभार व्यक्त किया।

बैठक में कुल्लू निजी स्कूल संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर, महासचिव गणेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, वर्षा ठाकुर, संयुक्त सचिव सुशील ठाकुर, वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर निरंजन देव शर्मा व सलाहकार मोती लाल शर्मा तथा सभी जिला के सदस्यों ने भाग लिया। जिला कुल्लू के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरंजन देव शर्मा, बंजार इकाई के अध्यक्ष बलबीर दुग्गल तथा मनाली इकाई की संयोजक मनजीत कौर व कानूनी सलाहकार अनुराग प्रार्थी ने अपने विचार मंच से साझा किए।

## अवनीजा ने राष्ट्र स्तर पर वुशू प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

1 से 6 दिसंबर पंजाब के तारण तार में सब जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू की अवनीजा वत्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है।

जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने बताया कि सब जूनियर यह राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता 1 से 6 दिसंबर तारण तार पंजाब में आयोजित हुई थी, जिसमें जिला कुल्लू के 7 वुशू खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जबकि उन्होंने स्वयं इस प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशल की भूमिका निभाई थी। इस प्रतियोगिता में कुल्लू की अवनीजा वत्स ने कांस्य पदक हासिल किया और हिमाचल व जिला कुल्लू का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कुल्लू संघ के महासचिव लुदर चंद ने भारतीय वुशू संघ के उपाध्यक्ष व हिमाचल राज्य वुशू संघ के महासचिव पीएन आजाद का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही वुशू से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। लुदर चंद ने बताया कि अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में खिलाड़ियों के पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि महेंद्र ठाकुर, वरुण कुमार, पारुल, चंद्रेश्वरी सहित राष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी अक्षित, सुरेश कुमार व निर्मला ठाकुर उपस्थित रहे।




अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में खिलाड़ियों के पहुंचने पर खिलाड़ियों के साथ अन्य।



# झूठ के ढेर पर खड़ी हुई कांग्रेस के दो वर्ष प्रदेश की जनता के लिए काला अध्याय: बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन/सोलन**

कांग्रेस सरकार के दो साल ठगी, ठोरी और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा जिला सिरमौर द्वारा आयोजित आक्रोष प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप, राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रही। जनाक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि प्रदेश का बेरोजगार युवा विगत दो वर्षों में पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। इस विश्वास पर की कांग्रेस सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरी व 5 लाख रोजगार मिल जाएंगे। प्रियंका वाड्रा की वाणी को प्रदेश के युवाओं ने सात वचन मान लिया और सरकार की चाबी सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के हाथ में थमा दी, जिन्होनें आते ही बयान दिया कि कांगेस ने कभी सरकारी नौकरी की बात नहीं की, अब उसी बात को उनके बड़े-छोटे सभी नेता बोलते चले आ रहे हैं। युवा दो वर्ष लाई ब्रेरिज में बैठ-बैठ कर खर्चा कर करके थक गए हैं। पोस्टे निकलती नहीं, दो वर्षों में एक भी सरकारी नौकरी नहीं दी गई, इसके विपरीत 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया।


नाहन में भाजपा की जनआक्रोष रैली में पहुंचे लोग ।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं के साथ, धोखे का, अन्याय का, अत्याचार का जश्न मना रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा, सुखविंद्र सिंह, मुकेश अग्निहोत्री ने व इनके सभी बड़े-छोटे नेताओं ने वोट बटोरने के लिए 28 लाख बहनों का शोषण किया, धोखा दिया, उन्हें ठगा, घर-घर जाकर कांग्रेस के नेताओं ने फार्म भरवाएं और कहा कि दिसंबर 2022 से 28 लाख बहनों 18 साल से ऊपर की सभी बहनों को 1500 रुपए महीना आएगा। न जाति-पाति, न आमदनी न नौकरी किसी चीज का ख्याल किए बिना 18000 रुपए साल पांच साल तक मिलेंगे। इस वादे पर प्रदेश की महिलाओं ने 4 प्रतिशत अधिक मतदान किया और झूठी कांग्रेस को सत्ता सौंपने में अहम भूमिका निभाई। सत्ता में आते ही सीएम ने रोना शुरू कर दिया, जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया कि प्रदेश का खजाना खाली है। प्रदेश पर कर्जा बेहिसाब है और बहनों का पैसे नहीं दिया जा सकता और 2024 का चुनाव आते-आते झूठ में पीएचडी कर डाली और कहा कि हमने बहनों को 1500 रुपए दे दिए, 28 लाख बहनों को 18 हजार रुपउ साल पहली कैबिनेट से मिलना था। 2 साल बाद 28000 को देकर छाती ठोक रहे हैं कि कांग्रेस ने गारंटी पूरी कर दी। 28 लाख बहनों के साथ धोखा अन्याय, अत्याचार करने के बाद कांग्रेस सरकार जश्न मना रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि वर्तमान सुखविंद्र सरकार ने झूठ के, फरेब के प्रदेश की जनता को धोखा देने के सारे रिकॉर्ड बना दिए। 22 लाख किसान परिवारों को धोखा दिया, 25 लाख बिजली उपभोक्ताओं को धोखा दिया, कर्मचारियों को धोखा दिया, पेंशनर्स का जीना हराम कर दिया, जिन्हें मेडिकल बिल न मिलने की सूरत में बीमारी से लड़ते-लड़ते जिनके प्राणो पर बन आई है। 2022 से बनी सरकार में कानून व्यवस्था की लगातार धज्जियां उड़ रही है। चंबा में दलित युवक की नृशंस हत्या और आरे से 8 टुकड़े करने की वारदात के बाद भी सुक्खू सरकार नहीं जागी। संवेदनहीन सरकार के मुखिया को उस दलित युवा के घर जाने का अवसर नहीं मिला, कहीं मुस्लिम वोट नाराज न हो जाए, क्योंकि मुख्यमंत्री ने कहा था कि मैं 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर जीतकर आया हूं। हत्याओं का, बलात्कार का, महिला उत्पीड़न का, गुंडागर्दी का राज, पूरे प्रदेश में दो वर्षों से चल रहा है। दो वर्ष में प्रदेश की जनता को मिला माफिया राज -गुंडा माफिया-पूरे प्रदेश में गुंडागर्दी चरम सीमा पर है।



रैली का प्रतिनिधित्व करते भाजपा नेता।

## धीरज सिंह भारतीय सेना में बने लेफ्टिनेंट



**दाड़लाघाट।** अर्की तहसील की पंचायत दसेरन के गांव दसेरन निवासी लेफ्टिनेंट धीरज सिंह ने भारतीय सेना अकादमी देहरादून से भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट रैंक में कमीशन प्राप्त किया है। धीरज गांव दसेरनवाला के निवासी हैं और प्रकाश चंद एवं सुनिता देवी के पुत्र हैं। लेफ्टिनेंट धीरज सिंह ने इससे पहले सेना सेवा कोर एएससी में 17 वर्षों तक सेवा प्रदान की है। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल करते हुए अपने माता-पिता व गांव और जिले का नाम रोशन किया है। धीरज की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और गांव को गर्व से भर दिया है, बल्कि यह आने वाले नौजवानों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है। लेफ्टिनेंट धीरज सिंह ने कहा कि मेहनत समर्पण और सपनों को पूरा करने की दृढ़ इच्छा शक्ति से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। लेफ्टिनेंट के परिवार और गांव के लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और उन्हें बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### केवाईसी के नाम पर 96 हजार की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत केवाईसी के नाम पर 96 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत पर चमन सिंह पुत्र मस्त राम निवासी सुराजमाजरा ने बताया कि बीते दिनों किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद पर एयरटेल कंपनी ऑफिस का बताकर केवाईसी के नाम पर सिम बंद कर अकाउंट से 96 हजार रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एएसपी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### सैनिक कल्याण बोर्ड के दिए साइन फ्लैग लगाए



**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में झंडा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा में नौवीं कक्षा के छात्र मानस ने झंडा दिवस पर अपने विषय का प्रतिपादन किया। वक्तव्य में उन्होंने बताया कि झंडा दिवस का उद्देश्य वीर शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति सामान्य नागरिकों की जिम्मेदारी व संवेदना को प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें अपने देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों के बलिदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है। उसके पश्चात सभी छात्रों को सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाए गए साइन फ्लैग लगाए गए। मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने संबोधित करते हुए बताया कि झंडा दिवस हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदना को प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है।

### जागरूकता से सशक्तिकरण पर अनूठी पहल



**सोलन।** सोहमइंडिया के संस्थापक डॉ. दमन अहूजा ने जागरूकता से सशक्तिकरण की अनूठी पहल की है। डॉ. हूजा सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। डॉ. हूजा सोलन से हैं और 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के साथ काम कर चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्य विषय में- स्वस्थ जीवन शैली, मानसिक स्वास्थ्य की समझ, पोषण का महत्व, नशे से मुक्ति, हिंसा रोकथाम, मोबाइल तकनीक का समझदारी भरा उपयोग शामिल है। सोहमइंडिया की खास बात ध्यान और जागरूकता की विशेष तकनीकों का इस्तेमाल कर, एनसीईआरटी के आयुष्मान भारत युवा अंबेडसर पाठ्यक्रम को नए तरीके से लागू करता है। इससे युवा न केवल अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।


राजगढ़ रोड पर रविवार शाम को दो गाड़ियों की टक्कर होने से लंबा जाम लग गया। इससे वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

# सोलन शहर में नहीं पर्याप्त पार्किंग मुख्य सड़कों पर पार्क हो रहे वाहन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में पुलिस अपने स्तर पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रयासरत है, लेकिन समस्या हल होने के बजाए बढ़ती जा रही है। सोलन सिटी में पिछले दो दशकों के दौरान वाहनों की संख्या में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है, लेकिन प्रशासन व नगर निगम की लापरवाही से पार्किंग स्थल विकसित ही नहीं हो पाए हैं।

शहर की मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग से कई स्थान दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बन चुके हैं बावजूद इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)


सोलन में पार्किंग की कमी से रोड साइड की गई पार्किंग।

### वसूले जा रहे मनमाने दाम

**शहर** की कुछ जगहों में पर उपलब्ध पार्किंग सुविधा की एवज में वाहन चालकों से मनमाने दाव वसूल किए जा रहे हैं। ठेकेदारों की इस अवैध वूसली पर नगर नई आज तक अंकुश नहीं लगा पाई है। वहीं, पार्किंग की अवैध वूसली को लेकर प्रशासन भी चुप है। ठेकेदारों की मनमर्जी के चलते वाहन चालक पार्किंग के बजाए सड़कों के किनारे ही वाहन पार्किंग करना बेहतर समझते हैं। शहर के चौक बाजार, टैंक रोड, राजगढ़ रोड, ओल्ड डीसी ऑफिस के नजदीक राजस्थान भवन, सिटी प्लाजा, सपरून और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक की पार्किंग में वाहन चालकों को पार्किंग फीस के रूप में मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं।

### मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग

**पार्किंग** की सुविधा नहीं होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाइपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायरब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है। इतना ही नहीं सड़कों के किनारे कई ऐसे वाहन अवैध रूप से पार्क किए हैं, जो खराब खटारा हालत में पड़े हैं। इसी तरह माल रोड के दोनों तरफ दो पहिया वाहनों की पार्किंग से भी राहगीरों व वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। प्रशासन ने माल रोड व राजगढ़ रोड को नो पार्किंग जोन घोषित किया है, लेकिन पार्किंग की समस्या के चलते मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग की जा रही है।

**शहर** में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुराना बस स्टेंड में सेना से जमीन लेकर यहां पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाना है। वार्ड क्षेत्रों में पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे। शहर के रेलवे रोड में पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में है। निगम कार्यालय के सामने खाली पड़ी जमीन की जगह अब बगल की पार्किंग में मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव है।

**उषा शर्मा , मेयर, नगर निगम, सोलन।**

### सरकारी जमीन पर अवैध पार्किंग

**शहर** में सरकारी जमीन में पार्किंग की संभावना होते हुए भी यहां हमेशा प्रभावशाली लोगों का कब्जा रहता है। इससे संबंधित विभाग को पार्किंग फीस का नुकसान झेलना पड़ रहा है। सोलन के रेस्ट हाउस, अस्पताल की पार्किंग में बाहरी लोगों का कब्जा रहता है। शहर के पैदल रास्तों में पार्क वाहनों से पैदल यात्रियों व स्कूली बच्चों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

## गाड़ी में लिफ्ट लेकर धोखे से सोने-चांदी के आभूषण चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**




पुलिस ने अस्पताल जाने के नाम पर गाड़ी में लिफ्ट लेने और धोखे से बैग में रखे सोने-चांदी के गहने चुराने के आरोपी को धर दबोचा। एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक धन कुमारी निवासी झाकड़ी तह. रामपुर जिला शिमला ने थाना सदर सोलन में शिकायत दर्ज करवाई कि दिनांक 3 दिसंबर को यह अपने घर रामपुर (शिमला) से अन्य परिजनों के साथ अपने भाई जो कि बीमार रहता है, उसको एमआरआई करवाने के लिए सोलन लाए थे।

इन्होंने अपने भाई को कोटलानाला स्थित अस्पताल में एमआरआई करवाने के लिए छोड़ा तथा यह लोग समय करीब 6 बजे शाम सोलन अस्पताल की ओर अपनी गाड़ी में सवार होकर जाने लगे। इसी दौरान एक युवक ने इनकी गाड़ी को हाथ देकर रोकते हुए कहा कि उसने अस्पताल सोलन तक जाना है, उसे भी ले चलें, जिस पर उस युवक को इन्होनें अस्पताल पार्किंग तक गाड़ी में बिठाया, लेकिन वह युवक उतरते समय इनका पर्स चालाकी से चुराकर ले गया। इनके पर्स में सोने, चांदी के कीमती गहने/सामान तथा नकदी 5 हजार रुपए भी मौजूद थे, जो चुराए गए गहने /सामान आदि की कुल कीमत 2,55,000 रुपए है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा 7 को वारदात में संलिप्त आरोपी शुभम पुत्र कली राम निवासी गांव घरयाच डाकघर कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 26 साल को तार फैक्टरी सपरून से गिरफ्तार किया गया है।

## ढाई साल बाद मोरंग-नाहन हरिद्वार रात्रि बस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, सराहां**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने अढ़ाई वर्षों के बाद मोरंग रिकांगपिओ शिमला नाहन हरिद्वार रात्रि बस सेवा को दोबारा शुरू कर दिया है। यह बस बंद होने से जिला सिरमौर, किन्नौर, शिमला व सोलन के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

बस के पुनः शुरू होने से खासकर सिरमौर सहित चार जिले के लोगों को राहत मिलेगी। सिरमौर के बहुत से कर्मचारी किन्नौर जिले में कार्यरत है। उन्हें किन्नौर जाने के लिए तीन से चार बसें बदलनी पड़ती थी, इस सीधी बस सेवा के शुरू होने से अब कर्मचारियों और लोगों को लाभ मिलेगा। बता दें कि नाहन से शिमला जाने के लिए यह बस एकमात्र रात्रि बस सेवा है।

### यह रहेगा बस का रूट व समय

**किन्नौर** के मोरंग से बस सुबह 6:45 बजे चलेगी। 8:50 रिकांगपिओ, 02:15 बजे रामपुर, शाम के 7:30 बजे शिमला, 08:45 बजे सोलन, रात्रि 12:40 बजे नाहन, 2:10 बजे पांवटा साहिब, 3:10 देहरादून और 4:25 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वहीं, हरिद्वार से वापस शाम को 6 बजे चलेगी। आठ बजे देहरादून, पांवटा साहिब से रात्रि 9:45, नाहन 11¬15 बजे, सोलन 2:30 बजे, शिमला 3:40, रामपुर सुबह 9:20 बजे, रिकांगपिओ 05:30 और मोरंग शाम को 07:30 बजे पहुंचेगी।



वहीं, एचआरटीसी के रिकांगपिओ डिपो ने किन्हीं तकनीकी कारणों से यह बस सेवा 2021 में बंद की थी। लोगों द्वारा कई बार निगम के उच्चाधिकारियों को इस बस सेवा को फिर शुरू करने की मांग लगातार की जा रही थी। इसे अब सुचारू कर दिया गया है। इस रुट पर बस 1070 किलोमीटर का सफर अप-डाउन तय करेगी। उधर, एचआरटीसी रिकांगपिओ डिपो के आरएम पियूष शर्मा ने बताया कि लोगों की मांग पर मोरंग शिमला नाहन हरिद्वार बस सेवा को दोबारा शुरू कर दिया गया है।

## अक्षिव ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बैडमिंटन में जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के अक्षिव दत्ता ने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करते हुए बैडमिंटन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अक्षिव हिमाचल के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिसने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया और कांस्य पद जीतने में कामयाबी हासिल की।

यह प्रतियोगिता 3 से 6 दिसंबर तक जेजेटी यूनिवर्सिटी, झुंझुनू में आयोजित की गई, जिसमें अक्षिव ने कांस्य पदक जीतकर पूरे हिमाचल का नाम रोशन किया। पिता दीपक दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अक्षिव ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। यह हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। अक्षिव दत्ता की इस सफलता से उनके परिवार और शहर में खुशी की लहर है। हिमाचल के इस होनहार खिलाड़ी की उपलब्धि पर खेल संगठनों ने भी बधाई दी है।



## मानगढ़ चौक से पीएचसी नारग तक टाइल लगाने के लिए जताया आभार

**सराहां।** नारग क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आर मुसाफिर का अपर बाजार नारग मानगढ़ चौक से पीएचसी नारग तक टाइल लगवाने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर बेली राम, देवेंद्र शास्त्री, इंद्रा कश्यप, सुखदेव कुमार, प्रदीप कुमार, राम रतन, कर्ण सिंह, प्रेम कश्यप, राकेश अत्री, अरुण, नीरज, राजेश, कुलवंत, रविंद्र सिंह, प्रदीप, अनिल, राजू, संदीप, आकाश, नारायण, अजय, महेंद्र सिंह, रीना चौहान आदि ने बताया कि इस मार्ग का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि बाकी का कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा।

**आयोजन** सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर दून विधानसभा के पहाड़ी क्षेत्र पट्टा महलोग में रोजगार मेले का किया आयोजन

# पट्टा महलोग रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवाओं की भीड़

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक संगठन लघु उद्योग संघ ने सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर दून विधानसभा के पहाड़ी क्षेत्र पट्टा महलोग में रोजगार मेले का आयोजन किया।

मेले में दून विधानसभा की एक दर्जन से ज्यादा पंचायतों के बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हिमालया जनकल्याण समिति, आपकी आवाज पट्टा महलोग व श्रीकांत मैमोरियल ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा। वहीं, आधा दर्जन प्लेसमेंट एजेंसियों ने भी इसमें शिरकत कर अपने लिए उम्मीदवारों का चुनाव किया। रोजगार मेले में मुख्यातिथि के तौर पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा ने शिरकत की। वहीं, विशिष्टातिथि के तौर पर महलोग सभा के महामंत्री रुप किशोर ठाकुर सहभागी बने। आपकी आवाज पट्टा महलोग संस्था के पदाधिकारियों राज कुमार शर्मा, आशीष शर्मा व मंजू शर्मा ने बताया कि दून विधानसभा का पहाड़ी एरिया हर क्षेत्र में पिछड़ गया है।

यहां पर स्वास्थ्य व शिक्षा के बाद अगर किसी चीज की जरुरत है, तो वो है रोजगार की। हमारे बहुत से बेरोजगार कारखानों में बायोडेटा दे देते हैं, लेकिन कोई उनकी परवाह नहीं करता। श्रीकांत मैमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. अंशु शर्मा ने कहा कि हमारे क्षेत्र युवा पढ़ाई व कोर्स तो कर लेते हैं, लेकिन उसके बाद उनको कहीं भी रोजगार नहीं मिलता। इसीके निमित्त हमने हिमालया जनकल्याण समिति से आग्रह किया था आप यहां पर एक रोजगार मेले का आयोजन करें, ताकि युवाओं को बीबीएन के कारखानों में उचित व योग्यता अनुसार रोजगार मिल सके।

### युवा संघर्ष करें रास्ते मिलेंगे : अशोक

**रोजगार** मेले में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार राणा ने कहा कि उद्योगों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन हमें औद्योगिक कल्चर में समायोजित होना होगा। सिर्फ डिग्री या कोर्स हमारी सफलता या नौकरी की गारंटी नहीं है, बल्कि उसके लिए हमें बहुत मेहनत करनी होगी और कारखानों की जरुरत के हिसाब से अपने आप को तैयार करना होगा। उद्योगों में काम बहुत है, लेकिन यह एक जिम्मेदारी वाला काम है और हमें संघर्ष से पीछे नहीं हटना है, बल्कि अपनी कमियों को दूर कर अपना विकास करना होगा। कोई भी उद्योग कर्मचारियों व श्रमिकों के बगैर नहीं चल सकता। कंपनियों में सिक्योरिटी गार्ड से लेकर महाप्रबंधक तक नौकरियां हैं।


उद्योगों व प्लेसमेंट संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा के साथ सामूहिक चित्र में।

### हर क्षेत्र में जाएंगे : राजकुमार

**आपकी** आवाज पट्टा महलोग संस्था के संस्थापक राज कुमार शर्मा राजू ने कहा कि यह तो अभी शुरुआत है और जिस प्रकार आज बेरोजगार युवाओं का सैलाब पट्टा में उमड़ा है, तो उसके बाद हम दून की हर पंचायत तक पहुंचने का प्रयास करेंगे और बेरोजगार युवाओं का डाटा एकत्रित करेंगे। आज पाचं दर्जन से ज्यादा युवाओं को कंपनियों व प्लेसमेंट एजेंजियों ने इंटरव्यू के लिए बुलाया है, जो कि एक बहुत अच्छी बात है। महलोग सभा के महासचिव डॉ. किशोर ने कहा कि बद्दी बरोटीवाला कारखानों का समंदर है, लेकिन इसके पहाडी एरिया के युवा आज भी उद्योगों के रोजगार से अछूते हैं और हम उद्योगों व बेरोजगारों के बीच कड़ी बनने का प्रयास करेंगे। हमारे अंदर एक छोटा सा भी हुनर है, तो हमें अपनी योग्यतानुसार कारखानों में काम अवश्य मिलेगा। पहले एक दो साल काम समझने व कठिनाई में काम करने के बाद हमारी की तरक्की के रास्ते खुलते जाएंगे।

### 100 से ज्यादा युवाओं ने दिया साक्षात्कार

**दून** विधानसभा के पहाड़ी क्षेत्र में बेराजगारी का आलम इस प्रकार है पट्टा महलोग में सुबह 10 बजे से ही बेराजगार लड़कों व लड़कियों का सैलाब उमड़ना शुरु हो गया। एक बार तो आयोजकों द्वारा रखे गए इंतजाम भी छोटे पड़ गए और नौकरियों के लिए लंबी कतारें लग गई। उसके बाद आयोजकों ने एक-एक कर सबका इंटरव्यू करवाया और बाद में सबको नौकरी का आश्वासन देकर उनको भोजन करवाया। हिमालया एनजीओ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्री ने कहा कि यह तो शुरुआत है हम युवाओं का प्रशिक्षण देकर कारखानों में नौकरी करने के योग्य बनाएं, ताकि वो अपने पैरों पर खड़ा हो सके।






# बांग्लादेश सरकार व यूनुस का पुतला जलाकर किया रोष प्रकट

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सेक्टर 17 प्लाजा में सनातन सुरक्षा समिति के आह्वान पर बांग्लादेश में हिंदू व इस्कॉन मंदिरों पर हो रहे हमले व हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया, जिसमें शहर में बसे हिंदू समुदाय का आक्रोश फूट पड़ा।

कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में जनसमूह में भारी गुस्सा और जोश भरा हुआ था। हाथों में बैनरों पर न बटेंगे न कटेंगे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे, एक धक्का जोर से दो, बांग्लादेश तोड़ दो, बांग्लादेश मुर्दाबाद, बांग्लादेश पर भारत सरकार सैनिक हमला करें आदि नारे लिखे हुए थे। इस प्रदर्शन में प्लाजा पूरी तरह से भगवामय हो गया। यहां उपस्थित जन समूह को संबोधित संस्था के सरंक्षक स्वामी श्यामानंद, जो श्री कृष्ण परनामी निजदरबार, चंडीगढ़ के संचालक भी हैं, उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में गद्दारी की मिसाल देखनी है, तो वह बांग्लादेश है, जिस बांग्लादेश को बनाने के लिए भारत के हजारों सैनिकों ने अपना बलिदान दिया, कुर्बानी दी भारत की जनता ने घर-घर से एक एक रुपए इकट्ठा कर तन मन धन से 1971 में मदद की तथा चांदी की थाली में सजाकर बांग्लादेश बनाकर दिया।


फाइल फोटो।

वहीं, बांग्लादेश आज वहां रह रहे हिंदुओं पर घोर अत्याचार कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश सरकार और वहां के कार्यवाह प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाकर रोष प्रकट किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ की प्रमुख धार्मिक संस्थाओं में से कृष्ण प्रणामी मंदिर के संत श्यामानंद जी, इस्कॉन चंडीगढ़ के बृहद दास प्रभु, ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष यशपाल तिवारी आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# पराली की समस्या के समाधान के लिए एमओयू

**चंडीगढ़।** संपूर्ण एग्री वेंचर्स (एसएवीपीएल) और नॉर्दर्न फार्मर्स मेगा एफपीओ (फॉर्मर्स प्रोड्यूसर्स ऑर्गेनाइजेशन) ने पराली की समस्या के समाधान और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ अंडर-स्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ।

यह सहभागिता केमिकल फ्री-फर्मेंटेड जैविक खाद (एफओएम) के उत्पादन के माध्यम से फसल को पराली के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए सस्टेनेबल एग्रीकल्चर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। ये एमओयू चंडीगढ़ प्रेस क्लब में साइन किया गया।नॉर्दर्न फार्मर्स मेगा एफपीओ (एनएफएमएफ) में 12,000 से अधिक किसान जुड़े हुए हैं, जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के आस-पास के क्षेत्रों के 250 से अधिक गांवों में 25,000 एकड़ से अधिक भूमि को कवर करते हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह के बाद एसएवीपीएल और एनएफएमएफ के सीनियर अधिकारियों ने मीडिया को एमओयू के प्रमुख फीचर्स और महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री धामी ने ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की उन्नति के लिए की प्रार्थना

**अनंत ज्ञान, उत्तराखंड**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बाबा केदार के शीतकालीन प्रवास स्थल, ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने उखीमठ में शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ करते हुए, प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को शीतकालीन यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ से देवभूमि का तीर्थाटन व पर्यटन और भी सशक्त होगा। इससे न केवल वर्षभर पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा, बल्कि यहां के अनेक पर्यटन स्थल भी प्रचलित होंगे। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर विधायक आशा नौटियाल, भरत चौधरी, बदरी- केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, भी उपस्थित थे।

# राम सजीवन की प्रेम कथा का मंचन

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में चल रहे 19वें टीएफटी शीतकालीन राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में 8 दिसंबर, रविवार को उदय प्रकाश द्वारा लिखित नाटक राम सजीवन की प्रेम कथा का मंचन हुआ। इस नाटक का निर्देशन मीरा कल्चर सोसायटी (भिवानी) के निर्देशक सोनू रोंझिया द्वारा किया गया।शीर्षक को देखने से तो नाटक एक प्रेम कहानी जैसा प्रतीत होता है, लेकिन यह नाटक समाज में फैले वर्गीय अंतर्विरोधों को तथा उनसे उत्पन्न हुई समस्याओं को दिखाता है। नाटक में दिखाया गया कि कैसे मुख्य पात्र के दोस्त उसको वर्गीय अंतर्विरोधों का हवाला देकर समझाते रहते हैं, लेकिन राम सजीवन वर्गीय अंतर्विरोधों से कहीं दूर एक काल्पनिक दुनिया बना लेते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सूद सभा चंडीगढ़ ने मनाया फैमिली फन-डे

**चंडीगढ़।** सूद सभा चंडीगढ़ ने सूद मिलन दिवस की शुरुआत सूद भवन सेक्टर 44-ए चंडीगढ़ में एक सप्ताह पहले, 8 दिसंबर को फैमिली फन-डे के रूप में मना कर की। इस समारोह में करीब 150 लोगों ने हिस्सा लिया। इस समारोह का आयोजन सूद सभा के प्रधान अश्वनी सूद तथा जनरल सेक्रेटरी सुधीर की देखरेख में सूद सभा की लेडीज विंग ने अध्यक्ष श्रीमती शमा सूद की देखरेख में करवाया। सूद मिलन दिवस कमेटी के अध्यक्ष अमित सूद थे, जिनकी असामयिक मृत्यु के बाद यह कार्यभार मेला कमेटी के को-ऑर्डिनेटर लोकेश सूद तथा मुकेश सूद निर्वहन कर रहे हैं। प्रेस सचिव सचिन सूद ने बताया कि यह समारोह सूद मिलन दिवस की शुरुआत है तथा मुख्य उत्सव 15 दिसंबर को है, जिसमें बिरादरी के तकरीबन 1200 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे।



### आरबीआई की मौद्रिक नीति पर की टिप्पणी

**चंडीगढ़।** आरबीआई ने रविवार को प्रतीक्षा और निगरानी मोड का विकल्प चुना तथा अपने रुख और नीति दर को अपेक्षा के अनुरूप अपरिवर्तित रखा। केंद्रीय बैंक ने मूल्य स्थिरता प्राप्त करते हुए वृद्धि पर सतर्क रहने की आवश्यकता के बीच अपने संचार में सफलतापूर्वक एक बढ़िया संतुलन बनाया। वृद्धि पूर्वानुमान को 60 आधार अंकों से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया, जबकि मुद्रास्फीति को 2024-25 के लिए 4.8 प्रतिशत तक संशोधित किया गया। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी वृद्धि औसतन 6.4 प्रतिशत रहेगी, तथा वर्ष की दूसरी छमाही में इसमें कुछ तेजी आएगी।



आज चंडीगढ़ ने एसबीआई ग्रीन मैराथन के माध्यम से स्थिरता और फिटनेस का एक प्रेरणादायक उत्सव देखा, जिसे रेडियो मिर्ची के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो न केवल अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि एक हरित भविष्य के लिए दौड़े। मनोरंजन पांडा, महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 'पुष्पा 2' की बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ कमाई




**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म के लिए धन उपलब्ध कराने वाले प्रोडक्शन बैनर 'मैत्री मूवी मेकर्स' ने सोशल मीडिया पर फिल्म के नवीनतम बॉक्स ऑफिस आंकड़े साझा करते हुए दावा किया कि 'पुष्पा 2' सबसे तेजी से इस आंकड़े को छूने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

### उधमपुर में पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गोली मारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक पुलिस वैन में रविवार सुबह 2 पुलिसकर्मी मृत पाए गए। उधमपुर पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 6.30 बजे काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े देखे गए। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आपसी रंजिश से जुड़ा मामला था। पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गोली मार दी। दोनों कश्मीर से सब्सिडियरी ट्रेनिंग सेंटर, तलवाड़ा, रियासी जा रहे थे। इस घटना में एक और पुलिसकर्मी घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### गुवाहाटी में 1.4 करोड़ की हेरोइन जब्त



**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने करीब 1.4 करोड़ रुपए की कीमत की हेरोइन जब्त की और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। असम पुलिस के अधिकारी प्रणवज्योति गोस्वामी ने एक बयान में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने बसिस्था थाना क्षेत्र के बालूघाट में छापेमारी की और एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 27 शीशियां, जिनमें 36.05 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल फोन, एक स्कूटर और कुछ नकदी जब्त की गईं। बेलटोला बाजार में एक घर की तलाशी ली और दो और मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया।

### दिल्ली में छत गिरने से लगी आग, छह झुलसे

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के नरेला में दो मंजिला मकान की छत गिरने के बाद लगी आग में एक परिवार के छह लोग झुलस गए। पुलिस ने बताया कि घटना शनि बाजार इलाके में सुबह करीब सात बजे उस समय हुई, जब परिवार के लोग कथित तौर पर खाना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आग लगने के कारण परिवार के सदस्य झुलस गए।

# चंडीगढ़ में मैकमा एक्सपो का आयोजन 13 दिसंबर से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत की सबसे उत्कृष्ट मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी मैकमा एक्सपो-2024 मशीन टूल्स प्रदर्शनी का आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में किया जा रहा है। यह एक्सपो उत्पाद प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा।

प्रेस क्लब चंडीगढ़ में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए करमजीत सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मैकमा एक्सपो मशीन टूल्स उद्योग और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के विकास में शीर्ष योगदानकर्ताओं का लक्ष्य रखता रहा है, जो अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी जो इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए खड़ी थी। इस अवसर पर उनके साथ चरण सिंह डायरेक्टर, फार्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लि., तरलोचन सिंह अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ लुधियाना मशीन टूल्स इंडस्ट्रीज, सुरेंदर गुप्ता अध्यक्ष, चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, अरुण गोयल, महासचिव, चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज भी उपस्थित रहे।

# एमसी चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्षदों की हई बैठक

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने रविवार को नगर निगम चंडीगढ़ के आगामी मेयर चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने तथा नगर निगम की वित्तीय स्थिति और शहर में विकास कार्यों पर इसके प्रभाव पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस पार्षदों की एक बैठक बुलाई। बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने अपने विचार रखे। लक्की ने कहा कि पार्टी जल्द ही महापौर चुनाव और नगर निगम की वित्तीय स्थिति सहित शहर के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर अपनी पार्टी कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करेगी।



# विधायक जीना ने किया 44.34 लाख रुपए से बने निर्माण कार्यों का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, उत्तराखंड**

अल्मोड़ाविकासखंड सल्ट के पीपना स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आज सामान्य मरम्मत कार्य का विधायक महेश जीना ने लोकार्पण किया। इस कार्य की कुल लागत 25.34 लाख रुपए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत पीपना के दीपा माई मंदिर के समतलीकरण और पत्थर बिछान कार्य का भी उन्होंने लोकार्पण किया। इस कार्य की कुल लागत 2 लाख रुपए हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक जीना को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से तुरंत टेलीफोनिक वार्ता कर उन्हें ग्रामीणों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया साथ ही आवश्यक कारवाई हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद ने पैसिया ग्रामसभा पहुंचकर वहां नवनिर्मित पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य 10 लाख रुपए की धनराशि से किया गया, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य 7 लाख की धनराशि से किया गया।



## देश-विदेश

# युद्ध विराम के बीच इसराइल के लेबनान पर हवाई हमले, 5 की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

**युद्ध** विराम की घोषणा के बावजूद इसराइल और लेबनान के बीच तनाव बरकरार है। इसराइल की ओर से हमले जारी हैं। दक्षिणी लेबनान के बिंट जेबिल जिले के बेत लिफ गांव पर इसराइली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दक्षिणी लेबनान के डेयर सिरियाने गांव में मोटरसाइकिल पर इसराइली हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा टीमों ने चार सीरियाई लोगों के शव बरामद किए हैं, जो 24 नवंबर को बेरूत के बस्ता स्थित एक आवासीय इमारत को निशाना बनाकर किए गए इसराइली हवाई हमले में मारे गए थे। शुक्रवार को भी इसराइली वायुसेना ने सीरिया-लेबनानी सीमा के पास हवाई हमले किए थे।



## श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना की तरफ से भारतीय मछुआरों को पकड़ने का सिलसिला जारी है। रविवार की सुबह आठ भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ और उनके पास से दो नावों को जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरे तमिलनाडु के रामनाथपुरम के रहने वाले हैं। मंडपम मछुआरा संघ के अनुसार, पकड़े गए मछुआरे मंडपम से समुद्र की तरफ गए थे। वे पाक खाड़ी के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। आज सुबह श्रीलंकाई नौसेना इस क्षेत्र में आई और मछुआरों के सीमा पार करने का दावा करने लगे। कल सात दिसंबर को रामनाथपुरम के मंडपम उत्तर तट से 324 नावों में मछुआरे पाक खाड़ी क्षेत्र में डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ रहे थे।

# केरल के जॉर्ज कूवाकाड रोमन कैथोलिक चर्च के कार्डिनल बने

## इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय, पीएम मोदी ने दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केरल** के जॉर्ज कूवाकाड रोमन कैथोलिक चर्च के कार्डिनल बने हैं। इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बने। वेटिकन में एक भव्य समारोह में पोप फ्रांसिस ने उन्हें प्रमोट करते हुए कार्डिनल बनाया। यह एक धार्मिक नियुक्ति है। कूवाकाड पहले भारतीय पादरी हैं जिन्हें सीधे इस पद पर नियुक्त किया गया है। सेंट पीटर्स बेसिलिका में आयोजित इस समारोह में दुनिया भर से पादरी शामिल हुए थे। कूवाकाड के साथ 21 और कार्डिनल्स को भी यह पद दिया गया है। कूवाकड की नियुक्ति के साथ ही भारतीय कार्डिनल्स की संख्या अब 6 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के जॉर्ज जैकब कूवाकाड को रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि जॉर्ज ने प्रभु ईसा मसीह के उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया है। उनके भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।



# यातना देने के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव बरी

**एजेंसी, पोरबंदर**

**गुजरात** के पोरबंदर की अदालत ने हिरासत में यातना देने मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है और कहा कि अभियोजन पक्ष 'आरोप को साबित नहीं कर सका'। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इससे पहले भट्ट को जामनगर में 1990 में हिरासत में हुई मौत के मामले में आजीवन कारावास और 1996 में पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए मादक पदार्थ रखने से जुड़े मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

# महाराष्ट्र में 105 विधायकों ने ली शपथ

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** में विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) के सदस्यों सहित 105 विधायकों ने रविवार को नवगठित विधानसभा में विधायक के रूप में शपथ ली।

विधायकों ने विशेष सत्र के दूसरे दिन शपथ ग्रहण की। विपक्षी दलों के विधायकों ने हाल ही में हुए राज्य चुनावों में ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया था। कांग्रेस नेता नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार व अमित देशमुख, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के नेता जितेंद्र अव्हाड और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे सहित कुछ विधायकों ने बाद शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली, जबकि नौ अनुपस्थित विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।



# भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत को मॉरीशस से 177.18 अरब अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर से 167.47 अरब अमेरिकी डॉलर और अमेरिका से 67.8 अरब अमेरिकी डॉलर मिले।




# यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए एक अरब डॉलर की मदद देगा अमेरिका : ऑस्टिन

**सिमी वैली।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की और सहायता दी जाएगी। माना जा रहा है ऐसा इसीलिए किया है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले माह पदभार संभालने से पहले बाइडन प्रशासन कीव को मजबूत करने के लिए कांग्रेस (संसद) द्वारा स्वीकृत पूरी धनराशि को खर्च करना चाहता है। नवीनतम राहत में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम' या एचआईएमएआरएस के लिए ड्रोन और गोला-बारूद मुहैया कराए जाएंगे। यूक्रेन को इन हथियारों की फिलहाल बहुत जरूरत है जिन्हें 'यूक्रेन सिक्योरिटी अस्सिटेंस इनिशिएटिव' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के जरिए जो हथियार मुहैया कराए जाते हैं वह यूक्रेनी सेना की भविष्य की क्षमता को बढ़ाने के लिए होते हैं न कि युद्ध के मौदान में तत्काल परिवर्तन लाने के लिए। अमेरिका की ओर से 98.8 करोड़ डॉलर का यह पैकेज गत सोमवार को घोषित 72.5 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता से अलग है। फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से अमेरिका यूक्रेन को 62 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता उपलब्ध करा चुका है।

# राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत

## पिकनिक के लिए जा रहे थे स्टूडेंट्स, परिजनों ने किया रोड जाम

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान के राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 बच्चों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स घायल हैं। पुलिस के अनुसार, बस में बच्चों, टीचर और ड्राइवर समेत 67 बच्चे सवार थे। हेडमास्टर और 16 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा। देसूरी नाल में सुबह 10:30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी। राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे। बच्चे पाली के परशुराम महादेव मंदिर दर्शन और पिकनिक के लिए जा रहे थे। वे सुबह 8 बजे स्कूल से निकले थे। पंजाब मोड़ घाटी में बस बेकाबू होकर पलट गई। वहीं, परिजनों ने दोपहर 1:15 बजे चारभुजा सीएचसी के बाहर चारभुजा-राजसमंद रोड को जाम कर दिया। हंगामा करने लगे। पुलिस ने उन्हें समझाया, लेकिन वे रोड से हटे नहीं हैं।



# 3 साल में देश में तेजी से घटेगी लॉजिस्टिक्स की लागत: गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले दो-तीन वर्षों में देश में लॉजिस्टिक्स लागत को एकल अंक तक लाना है, जो फिलहाल दोहरे अंक में है। उन्होंने कहा कि भारत में मौजूदा समय में लॉजिस्टिक्स लागत 14 से 16 प्रतिशत के बीच है। यह अगले दो से तीन वर्षों में घटकर 9 प्रतिशत हो जाएगी। इससे भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता में काफी सुधार होगा। सरकार ने लॉजिस्टिक्स सेक्टर की समास्याओं को दूर करने के लिए कई रणनीतिक नीतियां शुरू की हैं, जिसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) शामिल हैं। मुंबई में हुए एक इवेंट में केंद्रीय मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें हाइड्रोजन को एक भविष्य के ईंधन के तौर पर देखने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने हाइड्रोजन और सीएनजी के उत्पादन के लिए बायोमास और बायोडाइजेस्टर टेक्नोलॉजी की क्षमता के बारे में लोगों को अवगत कराया। भारत अगले 10 वर्षों में वैकल्पिक और जैव ईंधन के मामले में भी दुनिया का नेतृत्व करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज हारी भारतीय महिला टीम

## 371 रनों के सामने 249 रनों पर सिमटी भारतीय टीम

एजेंसी, ब्रिसबेन

जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाए जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की। फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई।

वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल ने अपनी पारी में 12 चौके लगाए जबकि पैरी ने छह छक्के और सात चौके जड़े।

वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा (59 और प्रिया मिश्रा को एक-एक सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मैच में कभी मजबूत स्थिति में नहीं दिखी। पारी का आगाज करने उतरी रिचा घोष ने 72 गेंद में 54 रन बनाए। स्मृति मंधाना (9) और हरलीन देयोल (12) के सस्ते में आउट होने से टीम 11 ओवर में दो विकेट पर 45 रन ही बना सकी।

रिचा और हरमनप्रीत (38) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 69 गेंद में 66 रन की साझेदारी के साथ मैच में भारत की वापसी की कोशिश की लेकिन अलाना किंग ने रिचा को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। कुछ ओवरों के बाद हरमनप्रीत को मेगन शट ने आउट किया, जबकि दीप्ति शर्मा एशले गार्डनर का शिकार बनीं।

हरमनप्रीत की तरह जेमिमा रोड्रिग्स (43) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही। उन्हें सोफी मोलिनू ने चलता किया। मिन्नू मनी ने आखिरी ओवरों में 45 गेंद में नाबाद 46 रन बनाए, लेकिन उनका यह योगदान टीम की हार के अंतर को ही कम कर पाया। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था। सीरीज आखिरी मुकाबला बुधवार को होगा।




**122** रनों से भारत को मिली हार

**42** छक्के वनडे में लगा चुकी हैं एलिसे पैरी, मेग लैनिंग (40) को पीछे छोड़ा

# अंडर-19 : एशियाई खिताब से चूकी भारतीय 'युवा ब्रिगेड'

एजेंसी, दुबई

गत चैंपियन बांग्लादेश ने रविवार को यहां भारत को 59 रनों से हराकर अंडर-19 पुरुष एशिया कप खिताब बरकरार रखा।

आठ खिताबों के साथ टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम भारत ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद बांग्लादेश को 49.1 ओवर में 198 रन पर आउट कर दिया।

युद्धजीत गुहा, चेतन शर्मा और स्पिनर हार्दिक राज ने भारत के लिए दो-दो विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाज हालांकि बांग्लादेश के शानदार गेंदबाजी आ, मण डटकर सामना करने में विफल रहे। पूरी टीम 35.2 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। कप्तान मोहम्मद अमान (26) भारत के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। बांग्लादेश के लिए मध्यम तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन इमोन ने 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि अजिजुल हकीम ने आठ रन देकर आखिरी के तीन विकेट झटके।



भारतीय खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेश के क्रिकेटर।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बैडमिंटन : तनीषा-अश्विनी ने गुवाहाटी मास्टर्स में खिताब बरकरार रखा



**गुवाहाटी।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने फाइनल में चीन की ली हुआ झोउ और वांग जी मेंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना खिताब बरकरार रखा। पेरिस ओलंपिक में भी भाग लेने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 43 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में ली और वांग को 21-18, 21-12 से हराया।

### न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर इंग्लैंड ने अजेय बढ़त बनाई

**वेलिंगटन।** इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन की शुरुआत में आधे घंटे बल्लेबाजी की जिस दौरान दिग्गज जो रूट (106) ने अपने करियर का 36वां टेस्ट शतक पूरा किया। पहली पारी में 155 रन बढ़त लेने वाली टीम ने 6 विकेट पर 427 रन पर पारी घोषित कर न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का लक्ष्य दिया। जीत के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (115) की शतकीय पारी के बावजूद 259 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच आठ विकेट से जीता था।

### प्लेऑफ में लिरेन का पलड़ा भारी : तानिया

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव का मानना है कि डी गुकेश के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप का मुकाबला अगर प्लेऑफ में खिंचता है तो ज्यादा अनुभवी के कारण गत चैंपियन डिंग लिरेन का पलड़ा भारी होगा।



### आईपीएल में नहीं बिकने वाले खिलाड़ियों पर है पीएसएल की नजरें

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के फ्रेंचाइजी मालिकों ने अपने देश के क्रिकेट बोर्ड को उन विदेशी खिलाड़ियों की सूची सौंपी है,जो हाल में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में नहीं बिक पाए थे। फ्रेंचाइजी चाहती हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आगामी नीलामी के लिए इन खिलाड़ियों को अपने ड्राफ्ट में शामिल करे। अगले साल होने वाले आईपीएल और पीएसएल के कार्यक्रम में पहली बार टकराव होने की संभावना है। अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों की पहली पसंद आईपीएल है और ऐसे में पीएसएल के पास उन खिलाड़ियों को चुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता जो भारतीय लीग में जगह नहीं बना पाए। आईपीएल नीलामी में कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं बिक पाए थे। इन खिलाड़ियों में डेविड वार्नर, केन विलियम्सन, आदिल राशिद, एलेक्स केरी, केशव महाराज, शाई होप, डोनोवन फेरारा, डेरिल मिशेल, जॉनी बेयरस्टो, अकील हुसैन आदि शामिल हैं।

**दिन-रात्रि टेस्ट** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से दी मात

# टीम इंडिया ने एडिलेड में टेके घुटने

एजेंसी, एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को भारत पर 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा।

भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतिश कुमार रेड्डी (42) ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचा। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की।

भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टॉर्क ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके। पर्थ में 295 रन की आसान जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी इकाई इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल 81 ओवर भी नहीं खेल पायी। टेस्ट मैच में एक दिन में आधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया।




**05** विकेट 57 रन देकर झटके पैट कमिंस ने

### हार पर बोले रोहित-बुमराह दोनों छोर से गेंदबाजी नहीं कर सकते

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ मैच को गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान है और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं। रोहित ने कहा, '' जसप्रीत बुमराह अकेले जिम्मेदारी नहीं ले सकते। आप उससे दोनों छोर से गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं कर सकते। अन्य गेंदबाजों को भी आगे आकर जिम्मेदारी साझा करने की जरूरत है।''





**प्लेयर ऑफ द मैच**

140 रनों की पारी खेलने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हैड

### स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारत (पहली पारी)** | 180/10 | | |
| **ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी)** | 337/10 | | |
| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जायसवाल क. कैरी ब. बोलैंड | 24 | 31 | 4/0 |
| राहुल क. कैरी ब. कमिंस | 07 | 10 | 1/0 |
| गिल ब. स्टॉर्क | 28 | 30 | 3/0 |
| कोहली क. कैरी ब. बोलैंड | 11 | 21 | 1/0 |
| पंत क. स्मिथ ब. स्टॉर्क | 28 | 31 | 5/0 |
| रोहित ब. कमिंस | 06 | 15 | 1/0 |
| नीतिश क. मैकस्वीनी ब. कमिंस | 42 | 47 | 6/1 |
| अश्विन क. कैरी ब. कमिंस | 07 | 14 | 0/0 |
| हर्षित क. ख्वाजा ब. कमिंस | 00 | 12 | 0/0 |
| बुमराह (नाबाद) | 02 | 05 | 0/0 |
| सिराज क. हैड ब. बोलैंड | 07 | 08 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 13 | | |
| **कुल : (36.5 ओवर)** | **175/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-12, 2-42, 3-66, 4-86, 5-105, 6-128, 7-148, 8-153, 9-166, 10-175., **गेंदबाजी :** स्टॉर्क 14-1-60-2, कमिंस 14-0-57-5, बोलैंड 8.5-0-51-3.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| मैकस्वीनी (नाबाद) | 10 | 12 | 2/0 |
| ख्वाजा (नाबाद) | 09 | 08 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 00 | | |
| **कुल :** (3.2 ओवर) | 19/0 | | |

**गेंदबाजी :** बुमराह 1-0-2-0, सिराज 1.2-0-9-0, नीतिश 1-0-8-0.

# मार्शल आर्ट में रिकांगपिओ की छात्राओं का जलवा

अनिल नेगी, किन्नौर

उइप स्कूल रिकांगपियो के 4 छात्राओं ने जयपुर में आयोजित मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसमें हर्षिता पांगटू, जानवी चांकुम, अर्पिता प्रनेस, निमिका खत्री शामिल है। इन छात्राओं ने हाल ही में शिमला जिले के रोहडु में आयोजित राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को दिखाकर राष्ट्रीय सतर के लिए अपना स्थान पक्का किया था।

उड़ान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा नेगी ने बताया कि छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है और निकट भविष्य में इसी प्रकार के गतिविधियों की अन्य छात्र छात्राओं को भी तैयारियां करवाई जाएगी, ताकि स्कूली बच्चे नशे से दूर रहकर खेलो की ओर आकर्षित हो सके। वहीं स्कूल की चेयरपर्सन डोलमा ब्राइस ने सभी छात्राओं व उनके परिजनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। (अनंत ज्ञान)



# राष्ट्रीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता के ट्रायल में उतरे आठ जिलों के 80 खिलाड़ी

अनंत ज्ञान, भोरंज

28 दिसंबर से पहली जनवरी 2025 को उत्तराखंड राज्य के रूद्रपुर ने होने वाली 29वीं राष्ट्रीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल स्कूल के खेल मैदान में खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया जिसमें हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, ऊना, सोलन, शिमला, कुल्लू व कांगडा जिले के 80 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बीआर सुमन ने बताया कि ट्रॉयल में खिलाड़ियों की खेल भावना का प्रमुखता से देखा गया है।

ट्रॉयल में 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप दधोल स्कूल में 20 दिसंबर से 27 दिसंबर तक लगेगा। प्रशिक्षण शिविर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से 7 लड़के व 7 लड़कियां को हिमाचल प्रदेश की टीम में चयन किया जाएगा।



# गुकेश ने 11वीं बाजी जीतकर बनाई बढ़त

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और रविवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर एक अंक की बढ़त बना ली। क्लासिकल प्रारूप में खेली जा रही इस 14 दौर की प्रतियोगिता में अब केवल तीन बाजियां खेली जानी बाकी हैं। भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से छह अंक हो गए हैं जबकि चीन के खिलाड़ी के पांच अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा, वह विश्व चैंपियनशिप का विजेता बन जाएगा। इस तरह से यह जीत 18 वर्षीय गुकेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। गुकेश और लिरेन दोनों पर समय का दबाव था। चीन के खिलाड़ी ने इस दबाव में गलतियां की जिसका फायदा उठाकर गुकेश ने प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।



**इंग्लिश प्रीमियर लीग** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-2 से हराकर किया उलटफेर

# क्रिस्टल ने मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर रोका

एजेंसी, लंदन

क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया, जिससे चार बार की गत चैंपियन के लिए खिताब का बचाव करना मुश्किल होगा। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर सात मैचों के बाद पहली जीत दर्ज की थी, लेकिन इस ड्रॉ मुकाबले के साथ उसे अंक साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी की टीम मैच में दो बार पिछड़ रही थी लेकिन एर्लिंग हालैंड और रिको लुइस के गोल से टीम वापसी करने में सफल रही। क्रिस्टल पैलेस के लिए डेनियल मुनोज और मेक्सेंस लेकरोइक्स ने गोल किए। इस ड्रॉ मैच के बाद पेप गार्डियोला की टीम तालिका में चौथे स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से आठ अंक पीछे हैं। एस्टोन विला ने अंतिम स्थान पर मौजूद साउथेम्प्टन को 1-0 से हराया जबकि ब्रेंटफोर्ड ने न्यूकैसल के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की।मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ फॉरेस्ट ने दूसरे मिनट में निकोला मिलेनकोविच के हेडर से बढ़त बनाई लेकिन रासमस होजलुंड ने यूनाइटेड के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। मार्गन गिब्स व्हाइट और क्रिस वुड ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंदर दो गोल कर फॉरेस्ट को 3-1 से आगे कर दिया। ब्रूनो फर्नांडिस ने 61वें मिनट में गोल कर घरेलू टीम की वापसी कराई, लेकिन यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

### स्कोर कार्ड

| क्रिस्टल | | सिटी |
|---|---|---|
| 12 | शॉट | 12 |
| 03 | लक्ष्य पर शॉट | 04 |
| 31% | नियंत्रण | 69% |
| 333 | पास | 719 |
| 04 | फाऊल | 10 |
| 01 | येलो कॉर्ड | 00 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 03 | ऑफ साइड | 02 |
| 06 | कार्नर | 08 |




गोल करने के बाद खुशी मनाते मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ी।